रांची
रविवार
25.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
खुशी का एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा खुल जाता है, लेकिन अक्सर हम बंद दरवाजे को इतनी देर तक घूरते रहते हैं कि हमें दिखाई नहीं देता कि हमारे लिए क्या खोला गया है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-232 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50




## कल से दुर्गोत्सव, तैयारी में जुटी राजधानी

**आज** महालया है। मान्यता के अनुसार इसी दिन मां दुर्गा कैलाश पर्वत से धरती पर आगमन करती हैं और अगले 10 दिनों तक यहीं रहती हैं। बंग समुदाय में महालया का विशेष महत्व होता है। लोग साल भर इस दिन की प्रतीक्षा करते हैं। महालया के साथ ही पितृपक्ष का समापन हो जाता है। वहीं, सोमवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है। नवरात्र में मां दुर्गा के सभी रुपों का विशेष महत्व होता है। महालय के बाद ही मां की मूर्तियों को अंतिम रुप दिया जाता है और वह पूजा पंडालों की शोभा बढ़ातीं हैं।

# रांची में होगा अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का निर्माण

### सीएम ने कहा – ज्ञानवर्धक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के बीच शनिवार को एमओयू सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अध्यक्ष-सह-आईटी कंपनी विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के निर्माण से हजारों युवाओं को अपना भविष्य संवारने के लिए कई अवसर मिलेंगे। यूनिवर्सिटी शीघ्र मूर्तरूप ले इसके लिये सरकार पूरा सहयोग करेगी।

**विश्वविद्यालय राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज राज्य सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के आपसी समन्वय और सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नयी शुरुआत हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जैसे अनुभवी

**विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एमओयू**




संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना होने से न सिर्फ राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर उठेगा बल्कि राज्य के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना राज्य के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित झारखंड के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशक सूरज कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अभय कुमार सिन्हा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड के लोगों के विकास एवं उत्थान के लिए समर्पित

**इस** अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अध्यक्ष-सह-आईटी कंपनी विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी ने कहा कि मैं झारखंड के लोगों के विकास एवं उत्थान के लिए पूर्ण रुप से समर्पित होकर कार्य करना चाहता हूं। श्री प्रेमजी ने कहा कि फाउंडेशन झारखंड में सिर्फ विश्वविद्यालय की स्थापना, शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार के साथ-साथ कई विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की पहचान एक परोपकारी संस्थान के रूप में है। झारखंड में हर वर्ग के उत्थान के लिए हमारी संस्था प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। हमारी संस्था यहां प्रोजेक्ट मोड में नहीं बल्कि लॉन्ग टर्म मोड के लिए काम कर रही है। राज्य में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो इस निमित्त योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन राज्य के सर्वांगीण विकास के ध्येय से कार्य करेगी।

## जतरा पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सीएम आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दो दिवसीय जतरा के दौरान 12 अक्टूबर 2022 की पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा मुड़मा (मेला) 2022 आयोजन के लिए राज्य सरकार से वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराये जाने का भी निवेदन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दीं। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, धर्मगुरु तथा राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव, सचिव रंथू उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में हुआ मॉक ड्रिल

**रांची।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच नौ अक्टूबर को होनेवाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के मद्देनजर झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ता द्वारा जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया गया। इस अभ्यास में काल्पनिक रूप से बंधक बनाये हुए व्यक्तियों को एटीएस की अत्याधुनिक हथियारों से लैस हिट टीम द्वारा कौशल का प्रदर्शन करते हुए रिहा कराया गया। अभ्यास के दौरान जरूरी उपकरणों, अग्निशमन गाड़ी, एंबुलेंस की जरूरी तैनाती की गयी थी। पूरे अभ्यास के दौरान ड्रोन कैमरा के साथ वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी गयी।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का दावा

# राज्य के सभी 14 लोस सीटों पर जीत हासिल करेगी पार्टी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दावा किया है कि आगामी 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव में पार्टी सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में चल रहे

**▸▸ भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक एकजुट तथा मजबूत**

प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि बीजेपी झारखंड में संगठनात्मक रूप से काफी मजबूत है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि उनका पांच दिनों का झारखंड दौरा संगठन के नेताओं से परिचयात्मक रहा। इस दौरान उन्होंने देवघर, दुमका, धनबाद, बोकारो और प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रदेश में नेताओं के गुटबाजी को लेकर लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि दूसरों को जरूर गुटबाजी दिख रहा होगा, लेकिन बीजेपी के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूत रहते हैं तथा भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ काम करते हैं।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में हुए शामिल, बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**भाजपा** के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कोकर मंडल में भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान वृक्षारोपण भी हुआ। मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कोकर मंडल में जल संरक्षण हेतु कैच द रेन अभियान में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने नागरिकों से संपर्क कर उनके बीच प्रधानमंत्री आवाह्न पत्रक का वितरण किया।



### चाइल्ड पॉर्नोग्राफी पर सीबीआई का ऑपरेशन मेघचक्र

# 21 राज्यों के 59 ठिकानों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री प्रसारित करने के दो मामलों में सीबीआई ने 21 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के 59 ठिकानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने इसके बारे में जानकारी दी। सीबीआई ने ऑपरेशन मेघचक्र के तहत बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री (सीएसएएम) के ऑनलाइन प्रसार से जुड़े दो मामलों में शनिवार को 21 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेश में 59 ठिकानों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना और पिछले साल के ऑपरेशन कार्बन के दौरान प्राप्त खुफिया जानकारी पर आधारित है।




छापेमारी अभियान क्लाउड स्टोरेज सेवाओं पर लक्षित है, जिसका इस्तेमाल अपराधी बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो-विजुअल प्रसारित करने के लिए करते हैं। इसी के चलते इस अभियान को ऑपरेशन मेघ चक्र नाम दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने देशभर में सीएसएएम प्रसारित करने वाले अपराधियों के खिलाफ छापे मारे हैं।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले -

# भारत में नहीं हो सकता कोई हिटलर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भारत की राष्ट्रवाद की संकल्पना वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है और यह किसी दूसरे देश के लिए खतरा पैदा नहीं करता। उन्होंने आगे कहा कि इसीलिए यहां कोई हिटलर नहीं हो सकता है। वह संकल्प फाउंडेशन और पूर्व सिविल सेवा अधिकारी मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रवाद दूसरों के लिए



कोई खतरा पैदा नहीं करता...यह हमारा स्वभाव नहीं है। हमारा राष्ट्रवाद कहता है कि दुनिया एक परिवार है (वसुधैव कुटुम्बकम) और दुनिया भर के लोगों के बीच इस भावना को आगे बढ़ाता है... इसलिए, भारत में हिटलर नहीं हो सकता है और अगर कोई होगा तो देश के लोग उसे उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व बाजार की बात तो सब लोग करते हैं, केवल भारत ही है जो वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है। केवल इतना ही नहीं, विश्व को कुटुंब बनाने के लिए हम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**बोले संघ प्रमुख -**

**▸▸ हमारे राष्ट्रवाद से दूसरे देश के लिए खतरा नहीं**

**▸▸ यह भूमि भोजन-पानी के साथ मूल्य भी देती है इसलिए इसे कहते हैं भारत माता**

## वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा का आकस्मिक निधन, मुख्यमंत्री हेमंत ने जताया शोक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने शोक प्रकट करते हुए कहा है कि अमित मिश्रा का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अमित मिश्रा एक सुलझे हुए अनुभवी पत्रकार थे। उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी वरीय पत्रकार अमित मिश्रा के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जतायी है। श्री प्रसाद ने शोक जताते हुए कहा है कि अमित मिश्रा पत्रकारिता जगत के एक मजबूत स्तंभ थे। उनके आकस्मिक निधन की खबर से मन व्यथित है। ईश्वर उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### बिहार में सीएम फेस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ की स्थिति, बोले –

# एनडीए में अब नीतीश कुमार की वापसी संभव नहीं

**किशनगंज (एजेंसी)।** सीमांचल दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया है कि अब वे बिहार में नीतीश कुमार के साथ नहीं आयेंगे। बीजेपी अपने दम पर 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह ने बिहार में सीएम फेस को लेकर भी स्थिति साफ की। किशनगंज में बीजेपी की बैठक में उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि अब एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी के लिए कोई जगह नहीं है। बीजेपी का एकमात्र उद्देश्य 2025 के विधानसभा चुनावों के दौरान पूर्ण बहुमत हासिल करना है। अमित शाह ने किशनगंज में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक ली। इसमें स्थानीय सांसद, विधायक और विधान पार्षद समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक में शाह ने कहा कि नीतीश के विश्वासघात पर काबू पाने का एकमात्र उपाय यह है कि बीजेपी आगामी चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करे। अगर हम 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हमें 2025 के विधानसभा चुनाव में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। शाह ने स्पष्ट किया कि बिहार में पूर्ण बहुमत हासिल करना बीजेपी के लिए चुनौती से भरा काम है। मगर समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए हमें राज्य में 72 हजार से ज्यादा बूथों पर संगठन को मजबूत करना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने पर कोई विचार नहीं : शाह

**पत्रकारों** से बातचीत के दौरान अमित शाह ने कहा कि सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने पर कोई बातचीत नहीं हुई है। सीमांचल बिहार का हिस्सा है और बिहार में रहेगा। सभी की रक्षा की जायेगी। किसी को भी किसी भी तरह से असुरक्षित महसूस करने की जरूरत नहीं है।

# 2022 के अंत तक पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकती है आर्थिक मंदी

### 2008 के आर्थिक मंदी की सटीक भविष्यवाणी करनेवाले अर्थशास्त्री नूरील ने चेताया- आनेवाला है मंदी का सबसे भयावह दौर

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2008 के आर्थिक संकट की सटीक भविष्यवाणी करनेवाले अर्थशास्त्री नूरील रूबिनी ने एक साक्षात्कार में चेताया है कि 2022 के अंत से मंदी का सबसे लंबा, बुरा, खराब, भयावह दौर शुरू होनेवाला है, जो 2023 के अंत तक चलेगा। मालूम हो कि 2008 की मंदी में विश्व भर के शेयर बाजार क्रैश हो गये थे, बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने लगी थीं। नूरील रूबिनी का मानना है कि अमेरिका और वैश्विक स्तर पर मंदी की शुरुआत इस साल के अंत में होगी, जो 2023 के आखिर तक चल सकती है। यह एक लंबा वक्त होगा, इस दौरान दुनियाभर की आर्थिकी में भयावह तबाही, बर्बादी देखने को मिल सकती है।

**▸▸ यह कम से कम 2023 के अंत तक चलेगी**

**अमेरिकी शेयर बाजार स्टैंडर्ड एंड पुअर 40 प्रतिशत गिरेगा :** रूबिनी ने अमेरिकी शेयर बाजार के अहम सूचकांक- स्टैंडर्ड एंड पुअर्स 500 में बड़ी गिरावट की आशंका जतायी है। एक इंटरव्यू के दौरान नूरील रूबिनी ने कहा कि एसएंडपी 500 में 30 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। ये गिरावट तेज रही तो इंडेक्स को 40 प्रतिशत तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है।



**अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व के पास विकल्प की कमी :** महंगाई पर लगाम करने के लिए फेड रिजर्व की ओर से लगातार ब्याज दरें बढ़ायी जा रही हैं। इस पर नूरील रूबिनी ने कहा कि ऐसा लगता है फेड रिजर्व के बाद दूसरा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना हार्ड लैंडिंग के दो प्रतिशत मुद्रास्फीति दर प्राप्त करना फेडरल रिजर्व के लिए मिशन असंभव लगता है। रूबिनी को उम्मीद है कि फेड रिजर्व नवम्बर और दिसम्बर में लगातार ब्याज दरों में 50 बेसिस प्वाइंट तक की बढ़ोतरी करनेवाला ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### रूबिनी का निवेशकों को सलाह

**रूबिनी** ने निवेशकों को सलाह दी है कि आपको इक्विटी पर अब ढील देने की जरूरत है। आपके पास अधिक नकदी होनी चाहिए। वह लंबी अवधि के बॉन्ड से दूर रहने और शॉर्ट टर्म ट्रेजरी जैसे इन्फ्लेशन इंडेक्स बॉन्ड में निवेश की सलाह दे रहे हैं।

# व्हाट्स एप्प, स्काइप, जूम, टेलिग्राम, गूगल डुओ जैसे एप्प पर कॉलिंग के लिए लगेंगे पैसे

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अब व्हाट्स एप्प, स्काइप, जूम, टेलिग्राम, गूगल डुओ जैसे एप्प पर भी बातचीत करने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। इसके मद्देजर केंद्र सरकार ने इंडियन टेलिकम्यूनिकेशन बिल 2022 ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। यह लागू होने पर वीडियो कॉल करने पर भी दाम देना पड़ेगा। नये ड्राफ्ट में, व्हाट्स एप्प, जूम और गूगल डुओ को टेलीकॉम लाइसेंस के दायरे में लाने का प्रस्ताव किया है। बिल का ड्राफ्ट सभी के लिए टेलीकॉम डिपार्टमेंट की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके साथ ही विभाग ने बिल पर इंडस्ट्री के सुझाव भी मांगे हैं। यदि बिल पास होता है, तो दूरसंचार विभाग इसके हिसाब से चलेगा। इस ड्राफ्ट में है कि व्हाट्स एप्प, स्काइप, जूम, टेलिग्राम, गूगल डुओ जैसे कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप्स को अब लाइसेंस लेना होगा। इन्हें भारत में कामकाज करने लिए अब टेलीकॉम कंपनियों की तरह ही लाइसेंस लेने की जरूरत होगी। वहीं, ओटीटी प्लेटफॉर्म को भी नये टेलीकम्युनिकेशन बिल में शामिल किया गया है। हालांकि, सरकार ने उन प्रेस मैसेजों को छूट देने का प्रस्ताव दिया है, जो केंद्र या राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त संवाददाताओं के भारत में प्रकाशित होने के लिए लक्षित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**▸▸ इन कंपनी को भारत में कामकाज करने के लिए अब टेलीकॉम कंपनियों की तरह ही लाइसेंस लेने की होगी जरूरत**

## न्यूज गैलरी

### एसएससी प्रश्न लीक मामले में सरगना के एक सदस्य को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नामकुम। नामकुम पुलिस ने एसएससी (झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग) में डिप्लोमा स्तर की परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले में पटना के कंकड़बाग से सरगना के सदस्यों अभिषेक कुमार, पिता चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार कर थाने लाकर पुछताछ करने के पश्चात जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रश्न पत्र का टेंउर डीनीस कंपनी को दिया गया था। कंपनी के लोगों की मिली भगत से ही आरोपियों द्वारा प्रश्न पत्र को वायरल किया गया था। इस संबंध में थानेदार सुनील तिवारी ने बताया कि प्रश्न लीक मामले में लिखित आवेदन मिलने बाद इस मामले गंभीरता से लेते हुए पूर्व में भी आरोपियों रंजीत कुमार और दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज चूकि हैं। प्रश्न लीक मामले में कई लोग पकड़ में जल्द ही गिरोह के सभी सदस्यों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई है। जिसमें एसआई अनिमेश शांतिकारी व एसआई रणजीत कुमार शामिल है। गिरोह का जांच कर रही है।

**आरोपी के पास किया जब्त तीन मोबाइल** : ब्लू रंग सैमसंग कंपनी का स्मार्टफोन गैलेक्सी ए03, ग्रे रंग का समसंग गैलेक्सी एस20 व एमआई कंपनी रेडमी 5 मोबाईल फोन को बरामद किया है।

### बच्ची न्याय व माता-पिता को सुरक्षा दिलाने के लिए थाना में दिया गया आवेदन



नामकुम। सिदरौल पंचायत के प्लांडू में कुछ दिन पूर्व 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसे घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त बच्ची के न्याय व दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर शनिवार को नामकुम उप प्रमुख बिना कुमारी के नेत्त्व में मुखिया लक्ष्मी कुमारी व पूर्व जिप सदस्य फूलकुमारी परिजनों के साथ डीएसपी मुख्यालय प्रथम के नीरज कुमार व थानेदार सुनील तिवारी से मुलाकात कर लिखित आवेदन देकर आरोपी को कड़ी-कड़ी दिलाने व माता-पिता को सुरक्षा दिलाने की मांग की। इस मौके पर सावित्री देवी, सरिता देवी,गौरी देवी,बीणा देवी,मोहरी देवी,रशमी देवी,संगीती देवी सहित अन्य महिला मौजूद थी।

### एक व्यक्ति के कमर में रॉड घुस जाने के कारण करीब साढ़े 3 घंटे तक गेट में ही लटका रहा

रांची। रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के कमर में रॉड घुस जाने के कारण करीब साढ़े 3 घंटे तक गेट में ही फंस कर लटका रहा। उसकी चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग व पीसीआर की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत से व्यक्ति को गेट के बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति की पत्नी यश अपार्टमेंट में काम करती है। फिलहाल घर में किसी के न होने के कारण वो रात में यही रुक गई। जिस कारण उसका पति उससे मिलने को लेकर करीब साढ़े तीन बजे अपार्टमेंट के गेट पर पहुंचा। लेकिन गेट बंद था। इस वजह से वह गेट को फांद कर भीतर जाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान गेट के उपर लगा रॉड उनके कमर के पास घुसकर फंस गया। इससे वह दर्द से चिखने लगा। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोग वहां पहुंचे। मगर उसे निकल पाने में असमर्थ रहे। जिसके बाद मौके पर पहुंची पीसीआर 16 को बुलाया गया। उसकी मदद से स्थानीय लोगों ने उसे निकाला।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

रांची। भारतीय विमानपतन प्राधिकरण की कल्याणमयी संस्था की ओर से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय कारा में बंद महिला बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही कई मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करने की सलाह भी दी गई। साथ ही बंदियों के बीच दवा का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेवानिवृत आईएएस सुचित्रा सिन्हा और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुरोध पर शिविर लगाया गया था। शिविर में एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल, संस्था की अध्यक्ष रिचा अग्रवाल के अलावा केंद्रीय कारा अधीक्षक हमीद अख्तर, जेलर मो नसीम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम : वर्ष 2027 तक भारत के पांच करोड़ अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पासवा ने प्रधानमंत्री के सपनें एवं रोटरी इण्डिया के संकल्प को साकार करने हेतु देश के 17 राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पाँच करोड़ अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला कोलकाता में आयोजित किया गया। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन एवं रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के संयुक्त तत्वधान में ईच वन टीच वन के तथ्य पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन विधिवत रूप से कोलकाता स्थित कलेरिडेल होटल में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन संयुक्त रुप से रोटरी वर्ल्ड प्रेसिडेंट 2021-22 रोटेरियन शेखर मेहता,प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद,रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के चेयरमैन,कमल सानगवी, आरआईएलएम के अध्यक्ष रमेशचंद्र एवं झारखण्ड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के वर्ल्ड प्रेसिडेंट 2021-22 रोटेरियन शेखर मेहता ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम- नवभारत सीख कार्यक्रम 2022-27 की अवधारणा पर आधारित है जिसके अंतर्गत भारत के अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने का बीड़ा संयुक्त रूप से रोटरी एवं एसोसिएशन ने उठाया है और वर्ष 2027 तक भारत के पांच करोड़ अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया भारत के कई ऐसे राज्य हैं जहां वयस्कों कि शिक्षा का दर और स्तर बहुत नीचे एवं शून्य है इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के पहले चरण में उन राज्यों को चयनित किया गया था जहां अशिक्षा का दर अधिक पाया गया है। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सैयद शमायल अहमद ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह अश्वस्त कराया कि एसोसिएशन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस सपने को पूरा करने एवं रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के संकल्प को पूरा करने हेतु अपनी क्षमताओं के बल पर संपूर्ण भारत के अंतर्गत एसोसिएशन से जुड़े 2 लाख प्राइवेट स्कूलों, करोड़ों छात्रों, शिक्षकों एवं राज्य अध्यक्षों की मदद से 2027 के भीतर 5 करोड़ वयस्कों को शिक्षित कर भारत को विश्व मानचित्र के शिखर पर अवश्य पहुंचाएगी।

## पुलिस चेकिंग के दौरान एयर गन आरोपी पकड़ाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**नामकुम।** नामकुम थाना पुलिस प्रतिनिदिन की तरह देर रात 12 बजे शनि मन्दिर के समीप चेकिंग के क्रम में ओला गाड़ी जेएच01सीपी 7071 दो व्यक्ति सवार थे। चेकिंग कर थानेदार सुनील तिवारी ने दोनों पुछताछ के क्रम में एयर गन (मशीन गन) मिला। आरोपी टाटीसिलवे जैप-2 साकेत नगर निवासी आर्यन कुमार (21) व चालक टाटीसिलवे के आर्दशन नगर निवासी मनोज कुमार (40) को पकड़ थाने ले आई इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## लंपी वायरस को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**नामकुम।** शानिवार को पशुपालन विभाग की ओर से लंपी वायरस की रोकथाम को लेकर प्रखण्ड के बन्दुआ और डुडुरदाग में पशुओं का टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान पशुपालको को लंपी वायरस की रोकथाम को लेकर जागरूक भी किया गया। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अमरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव के नेतृत्व में डॉ दिव्या बारला सहित अन्य ने घूमघूम कर पशुओं का टीकाकरण किया और दो संदिग्ध पशुओं का ब्लड सैंपल और सीरम लिया। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि पशुओं के ब्लड सैंपल और सीरम को जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा।

## दुर्गापूजा को लेकर पंडाल की तैयारियां जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली, मुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर चल रही है। पूजा समिति द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। बंगाल से आये कारीगर पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। वहीं मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगें हुए हैं। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक के संजय कुमार भगत, जितेंद्र प्रसाद साव एवं सार्वजनिक दुर्गोउत्सव समिति राधिका मैदान के नटवर शर्मा एवं शशि सोनार ने पूजा की तैयारी के संबंध में बताते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण महामारी के दो वर्ष बाद इस वर्ष क्षेत्र में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा समिति के लोग इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं के लिए पूजा पंडाल में प्रवेश, दर्शन, रौशनी आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। इधर, लगाम, बड़ा मुरी, छोटा मुरी, रेलवे कॉलोनी, हिंडालको कॉलोनी आदि जगहों पर दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर चल रही है।

## झारखंड योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप शुरू

**रांची ।** झारखंड योग संघ के द्वारा रांची जिला योग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 22 वी झारखंड योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप शनिवार से पोद्दार भवन चुटिया में शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि फतेह चंद अग्रवाल एवं अतिथि कमल अग्रवाल एसएन भट्ट, बीबी रॉय, डॉ आसित आइच, नंदकिशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया किया। आयोजन सचिव पंकज प्रसाद ने आगंतुकों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 19 जिला एवं 6 संस्थान के लगभग 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का गठन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में योग प्रतिभागी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उद्घाटन के मौके पर झारखंड योग संघ के सचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष अमरेंद्र विकल, रजनी बक्शी सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## खतियान आधारित नियोजन नीति पारित होने पर रातू में निकला भव्य आभार यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रातू।** राज्य कैबिनेट की ओर से 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति की घोषणा के बाद शनिवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य व सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उराँव के नेतृत्व में रातू में भव्य तरीके से आभार यात्रा निकाली गई। टेंडर बगीचा में विभिन्न समितियो के हजारो लोगो का जुटान हुआ। इसके उपरांत पारंपरिक भेष भूषा व ढोल नगाड़े के साथ जुलूस काठीटांड चोंक होते हुये रातू चट्टी पहुंची। वहाँ से पुनः जुलूस टेंडर पहुंची। इस बीच मांदर की थाप पर युवक युवतियां खूब थिरके। काठी टांड में सभा का आयोजन किया गया । सभा को अमर, उराँव, कमरुल हक, रवि तिग्गा, सुमन मिश्रा, संजीत गोप, महावीर विश्वकर्मा,नारायण उरांव, शिवा कच्छप के अलावा दर्जनो लोगो ने संबोधित किया। वक्ताओं ने सरकार के निर्णय की सराहना करते हेमन्त सोरेन जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। रातू चट्टी में पृथ्वीनाथ शाहदेव, अरविंद पांडेय, अब्दुल गफ्फार, अनिल महतो आदि लोगो ने माला पहनाकर जुलूस का स्वागत किया। लोगो के बीच मिठाइयां भी बांटी गयी। कार्यक्रम में कुशल उरांव, मकसूदन तिग्गा, इमरान खान, मियांजान अंसारी,अफताब आलम, मदन उराँव, सुखदेव उरांव, महफूज आलम, ज्योति देवी, रीता भगत, नीलम तिर्की, सगीर अंसारी, सविता तिर्की, संजय उरांव,बेलाल अंसारी, रेयाजुल अंसारी, असलम अंसारी आदि लोग शामिल थे।

## संवेदक की लापरवाही से खस्ता हाल सड़क लोग धुल से परेशान, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग मुरी से सिल्ली तक सड़कों पर कई जानलेवा गड्ढे बन गया है। जिससे सिल्ली बजार में सड़कों पर लगातार धुल उड़ रही है वहीं आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ज्ञात हो कि सात माह पुर्व मार्ग की मरम्मती की शिलान्यास किया गया था। वहीं संवेदक द्वारा मरम्मती का कार्य शुरू करते हुए छोटे-छोटे गड्ढों को भर दिया तथा कई जगहों पर कालीचरण भी किया गया जो बनते के साथ ही सड़कों पर दरारें पड़ने लगी और उखड़े लगा है । वहीं मुरी सिल्ली मार्ग पर अभी भी बड़े-बड़े गड्ढे जस की तस पड़े हैं जिससे लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है एवं लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दुर्गा पुजा से पहले इसे दुरुस्त करने की मांग की।

## कुमुद झा आइकॉन ऑफ एशिया और वीमेन लीडर फोरम से सम्मानित

**रांची ।** राजधानी रांची की कुमुद झा को ग्लोबल एम्पायर इवेंट द्वारा आइकॉन ऑफ एशिया और वीमेन लीडर फोरम के सम्मान से नवाजा गया है । दिल्ली के रेडिशन ब्लू होटल में ग्लोबल एम्पायर इवेंट द्वारा आइकॉन ऑफ एशिया और वीमेन लीडर फोरम सम्मान सम्मारोह आयोजित किया गया ।इस समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्रों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 80 लोगों को सम्मानित किया गया ।इन सभी राज्यों में झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची की कुमुद झा को उनके उत्कृष्ट समाज सेवा हेतू सम्मानित किया गया । उन्हें उनके उत्कृष्ट समाज सेवा हेतू ग्लोबल एम्पायर इवेंट द्वारा सम्मानित किया गया। इस खूबसूरत मौके पर सबीना सुल्ताना , सांस्कृतिक राजदूत सेचेल्स साउथ अफ्रीका द्वारा कुमुद झा को आइकॉन ऑफ एशिया और वीमेन लीडर फोरम से सम्मानित किया गया ।

## प्रशासनिक फेरबदल, कई आईएएस का हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** झारखंड सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई आईएएस का तबादला कर दिया है वहीं कुछ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग के अवर सचिव विनोद कुमार ने इससे संबन्धित आदेश भी जारी कर दिया है। प्रधान सचिव, वित्त विभाग के पद पर पदस्थापित अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ वित्त विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव, योजना एवं विकास विभाग के पद पर पदस्थापित राहुल शर्मा (अतिरिक्त प्रभार सचिव, पंचायती राज विभाग) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, पंचायती राज विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर पदस्थापित कमल किशोर सोन (अतिरिक्त प्रभार सचिव, परिवहन विभाग और परिवहन आयुक्त) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पद पर पदस्थापित डॉ अमिताभ कौशल (अतिरिक्त प्रभार सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, योजना एवं विकास विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। डॉ कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पदस्थापित डॉ मनीष रंजन (अतिरिक्त प्रभार सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पद पर पदस्थापित राजेश कुमार शर्मा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, परिवहन विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। शर्मा अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ परिवहन आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पद पर पदस्थापित प्रशांत कुमार (अतिरिक्त प्रभार- सचिव, जल संसाधन विभाग और प्रशासक, सुवर्णरेखा बहुउदेशीय परियोजना, जमशेदपुर ) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, जल संसाधन विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

## प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**तमाड़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा शनिवार को कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय मैं आजादी के अमृत महोत्सव पर विभिन्न प्रकार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा पोषण पर वक्ताओं द्वारा पोषण पर अपना अपना विचार व्यक्त किए। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के श्रीमती विमला देवी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पोषण आहार जरूरी है और लोगों को सलाह दी की स्वस्थ रहने के महत्व को समझें और दूसरों को समझाएं। समाज के हर व्यक्ति समझेगा ,देश आगे की ओर बढ़ेगा। पोषण आहार लेकर कुपोषण से बचा जा सकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की स्वास्थ्य रहने के लिए पोषण आहार पर ध्यान दें नहीं तो कुपोषण का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहां की बाहरी चीजों खाने का आदत नहीं लगाएं घरेलू सामग्री का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें ताकि बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने इस कार्यक्रम को सराहना करते हुए कहा की केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को लाभ मिलेगा ।खासकर छात्रा छात्राओं लाभान्वित होगी। बाल विकास परियोजना कार्यालय के आगनबाडी के सभी सेविका ने कहा की भारत सरकार द्वारा चलाए गए खासकर पोषण पर कार्यक्रमों लोगों को प्रेरणा मिलेगी तथा आम लोगों को जागरूक होना पड़ेगा ताकि बच्चे और बच्चियां को कुपोषित नहीं हो पाए। पोषण रैली मैं शामिल थी ,स्कूल के शिक्षक और शिक्षकों ने भागीदारी निभाई। आकाश कुमार, प्रिंसिपल ने कहा की इस तरह का कार्यक्रम से लोगों में जागरूक आएगा । अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की समाज के कुछ लोग जागरूकता के अभाव मैं कुपोषित हो रहे हैं ।बाल विकास परियोजना कार्यालय के आंगनबाड़ी सेविका ने स्कूल प्रांगण में पौष्टिक तत्वों की जानकारी से जुड़ा स्टॉल भी लगाया गया तथा साथ ही साथ आवासीय विद्यालय तथा कस्तूरबा बालिका स्कूल की ओर से पोषण पर खाद्य पदार्थों का स्टॉल लगाया गया तथा आम लोगों को अवगत कराया गया।

## पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार झारखंड पार्टी में हुए शामिल , पार्टी ने खतियान आधारित स्थानीय नीति का किया समर्थन

**रांची।** झारखंड के पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने शनिवार को झारखंड पार्टी (झापा) की सदस्यता ग्रहण की. रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अजीत कुमार का स्वागत किया. इस सिलसिले में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के अलावा आरटीआई कार्यकर्ता सुनिल महतो व जय झारखंड अभियान के सदस्य संतोष महतो समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इससे पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतीमा पर माल्यापर्ण किया. इसके बाद अपने समर्थकों तथा सहयोगियों के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे.

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 7वां राज्य सम्मेलन शुरू

## चार श्रम संहिताओं के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** लोकतांत्रिक और ट्रेड यूनियन अधिकारों की रक्षा किए जाने के संकल्प के साथ अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 7वां राज्य सम्मेलन शुरू हुआ । आगामी 8 दिसंबर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों का होगा महाजूटान आज कर्मचारियों के सामने सबसे बड़ी समस्या उनके अस्तित्व की है क्योंकि पूरे देश में संविदा और निविदा पर ही कर्मचारियों को रखा जा रहा है और इन कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय है. पूरे देश में नियमित कर्मचारियों के 23 लाख सृजित पद रिक्त पड़े हुए हैं. झारखंड मे भी 3लाख 56 हजार पद खाली हैं. लेकिन केंद्र और अधिकांश राज्य सरकारों द्वारा बहालियां निविदा संविदा और पर ही की जा रहीं हैं. इसलिए देश के मजदूर - कर्मचारी आंदोलन के सामने संविदा कर्मियों को नियमित किए जाने का मुद्दा सबसे प्रमुख मुद्दा है. इसी 8 दिसंबर को दिल्ली में देश भर में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के सभी संगठन संयुक्त रूप से एकत्र होंगें और इस मुद्दे पर एक अखिल भारतीय आंदोलन का एलान करेंगे. यह बात शनिवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबाष लांबा ने कही. सम्मेलन की स्वागत समिति के चेयरमैन प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. रमेश शरण ने भाग ले रहे प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए इस बात को रेखांकित किया कि आज श्रमिक आंदोलन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सांप्रदायिक ताकतों द्वारा फैलायी जा रही विभाजन की साजिशों को कैसे पराजित किया जाय ताकि मजदूरों - कर्मचारियों की वर्गीय एकता को खंडित होने से रोका जा सके. उन्होंने कहा पहले कार्पोरेट टैक्स 30 प्रतिशत था अब यह घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया है. लेकिन दुसरी ओर अनाज समेत दुध, दही जैसी चीजों पर जी एस टी ठोक दिया गया है.

## न्यूज गैलरी

### सातवीं झारखंड लोक सेवा आयोग के प्रशिक्षु पदाधिकारी विस पहुंचे

रांची। सातवीं झारखंड लोक सेवा आयोग के 47 झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारी 14 सप्ताह के लिए आधारभूत प्रशिक्षण के क्रम में श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के संयुक्त निदेशक ममता के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा आए। प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने झारखंड विधानसभा का भ्रमण किया, यहां से जुड़ी विषय वस्तु को जाना। परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं ने अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो से मिलें। अध्यक्ष ने भेंट वार्ता के दौरान प्रशिक्षु उप समाहर्ता से कहा कि आप जिस सेवा से जुड़ रहे सरकारी व्यवस्था में सभी कार्यों का निष्पादन उसी स्तर से होती है। आप सभी का उद्देश्य इस सेवा में आकर्षित वेतनमान विभिन्न पदसोपान पर पदस्थापित होने के अतिरिक्त झारखंड के उपेक्षित वंचित लोगों के आंखों से आंसू पोछने का दायित्व भी दायरे में आता है। अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को आगे की भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

### कमरे से एक व्यक्ति का शव बरामद

रांची। रांची के धुर्वा क्षेत्र के मासीबाड़ी के रहने वाले एक शख्स ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। उनका शव शनिवार को उनके घर के कमरे से बरामद किया गया। मृतक का नाम बालचंद चिक बड़ाईक है। 44 वर्षीय बड़ाईक मौसीबाड़ी में ही रहते थे। बताया जा रहा है कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जानकारी के अनुसार बालचंद बीते शुक्रवार को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। परिजन जब सुबह उठे और काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजन परेशान हो गए। दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो देखा कि बालचंद पंखा में फंदा लगाकर झूलता मिला। आनन-फानन में बालचंद को पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद धुर्वा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

रांची। रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और नेहरू युवा केंद्र की ओर से शनिवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव व इंडिया ऐट 2047 युवा संवाद, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस), सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा उपस्थित थे। वहीं, समापन सत्र में सांसद संजय सेठ व लोक कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक उपस्थित थे। साथ ही, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य, नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक हनी सिंह, राज्य एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पद्धाओं में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत डोरंडा कॉलेज, रांची वीमेंस कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, संत जेवियर्स कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, निर्मला कॉलेज, संतोष बीएड कॉलेज, केंद्रीय विश्वविघालय झारखंड, सरला बिड़ला विश्वविद्यालय, बीआईटी मेसरा, वाईबीएन विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, योगदा सत्संग कॉलेज, स्वामी विवेकानंद एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, मास कम्युनिकेशन विभाग सहित 17 संस्थानों की प्रतिभागिता रही। प्रतिभागियों ने-लोक नृत्य, भाषण, कविता लेखन, पेंटिंग, फोटोग्राफी व युवा संवाद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

रांची। जवाहर विद्या मंदिर के प्रांगण में एनएसएस यूनिट के वॉलिंटियर्स की ओर से राष्ट्रीय सेवा आयोग के 53वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विभिन्न वॉलिंटियर्स के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता ,वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. स्कूल में चल रहे मुस्कान क्लासेज के वैसे बच्चे, जो अन्य सुविधाओं से वंचित है, तथा जो इस मुस्कान कक्षा में आते हैं उनके बीच मिठाइयों का वितरण किया गया. इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सह एनएसएस के कोऑर्डिनेटर समरजीत जाना ने बच्चों तथा वॉलिंटियर्स को एनएसएस की उपयोगिता तथा इससे समाज को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी.

---

झारखंड के 24 जिलों के हर पंचायत में खुलेगा डिजिटल पंचायत पाठशाला

# ग्रामीण भारत को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़कर एक नई शिक्षा प्रणाली विकसित की जाएगी




नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** डिजिटल शिक्षा अभियान के तहत झारखंड के सभी 24 जिलों में एक मुहिम के तौर पर डिजिटल पंचायत पाठशाला सभी पंचायतों में खोले जाएंगे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान बोलते हुए डिजिटल पंचायत पाठशाला के संस्थापक सौरभ कुमार ने कहा कि ग्रामीण भारत को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़कर एक नई शिक्षा प्रणाली विकसित की जाएगी। जिसके तहत ग्रामीण नौजवानों को डिजिटल पंचायत पाठशाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उसके सामाजिक सरोकार और हर सवालों का सटीक जवाब डिजिटल प्लेटफार्म पर लगभग निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को हम पूरे देश का डिजिटल पंचायत पाठशाला के तौर पर एक मॉडल बनाने जा रहे हैं। आदिवासी समुदाय के समाज का डिजिटलीकरण करके एक नया आयाम स्थापित किया ही जाएगा साथ ही ग्रामीण तबकों के प्रतिभाओं की पहचान करके देश के स्तर पर ग्रामीण नौजवानों की प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। कार्यशाला में बोलते हुए श्रम एवं नियोजन विभाग के सहायक निदेशक निशिकांत मिश्रा ने कहा की यह मुहिम अपने आप में न सिर्फ नायाब है बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को जिम्मेदारी के साथ डिजिटल माध्यमों से जोड़कर उनके समग्र विकास का यह पाठशाला नया रास्ता खोल सकता है। कार्यशाला में बोलते हुए डिजिटल पंचायत पाठशाला के बिहार झारखंड के कोऑर्डिनेटर दिनेश्वर झा ने कहा इस मुहिम की पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले देश के 80 से अधिक नवोदय विद्यालय में किया गया जिसका परिणाम बहुत सकारात्मक रहा। फिर उसके बाद हम लोगों ने बिहार के 70 से अधिक पंचायतों में डिजिटल पंचायत पाठशाला को एक मुहिम के तौर पर डिजिटल आंदोलन के रूप में परिवर्तित किया। अब हम लोग झारखंड में डिजिटल पंचायत पाठशाला की शुरूआत करके एक नया रोल मॉडल बनाना चाहते हैं। वरिष्ठ पत्रकार तेज नारायण ने कहा कि डिजिटल पंचायत पाठशाला तकनीक को व्यवहार में लाने का ग्रामीण मुहिम है, ना सिर्फ मुहिम बल्कि शिक्षा के विस्तार का एक नया मॉडल भी है।

> कार्यशाला में बोलते हुए डिजिटल पंचायत पाठशाला के बिहार झारखंड के कोऑर्डिनेटर दिनेश्वर झा ने कहा इस मुहिम की पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले देश के 80 से अधिक नवोदय विद्यालय में किया गया जिसका परिणाम बहुत सकारात्मक रहा।

## भारतीय युवा कांग्रेस लोकतंत्र पर विश्वास रखती है : निशा भगत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शनिवार को झारखण्ड युवा कांग्रेस के द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन 2 के आयोजन के लिए प्रेस वार्ता की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष सह यंग इंडिया बोल की स्टेट को-ऑर्डिनेटर निशा भगत, एवं मेहुल प्रसाद ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस लोकतंत्र पर विश्वास रखती है। यंग इंडिया के बोल सीजन 2 के माध्यम से जिला स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा। चयनकर्ता के रूप में रांची विमेंस कॉलेज की प्रोफेसर रत्ना सिंह, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजेश कुमार, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर मृणाल पाठक मौजूद रहेंगे। प्रत्येक जिला से 3 सदस्यों का चयन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया भाषण प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित किया जायगा। यह कार्यक्रम दिनांक 25 सितम्बर 2022 को मोरहाबादी-बोड़या रोड़ स्थित शगुन बैंकवेट हॉल में सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगा। जिन्होंने नामांकन किया है एवं जो इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वा सीधे कार्यक्रम स्थल पर रजिस्टेज्शन कराकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रभारी दीनबंधु शर्मा जी प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज जी यंग इंडिया के बोल सीजन 2 के झारखंड प्रभारी सुबोध हरितवाल जी उपस्थित रहेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में खिलौने लेकर पहुंचे सांसद, खिल उठे बच्चों के चेहरे



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शनिवार को सांसद संजय सेठ ने नमो टॉय बैंक से पुनदाग स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 100 से अधिक खिलौने दिए। इस दौरान सांसद ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों और सेविका से संवाद किया। उनकी समस्याओं को भी समझा और टॉय बैंक से संबंधित जानकारियां उन्हें उपलब्ध कराई। खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे पर काफी खुशी देखने को मिली। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर टॉय बैंक की स्थापना की गई है ताकि हर उन बच्चों के खिलौने पहुंचाएं जाए, जो किसी न किसी कारण से खिलौनों से वंचित रह जाते हैं। उनकी योजना है कि अपने लोकसभा क्षेत्र के हर आंगनबाड़ी केंद्रों तक खिलौना पहुंच सके। ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी खिलौने पहुंचे जहां के बच्चे खिलौनों से महफूज रहते हैं। सांसद श्री सेठ ने कहा कि अब तक टॉय बैंक में 10,000 से अधिक खिलौने जमा हुए, जो विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संस्था और रांची के गणमान्य नागरिकों के द्वारा दिए गए। इन खिलौनों में 6000 से अधिक खिलौनों का वितरण किया जा चुका है। सांसद ने उन सभी नागरिक और संस्थाओं के प्रति आभार जताया, जिन्होंने टॉय बैंक के लिए खिलौने प्रदान किए हैं। रांची के हर नागरिक, संस्था और स्कूल से सांसद ने बैंक के लिए आगे आने की अपील की है ताकि अधिक से अधिक खिलौने जमा कर हम अधिक से अधिक बच्चों तक उसे पहुंचा सके।

## ई-कॉमर्स ने व्यवसाय के क्षेत्र में क्रांति ला दी: यशपाल

**रांची।** सत्येंद्र नारायण सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शनिवार को ई-कॉमर्स के लाभ और हानि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एचएससी के पूर्व प्रबंधक यशपाल चुघ ने किया। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के इस युग में ई-कॉमर्स में व्यवसाय के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, जिससे कम पूंजी में ही व्यापारी अपने व्यवसाय की शुरूआत कर सकते हैं। सत्येंद्र नारायण सिन्हा एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव सुधीर कुमार समीर ने कहा कि ई-कॉमर्स ने संपूर्ण विश्व को एक छोटी मंडी में बदल दिया है। विश्व के किसी भी भाग में बैठा व्यक्ति अपनी मनपसंद की वस्तुएं खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवन में किसी के पास इतना वक्त नहीं होता है कि वह प्रत्यक्ष रूप से खरीदारी कर सके, तो घर बैठे अपनी आवश्यकता की चीजें ऑनलाइन मंगवा लेता है। हेमलता सेनगुप्ता ने ई-कॉमर्स के लाभ और हानि पर विस्तार से चर्चा की। एसएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के एचओडी प्रो बीएस तोमर, प्रो कुमारी ज्योत्सना, प्रो शुभलक्ष्मी, प्रो अर्चना सिंह ने भी ई-कॉमर्स के लाभ और हानि के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की। सभी प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से प्रतिभागिता प्रमाणपत्र दिया गया।

## राजधानी में बढ़ा चोरों का आतंक, आठ दुकानों को बनाया निशाना

**रांची।** राजधानी रांची में चोरों का आंतक बढ़ गया है। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने के दो दिन बाद चोरों ने धुर्वा इलाके में एक रात आठ दुकानों को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये की चोरी कर ली। हालांकि, इस मामले में अब तक दुकानदारों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी है। धुर्वा थाना क्षेत्र के जेएन कॉलेज के समीप झोपड़ीनुमा आठ दुकानों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने संभवतः रात एक से तीन बजे के बीच घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद दुकानदार रोहित और श्याम का कहना है कि इलाके में पेट्रोलिंग नहीं होती है। अगर होती तो इस तरह की घटना नहीं घटती। बता दें कि घटनास्थल के पास बैंक, कॉलेज, जेल आईजी का कार्यालय सहित कई प्रमुख विभाग हैं। बावजूद चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया।

## श्री श्याम मंदिर में 29वें श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

# भक्तों की भजनों के गायन से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी; थाली भरकर लाई खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी जीमो म्हारा श्याम धणी जी मावे बेटी जाट की हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 29 वें श्री श्याम भंडारा का भोग मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को मनोहर करने के लिए उक्त भोग के भजनों के गायन से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री राजेश शर्मा बुद्धू भोग के समय खाटू नरेश को पंखा डोलाकर भाव विभोर हो रहे थे। इसके बाद भोग प्रसाद श्री भंडारे में मिश्रित कर मंदिर के आचार्यों को प्रसाद रूपी खिलाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को 29वां श्री श्याम भंडारा की सेवा बाबा श्री श्याम के भक्त राजेश शर्मा सीमा शर्मा श्री अविरल शर्मा अपने परिवार के संग श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। साय 4:30 बजे से भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी । श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में आज केसरिया खीर, आलू परवल, सब्जी पूरी, तथा गरमा गरम पकौड़ी, का प्रसाद निर्मित किया गया था। भक्तजन हारे के सहारे की जय खाटू नरेश की जय शायमेश्वर महादेव की जय बजरंग बली की जय के जय-जयकार कर रहे थे। जय जयकारों से हरमू रोड किशोरगंज गूंज रहा था। श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा हुआ था। लगभग 3000 से ज्यादा भक्तों ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, उप मंत्री अनिल नारनौली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया सर्वश्री राजीव मित्तल, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी, पूर्व सांसद अजय मारू, पवन गोयंका, राहुल मारू, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, अमित सरावगी, मन्दिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, अमित शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, कल्पना मारु, नेहा सरावगी, स्वाति सरावगी, स्नेहा पोद्दार, सहित 100 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने श्री श्याम भंडारे की व्यवस्था में अपना सहयोग दिया।

### आज खाटू नरेश का होगा महास्नान अनुष्ठान

पित्रपक्ष की अमावस्या के अवसर पर रविवार को प्रातः खाटू नरेश का महा स्नान अनुष्ठान होगा। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नए वस्त्र बागा पहनाए जाएंगे। देवलीया से आने वाले फूलों से दिव्य भव्य श्रृंगार किया जाएगा। पंच मेवे का भोग लगेगा। बाबा के भक्त श्री राजेश शर्मा परिवार संघ श्रृंगार, वस्त्र, बागा, पंचमेवा, की सेवा निवेदित करेंगे । श्रृंगार आरती प्रातः 8:30 बजे होगी। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों से श्रृंगार आरती में पधारने का निवेदन किया है।

### महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ महिला संगोष्ठी व युवा संगोष्ठी का आयोजन



रांची। अग्रवाल सभा के तत्वधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46वाँ वार्षिकोत्सत्व के अवसर पर महिला गोष्ठी एवं युवा संगोष्ठी का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन में किया गया। महिला गोष्ठी का विषय - समाज व परिवार को किस ओर ले जा रहा है सोशल मीडिया गोष्ठी के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, मोनिका जी (पत्रकार), आरती वर्मा (एडवोकेट) उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं मुख्य अतिथि नीरा बथवाल एवं चंदन मिश्रा ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर गया। सभा अध्यक्ष नन्द किशोर पाटोदिया ने आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत उर्मिला पाडिया ने गणेश वंदना कर किया। गोष्ठी में सभी लोगों के विचारों का आदान प्रदान हुआ। मोनिका जी के द्वारा सोशल मीडिया पर एक छोटा सा वक्तव्य कहा कि समाज से ही पत्रकार व मीडिया निकलते है। सारा दोष मीडिया पर लगा दिया जाता है, परंतु मीडिया जन-जन तक सूचना पहुचाने का साधन है। समाज को तकनीक से दूर नहीं कर सकते है। अपने व बच्चे के मन को मजबूत करना है, उनकी जासूसी नहीं करनी है। बच्चों की जिज्ञासा का हल माता-पिता दे सकते है, नहीं तो वे सोशल मीडिया में अपना जवाब ढूढेंगे। बच्चों को तकनीक से जोड़कर संयम बनाकर भी रचना होगा। आरती वर्मा का कहना था कि महिलाओं का महत्वकांक्षी होने के कारण भी वे अपने बच्चों के पीछे छोड़ती जा रही है। रंजन जैन का वक्तव्य था कि सोशल मीडिया इंटरटेन से शुरू हुआ, इसके माध्यम से हम दूर सबसे अपने परिवार, मित्रों से संबंध बन सकते है।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी निर्देश में दुर्गा पूजा के मौके पर प्रदूषण रोकने की पूजा समितियों से अपील की

रांची। दो साल बाद रांची में दुगार्पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। सभी पूजा समितियों ने भव्य पंडाल, ऊंची प्रतिमा और आकर्षक विद्युत सज्जा की तैयारी की है। इस बीच जिला प्रशासन ने सभी पूजा समितियों और आम लोगों से प्रदूषण का ध्यान रखने की अपील की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी दिशा- निर्देश का पालन करने को कहा है। बोर्ड ने प्रतिमाओं के निर्माण में धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए प्राकृतिक वस्तुओं से मूर्तियां बनाने की अपील की है। पक्के मिट्टी और प्लास्टर ऑफ पेरिस आदि के बदले प्राकृतिक मिट्टी को प्रोत्साहित करने को कहा है। मूर्तियों में रंग-रोगन भी कम करने को कहा है। यदि रंग-रोगन जरूरी हो तो जल में घुलने और हानि नहीं पहुंचाने वाले प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल को ही उपयोगी बताया गया है। हानिकारक एवं आसानी से अपघटित नहीं होने वाले रासायनिक रंगों का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

## लैंडस्केप प्रबंधन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का हुआ समापन, कृषि सचिव बोले

# आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को बचाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मौसम में भारी बदलाव हो रहा है । प्राकृतिक आपदाओं से भी ज्यादा नुकसान देखने को मिल रहा। इस बदलाव से बचाव के लिए प्रभावी जल एवं मृदा संरक्षण की दिशा में वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं को सोचने की जरूरत है । बाढ़, भूमि क्षरण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा एवं अन्य पारंपरिक नुकसान से काफी हानि होती है । इस सम्मलेन में वैज्ञानिकों एवं शोधकत्ताओं की सोच एवं अनुशंसा राज्य एवं केंद्र के नीति निर्धारण एवं योजना निर्माण में मददगार होगी। सम्मलेन की अनुशंसाओं का डॉक्यूमेंट को राज्य एवं केंद्र सरकार को प्रेषित करने को आवश्यकता है। सरकार के पास वित्तीय कमी नहीं है, लेकिन अभिनव सोच एवं विचार का आभाव है। जिसे पूरा करने का दायित्व वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं का है । उक्त बातंध बतौर मुख्य अतिथि सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता, झारखंड सरकार अबू बकर सिद्दिकी पी ने लैंडस्केप प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन के समापन के मौके पर कही। कृषि सचिव ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए सतत विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेकों प्रमुख मुद्दे हैं । आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को बचाना सबों की नैतिक जिम्मेदारी है। ब्रह्मांड के संसाधनों के संभावित उपयोग का सबों का समान अधिकार है। वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं को आगे बढ़कर लोगों को उचित सलाह देने की आवश्यकता है। सतत विकास के लिए सही सोच को प्रभावी तरीके से सभी लोगों और हितकारकों को बताने की जरुरत है। मौके पर कुलपति डॉ. ओएन सिंह ने कहा कि आज समुंद्र तल में बढ़ोतरी हो रही है। नदियों की दिशा बदल रही है। नदियां सुख और विलुप्त होने के कगार पर है। अकस्मात बाढ़ से काफी नुकसान हो रहा है। वैज्ञानिक, शोधकर्त्ता एवं नीति निर्धारकों को इस विषय पर गंभीर विचार करने एवं समाधान खोजने की जरुरत है।

### सम्मलेन की प्रमुख अनुशंसाए

- भारत में भूमि क्षरण तटस्थता लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण और संसाधन का सकारात्मक उपयोग होना चाहिए।
- प्रलेखन के लिए क्षेत्रीय स्तर की सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं का मानचित्रण और भूमि क्षरण तटस्थता मापदंडों पर विचार करना।
- क्षेत्र विशिष्ट जलीय उत्पादन प्रणाली के आकलन के आधार पर बाढ़ प्रवण क्षेत्र के लिए स्थान विशिष्ट एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल के लिए अनुकूली प्रौद्योगिकी विकसित करने की आवश्यकता।
- स्प्रिंग कायाकल्प के लिए लैंड स्केप स्केल पर स्प्रिंग जियोटैगिंग, स्प्रिंगशेड डिलाइनेशन और माइक्रो वाटरशेड प्लान की आवश्यकता।
- प्राकृतिक संसाधन साक्षरता के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की पहल।
- बाढ़ के कटाव के साथ-साथ बाढ़ प्रवण क्षेत्र में संसाधन के लिए गाद प्रतिधारण और प्रबंधन को संबोधित करने की आवश्यकता।
- प्रौद्योगिकीविद् और किसानों के बीच आपसी सम्मान और संबंध/बंधन को फिर से स्थापित करने की आवश्यकता।

## हॉकी इंडिया के महासचिव बनने के बाद पहली बार रांची पहुंचने पर भोलानाथ सिंह का किया गया भव्य स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह कल हॉकी इंडिया के हुए चुनाव में निर्विरोध महासचिव निर्वाचित हुए, वहीं हॉकी झारखंड की कोषाध्यक्ष आश्रिता लकड़ा भी हॉकी इंडिया की कार्यकारिणी समिति के सदस्य के लिए निर्वाचित हुई। हॉकी इंडिया के महासचिव बनने के बाद शनिवार को पहली बार भोलानाथ सिंह का झारखंड आगमन हुआ। उनके आगमन पर हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों हॉकी प्रेमियों और खिलाड़ियों के द्वारा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया । उनके आगमन की सूचना मिलते ही दर्जनों खिलाड़ी और खेल प्रशासक ढोल नगाड़े लेकर घंटों से उनके इंतजार में नाचते झूमते उनके स्वागत की तैयारी करते रहे। जैसे ही वे एयरपोर्ट से बाहर निकले फूल-माला और बुके से उन्हें लाद दिया गया उनके साथ कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए चयनित असरिता लाकड़ा को भी फूल माला और बुके पहनानाकर शानदार स्वागत किया गया। घंटों से उनके इंतजार में खड़े झारखंड के दर्जनों खिलाड़ियों ने स्टिक उठाकर उनका स्वागत किया और उन्हें अपने साथ नाचने के लिए मजबूर कर दिया। एयरपोर्ट से निकलने के भोलानाथ सिंह ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माला पहनाकर श्रद्धांजलि देते हुए उनका आशीर्वाद लिया। वहां से निकलने के उपरांत हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे सर्वप्रथम कार्यालय पहुंचने के पहले उन्होंने 1928 ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान रहे स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के आदम का मूर्ति पर माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर उनका श्रद्धांजलि किए।

## न्यूज गैलरी

### कुडू के जोंजरो गांव में आजसू नेत्री निरु शान्ति के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों ने जताया हर्ष



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड की जिंगी पंचायत अंतर्गत ग्राम जोंजरो आदिबासी टोला में आजसू की केंद्रीय उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत के प्रयास से 100 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। खासकर पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या से नीरू शांति भगत को अवगत कराया था। जिसके बाद श्रीमती भगत ने विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। जिसपर बिजली विभाग ने जिसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया। जिसका उद्घाटन नीरू शांति भगत ने फीता काटकर किया। बताते चलें कि बीते कई दिनों से अंधेरे में जैसे तैसे जीवन व्यतीत कर रहे ग्रामीणों में नया ट्रांसफार्मर लगने से चेहरे पर खुशी देखने को मिली। उद्घाटन के मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष विजय उरांव, महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहू, मीडिया प्रभारी नावेज खान सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पारिवारिक विवाद में युवक ने किया आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गांव पंचायत ग्राम में बीते देर शाम अपने ही घर में साड़ी का फंदा बना कर 27 वर्षीय युवक पंकज कुमार महली ने आत्महत्या कर लिया। जिसकी सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा। वहीं परिजनों ने बताया कि आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद है। पुलिस को जानकारी देते हुए परिजनों ने कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा करने के पश्चात पंकज कुमार महली अपने परिवार व बच्चों के साथ ससुराल गया था। जो 23 सितंबर को घर लगभग 2 बजे अपने एक पुत्र को लेकर लौटा और बताया कि पत्नी के साथ विवाद हो गया है। उसके बाद शाम में खाना खाकर अपने रूम में सोने चला गया। इसी बीच बहन रूम से कुछ सामान निकालने के लिए गई तो दरवाजा बंद पाया। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नही खोला तो बड़े भाई को बोल छप्पर के ऊपर से देखवाया गया तो पंकज को साड़ी के फंदे से झूलता देख शोरगुल करने लगा तभी रूम का दरवाजा तोड़ ग्रामीणों के सहयोग से फंदे से उतार कर में सेन्हा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

### बेड़ो में शीघ्र ही खाद्यान्न की आपूर्ति शुरू की जायेगी : बीएसओ

**बेड़ो।** जिला से चावल की कम आपूर्ति होने से बेड़ो प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला से चावल की आपूर्ति सुचारू होने पर बेड़ो प्रखंड के राशनकार्ड धारियों के बीच शीघ्र ही खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के बीएसओ अवनि कुमार झा ने कहीं। उन्होंने बताया कि गत अगस्त और सितंबर माह में जिला से ही चावल की आपूर्ति कम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही जिला से चावल की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी, वैसे ही बेड़ो प्रखंड के राशन कार्ड धारियों के बीच शीघ्र खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला से आपूर्ति सुचारू होने के बाद चावल जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को मुहैया कराया जाएगा। जिससे उन्हें राशनकार्ड धारियों के बीच खाद्यान्न के वितरण में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने आम लोगों से संयम और धैर्य रखने की अपील की है।

### पुरियो पंचायत में कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में आईसीए आर. प्लान्डू के तत्त्वावधान में इनइएसएफ परियोजना के अन्तर्गत कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आई सी ए आर प्लान्डू के प्रधान डा एके सिंह ने ग्रीनरी रुग्रोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड को मजबूत करने के लिए नाबार्ड से वित्तिय सहायता प्राप्त करने के लिए सुझाव दिये। वहीं एफपीओ को जमीन, जल तथा जंगल के महत्व एवं उचित प्रबंधन के बारे में बताए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफपीओ के सदस्यों के डॉ आर एस पान ने सोयाबीन की खेती तथा सोयाबीन से दूध एवं पनीर बनाकर प्रशिक्षणार्थीओ को मुग्ध कर दिये। डॉ महेश धाकड़ ने बीजू पौधा तैयार करने तथा फल की नर्सरी तैयार करने का तरीका बताये। वही कृषि विज्ञान केन्द्र रामगढ़ के प्रभारी डॉ दुश्यन्त राघव की ने किसानों को सब्जी उत्पादन मे समन्वित कीट प्रबंधन द्वारा सुरक्षित उत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### ट्रामा सेंटर में चिकित्सक एवं नर्स की व्यवस्था कराने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** जिला परिषद सदस्य बाला रानी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी स्थित ट्रामा सेंटर में चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स की व्यवस्था कराने मांग किया है। उपायुक्त को दिए गये आवेदन में कहा गया है कि नगर उंटारी अनुमंडल में एक मात्र ट्रॉमा सेंटर है, जो एनएच 75 के बगल में स्थित है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अक्सर देखा जाता है कि आये दिन छोटी बड़ी घटना होती रहती हैं। ट्रॉमा सेंटर हाथी के दांत जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा है कि यहां से अनुमंडल अस्पताल पहुंचने में रेलवे फाटक पड़ता है। ट्रेनों के आवागमन से प्राय फाटक बंद रहने के कारण दुर्घटना ग्रस्त मरीजों का समय पर इलाज नहीं हो पाता है। उन्होंने जनहित में ट्रॉमा सेंटर को सुचारु रुप से चलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिप सदस्य बाला रानी ने कहा है कि उपायुक्त द्वारा उक्त समस्या का निदान शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया है।

### एकलव्य विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरहेट।** आजादी के अमृत महोत्सव, हिंदी पखवाड़ा एवं पोषण माह के अवसर पर आज एकलव्य विद्यालय, बरहेट प्रांगण में दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों एवं चित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का दौर रहा।

सर्वप्रथम उत्क्रमित बालिका मध्य विद्यालय, भोगनाडीह के छात्राओं के दो टीमों के बीच कबड्डी मैच आयोजन किया गया। जिसमें टीम अ ने जीत हासिल किया। तत्पश्चात एकलव्य स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और फिर छात्रों के बीच क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को दीवार घड़ी से पुरस्कृत किया गया।

मौके पर बोलते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक इंद्रजीत भगत जी ने कहा कि दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एक सराहनीय प्रयास रहा और विद्यालय के बच्चे बहुत लाभान्वित हुए। श्री भगत ने आशा व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा इस तरह का आयोजन फिर से एकलव्य विद्यालय में करने पर विचार किया जाएगा। मौके पर शाहिद रहमान, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी दुमका सह कार्यालय प्रमुख सीबीसी रांची ने कहा कि इस तरह का आयोजन सीबीएसई कार्यालय द्वारा लगातार किया जाता है और इसका उद्देश्य ही होता है कि लोगों के बीच जाकर उन्हें सरकार के योजनाओं और अभियानों की जानकारी सीधे-सीधे उन तक पहुंच कर दी जा सके। इसी क्रम मे यह कार्यक्रम एकलव्य विद्यालय बरहेट में आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में आगे भी केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों के बीच स्कूल बैग, दीवाल घड़ी तथा स्कूल टिफिन बॉक्स आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख सभी को धन्यवाद दिया। विशेषकर एकलव्य स्कूल के सभी शिक्षकों कथा बच्चों की पूरी सहायता के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## महालय आज, कलश स्थापना के साथ कल से शुरू हो जायेगा दुर्गोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार महालया के साथ आज से शुरू हो जाएगा। सोमवार को मंदिरों व घरों में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। पांच अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर मां की प्रतिमा के विसर्जन के साथ त्योहार का समापन होगा। माता के उपासक नौ दिनों तक नवदुर्गा के पाठ में लीन रहेंगे। इधर प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी मुरतो, तुको, ईंटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। हर तरफ उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा पंडालों को जहां अंतिम रूप देने में कारीगर लगे हैं, वहीं मूर्तिकार भी जीवंत रूप देने में जुटे हुए हैं। चहुंओर माता रानी के गीतों से गांव गूंजने लगे हैं। पूजा के लिए बाजार भी तैयार है। वही पूजा समितियों द्वारा विभिन्न तरह के आकृतियों के पंडाल के निर्माण किए जा रहे हैं। इधर, पूजन सामग्रियों की दुकानों के अलावा फल दुकानों में भी बिक्री शुरू हो गई है। मूर्तियों में साज-सज्जा का कार्य दिन रात चल रहा है। पर्व की रौनक लौटने से दो साल से कोरोना की मार झेल रहे मूर्तिकारों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पंकज, दीपक व लक्ष्मण कलाकारों का कहना है कि इस वर्ष नवरात्रि में जगह-जगह मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इसे लेकर मूर्ति की बुकिंग पहले से ही हो गई है। इस वर्ष उनमें बेहद उत्साह है।

## नवनियुक्त कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** जिला कांग्रेस कमीटी के निर्देशानुसार कुरडेग प्रखंड कांग्रेस कमीटी की बैठक बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन कुरडेग में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी संगठन पर चर्चा के बाद नव नियुक्त कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो एवं मीडीया प्रभारी दीपक जयसवाल का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के प्रदेश कमीटी ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ प्रखण्ड अध्यक्ष के पद का जिम्मेवारी सौंपी है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संगठन की मजबूती के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक बैठक कर लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करूंगा । जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पंचायत ईकाइ पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं पार्टी में अनुशासन बनाये रखने, कार्यकर्ताओं को समुचित स्मान देने का संकल्प दुहराया वही उन्होने कहा कि प्रखण्ड अध्यक्ष पद् पर तुलसी खलखो एवं मीडिया प्रभारी दीपक जयसवाल के मनोनयन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। मौके पर संदीप नायक, विजय एक्का, बसीर अंसारी, दीपक जयसवाल, गुडडू खान, अनील खलखो, हुसैन शाहीद, अंजन खलखो, अरूण जयसवाल, विनोद दास, एवं अन्य कॉग्रेसी उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर मंडल गढ़वा ग्रामीण मंडल डंडा गोवावल मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी रीतेश चौबे ने कहा कि भाजपा के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती 25 सितंबर को जिला भर में बुथ स्तर पर मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी पुरी हो चुका है। भाजपा अपने महापुरुषों की जयंती सेवा कार्य कर मनाती है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करेगा। हर कार्यक्रम के लिए जिला विधानसभा मंडल एवं बुथ स्तर पर प्रभारी भी बनाए गए हैं।

### भाजपा जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा

# कांग्रेस के विधायकों ने जिले को किया कलंकित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं कोलेबिरा विधायक बिक्सल कोंगाडी पर जम कर बरसा।उन्होंने कहा कि कोलेबिरा विधायक ने क्षेत्र की जनता को शर्मसार किया है जनता उन्हें चुनकर भेजी थी की जनता का काम होगा पर उन्होंने कोलकाता जाकर सौदेबाजी की कोशिश की और पैसे के साथ पकड़े गए उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि चुने हुए जनप्रतिनिधि आगे से ऐसी गलती ना करें। वहीं उन्होंने सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के प्रति का कि जिस तरह से सिमडेगा विधायक ने एक युवक को धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया एवं धमकी दी। यह निंदनीय है और एक जनप्रतिनिधि के गरिमा के खिलाफ है। जिले के दोनों विधायक ने सिमडेगा जिला को कलंकित किया है इन पर सरकार कड़ी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में जनप्रतिनिधि इस तरह का कार्य ना कर सकें। वही संगठन प्रभारी ने सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा द्वारा चलाए जा रहे रचनात्मक कार्य की जानकारी थी और कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा जल संरक्षण कोविड टीकाकरण वृक्षारोपण लोकल फॉर वोकल जैसे अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक महामंत्री दीपक पुरी कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद मुकेश श्रीवास्तव कार्यालय प्रभारी श्रीलाल साहू मौजूद थे।

# केरसई में झामुमो ने स्थानीय नीति एवं ओबीसी आरक्षण स्वीकृति पर निकाली आभार यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेम प्रकाश किण्डो की अगुवाई में शनिवार को आभार यात्रा के माध्यम से 1932 की खतियान को स्थानियता का आधार बनाने एवं ओबीसी 27%, अनुसूचित जाति को 12%, अनुसूचित जनजाति को 28%, तथा ईडब्ल्यूएस को 10%, आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को बधाई देते हुएआभार प्रकट किया गया। झारखंड में पिछले कई वर्षों से स्थानीय नीति का मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ था। कई सरकारें आयीं और चली गई मगर इस नीति पर कोई भी फैसला नहीं आया थो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 14 सितम्बर 2022 को मंत्रिमंडल की बैठक में 1932 खतियान का प्रस्ताव पास कर दिया है। इसके तहत झारखंड में 1932 या इसके पूर्व के सर्वे के आधार पर रह रहे लोगों को स्थानीय माना जाएगा। जो भूमिहीन होंगे या जिनके पास खतियान नहीं होगा, उनको ग्राम सभा द्वारा पहचान कर स्थानीयता का दर्जा दिया जाएगा। ग्राम सभा यहां के निवासियों के रहन-सहन, भाषा के आधार पर उसे स्थानीयता का मुहर दे सकती है। अब इस विधेयक को विधानसभा में पारित कराने के बाद 9 वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति सम्बधित विधेयक और एसटी-एस. सी ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने सम्बधित विधेयक को राज्यपाल के माध्यम से केन्द्र को भेजा जाएगा।आभार यात्रा में केरसई प्रखण्ड के सभी पंचायतों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक एवं कार्यकर्ताओं कि भारी संख्या में भागीदारी रही। आभार यात्रा में उपस्थित झामुमो सयोंजक मण्डली सिमडेगा से सफीकुल खान,अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, ओस्कर डांग,राकेश लकड़ा, केन्द्रीय सदस्य वसंत कुमार लोंगा प्रखण्ड सचिव केरसई जोन पौल चेचकचेला, प्रखण्ड उपाध्यक्ष केरसई विमल डुंगडुंग, प्रखण्ड उपाध्यक्ष केरसई रणधीर खेस्स, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष केरसई प्रिंस निभरोध कुल्लू,दिवाकर प्रसाद,दीपक मिंज, जोसेफ आदि उपस्थित रहे।

## उपमुखिया ने रक्तदान कर महिला की बचायी जान

**गढ़वा।** मध्या पंचायत के उप मुखिया मनोज चौबे ने शनिवार को एक यूनिट रक्तदान कर एक गर्भवती महिला को जान बचाई। उक्त महिला गढ़वा थाना क्षेत्र के रंका थाना क्षेत्र के चटक मान गांव निवासी पिंटू भुइया की पत्नी आरती देवी बताया गया है। इस संबंध में मरीज के परिजनों ने बताया कि आरती देवी को गढ़वा सदर अस्पताल में 22 सितंबर को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था लेकिन उसके शरीर में खून कम होने के कारण चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया था। रक्त के लिए काफी प्रयास किया। लेकिन उसे रक्त उपलब्ध नहीं हो पाया इसके बाद आरती देवी की स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह से सारी घटना की जानकारी दी।

## हनहट गांव मे दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** दशहरा पर्व एवं उसके बाद ग्राम हनहट में लगने वाले जतरा मेला के मद्देनजर स्थानीय ग्रामीणों एवं पूजा समिति के सदस्यों के साथ ग्राम हनहट में पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली, कैरो थाना के द्वारा शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें पर्व को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय लोगों के द्वारा नशाखोरी की रोकथाम, दुर्गा मंदिर परिसर आसपास साफ सफाई एवं एवं इसमें उत्पन्न होने वाली समस्या लोगों द्वारा रखी गई। नवरात्रा के दौरान लोगों द्वारा विशेष रुप से खुले में मांस बिक्री एवं शराब आदि बिक्री पर रोक लगाने संबंधी मांग लोगों द्वारा की गई। जिसमें स्थानीय लोगों के सहयोग से इसमें रोक लगाने का निर्णय लिया गया। पर्व के दौरान पूजा समिति से पुलिस द्वारा साउंड सिस्टम ध्वनि नियंत्रण और अन्य सुरक्षात्मक उपायों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति हनहट के अध्यक्ष शशिकांत सिंह, विकास भगत निरंजन पांडे सिद्धार्थ साहू विनोद सिंह खुर्शीद मियां अतीकुल रहमान बसीर अंसारी सफीउल्लाह अंसारी प्रदीप लोहरा चंदन यादव सूरज साहू बजरंग साहू इसके अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी की पांगीनपहार गांव में विशेष बैठक का आयोजन, बोले महासचिव-

# देश के संविधान से छेड़छाड़ का हो रहा प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरया पंचायत अंतर्गत पांगीनपहार में कांग्रेस पार्टी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया जहां विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनूप लकड़ा, खुशीराम कुमार जिला महासचिव,जमीर खान प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा,बिपिन पंकज मिंज प्रमुख ठेठईटांगर, जमीर हसन पूर्व नगर अध्यक्ष, मो कारू विधायक प्रतिनिधि,मो अप्पू, मो अंजर, जोन लकड़ा पंचायत अध्यक्ष ताराबोगा,खिस्तानी लकड़ा मुखिया केरया,मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया था। मौके पर रावेल लकड़ा ने कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोंनगाडी ने कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्रों की समस्याओं को अपने जिम्मेदारी लेते हुए हर सम्भव निराकरण करने के लिए तत्पर रहते हैं और पार्टी की मजबूती के लिए लगातार क्षेत्रों में रहते हुए सभी जाति धर्मों को एक दूसरे के प्रति प्रेम भावनाओं के साथ रहने के लिए पहल करने का काम किया है।आज महागठबंधन की सरकार अपने किये गए सभी चुनावी वादों को लगातार धरातल पर उतार रही है जिससे विपक्ष को कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंनगाडी जी पूरे विधान सभा क्षेत्र के लोगों को अपने हक और अधिकार दिलाने में सदैव तत्पर रहते हैं हर सुख दुःख के साथी हैं। हमारे लोगों के अस्मिता और जीविका से जुड़ी जल जंगल जमीन पर पूर्णतः अधिकार के दिलाने के विधानसभा में पक्ष रखने का काम किया है साथ ही साध स्वास्थ्य शिक्षा और कृषि के सम्बधित फायदे दिलाने की पहल लगातार कर रहे हैं। मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है जो हिंदुस्तान की हर अवाम को अपने साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और विश्व का सबसे मजबूत संविधान दिया है लेकिन बीजेपी और आरएसएस इस संविधान को छेड़ने पर उतारू हो गया है लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी,कांग्रेस पार्टी संघर्ष से उपजा हुआ पार्टी है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी में विश्वास और भरोसा करते हुए अनिल बागे,जेम्स केरकेट्टा, जेवियर केरकेट्टा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बरसलोया में रौतिया सामाजिक फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के अंतर्गत बरसलोया में शनिवार से रौतिया सामाजिक फुटबॉल टूनार्मेंट में आगाज हुआ। जिसका आयोजन जगनाथ किसान क्लब के द्वारा खेल प्रारंभ किया गया यह खेल तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन रखा गया हैं ।जहां विभिन्न गांवों से विभिन्न जगहों से रौतिया समाज के लोग इस खेल में शामिल होंगे वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बरसलोया गांव के मुखिया संदीप सद मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुखिया किसनी देवी मौजूद रहे खेल प्रारंभ से पूर्व गांव के पहान लुंदरू के द्वारा विधिवत रूप से धरती माता की पूजा अर्चना की गई।

वही मैच प्रारंभ मुखिया के द्वारा किक मारकर किया गया जिसमें जराकेल बनाम जलडेगा के बीच पहला मैच का मुकाबला हुआ जिसमें जराकेल 1-0 बढ़त बनाकर अपनी टीम को आगे की ओर ले चली।

वहीं दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ भाड़ रही मुखिया संदीप सद मुंडा ने बताया की खेल को भाई चारे के साथ खेलना चाहिए।

किसी प्रकार की कोई भेद भाव नहीं रखनी चाहिए। खेल आज के समय में वरदान साबित हो रहा है पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी आगे लेना बहुत जरूरी है। खेल को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोतिया समाज के खेल समिती के सदस्य रोहित सिंह ,सुबोध कुमार सिंह,शिव राज सिंह,अनिल सिंह,कार्तिक सिंह, अहलाद सिंह, पदुमन सिंह,गोविंद सिंह, राजेंद्र सिंह के संग पूरे रोतिया समाज की भागीदारी रही।

## न्यूज गैलरी

### तीन चालक सहित बालू लोड ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज

**इचाक।** इचाक सीओ मनोज कुमार महथा के नेतृत्व में अवैध बालू की ढुलाई एवं उत्खनन के खिलाफ शुक्रवार अहले सुबह सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दर्जी मोहल्ला के पास बालू लोड तीन ट्रैक्टर सहित चालक को गिरफ्तार किया गया। जिनके खिलाफ अवैध उत्खनन एवं बालू धुलाई के विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू की ढुलाई एवं उत्खनन का कार्य निरंतर जारी रहने की सूचना वरीय पदाधिकारियों को मिल रहा था। जिसके तहत शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अलौंजा गांव के तीन चालक सहित बालू लोड ट्रैक्टर जब्त कर इचाक पुलिस को सौंपते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मामले में थानेदार धनंजय सिंह ने बताया कि अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा के आवेदन पर अवैध बालू ढुलाई और उत्खनन का केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सांसद प्रतिनिधि कुंटू बाबू ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला स्थित कोरांबे में पिछले दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण स्थानीय निवासी काफी परेशान थे। मामले की जानकारी भाजपा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फकुंटू बाबू को दी गई। मामले की जानकारी पर कुंटू बाबू ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग के अधिकारियों से बात कर लोगों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका शनिवार को उन्होंने विधिवत उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा को ही मैं धर्म मानता हूं। कहा कि लोगों को जहां भी जरूरत होगी मैं उनकी मदद करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से सूरज कुमार, प्रेम कुमार, मोहन महतो, उदय प्रसाद, मोनू प्रसाद,प्रेम सागर, प्रकाश प्रसाद, सुनील प्रसाद, रमन कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, बलदेव प्रसाद, संजय प्रसाद, बिलेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### फरार अभियुक्त को भेजा जेल

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवां के ग्राम नवडीहा के फरार अभियुक्त कैलाश राय (उम्र 35 वर्ष, पिता प्रीतम राय) को नवलशाही थाना पुलिस एवं मरकच्चो थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। जानकारी हो कि अभियुक्त पर मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया था एवं कोडरमा न्यायालय के फरार अभियुक्त था। वही छापेमारी दल में नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित साव व पुलिस जवान शामिल थे।

### पेवर पथ का शिलान्यास किया

**मरकच्चो।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजन्ती देवी, समाजसेवी बसंत साव ने शनिवार को संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर पेवर पथ (पेबर ब्लॉक) का शिलान्यास किया। इस दौरान मुखिया बैजन्ती देवी ने बताया कि नावाडीह पंचायत भवन से नावाडीह ग्रामीण सड़क तक 170 फीट लम्बा पेवर पथ बनाया जा रहा है जिससे पंचायत भवन आने जाने वाले लाभुको के लिए बेहतर होगा। वही शिलान्यास के दौरान पूर्व उपमुखिया उमेश प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी सदानंद गुप्ता, सिकेन्द्र साव, नेहरू लाल साहा, परमानंद गुप्ता, शंकर वर्मा, टुकलाल यादव, डोमन साव, सुरेश साव आदि मौजूद थे।

### हाथियों के झुंड ने आलू के बीज को किया तहस-नहस, किसान मायूस



**बरकट्ठा।** बीते रात लगभग 20 की संख्या में जंगली हाथी शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बाजुकोला होते हुए तेतरिया पहुंचे। जहां चामुदोहर निवासी रामजी मांझी पिता मेहीलाल मांझी का लगभग एक एकड़ में लगा रहे आलू का बीज तथा लगा हुआ आलू पूरी तरह से नष्ट कर दिया। जानकारी मिलने पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी एवम वार्ड सदस्य सोहन टुडू स्थल पर पहुंचे और वस्तु स्थिति से अवगत हुए। रामजी मांझी ने बताया कि किसी प्रकार कर्ज लेकर आलू का बीज लाया था जो हाथियों द्वारा बर्बाद कर दिया गया ।अब फसल लगाने में असमर्थ हूं। दोनों जनप्रतिनिधियों द्वारा फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी और अंचल अधिकारी से बात कर उचित मुअवजा दिलाने का मांग की। समीम अंसारी ने बताया कि संबंधित अधिकारियों ने कहा की मामले की लिखित जानकारी अब तक नहीं मिली है जानकारी मिलने पर मुआवजा दिया जाएगा।

### पुलिस जवान को टैंकर ने कुचला, मौत

**चौपारण।** झारखंड बिहार सीमा पर मौजूद चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा चेक पोस्ट पर शनिवार की सुबह 10 बजे एक गैस टैंकर ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान को कुचल दिया। इसमें मौके पर ही जवान की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक जवान सहदुल अली चेक पोस्ट के पास एक पिकअप वैन को रोककर उसकी जांच कर रहा था। इसी दौरान पीछे से बरही की ओर से आ रहे टैंकर ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। जैप तीन का जवान बैंगाबाद गिरिडीह का रहने वाला बताया गया है।

### छात्राओं ने स्वस्थ जीवन में डायटिशियन के महत्व पर डाला प्रकाश

**हजारीबाग।** केबी महिला कॉलेज में शनिवार को सीएनडी विभाग में राष्ट्रीय पोषण माह एवं इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। मौके पर छात्राओ ने गीत, कविता और नाटक के माध्यम से पोषण का महत्व पर कुपोषण से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ किरण द्विवेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुपोषण का महत्व बताते हुए कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन काल से हीं स्वस्थ शरीर निरोगी काया का नारा काफी प्रचलित रहा है। विभाग की समन्वयक डॉ सरिता झा ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय पोषण माह को वर्ल्ड ऑफ फ्लेवर घोषित किया गया है।

# आयुष्मान भारत पखवाड़ा को लेकर जागरूकता वाहन को डीसी ने किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आयुष्मान भारत के 04 साल पूरे होने पर पुरे देश में आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 20 सितम्बर आयुष्मान भारत पखवाड़ा की शुरूआत की गई है। इसके तहत मरीज अपना स्वास्थ्य चेकअप किसी भी स्वास्थ केंद्र में करवा सकते है और मुफ्त में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। यह पखवाड़ा 30 सितंबर तक जारी रहेगा। पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इसी उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन अनिल कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा सयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थी परिवार या व्यक्ति का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्गत किये जाने के लक्ष्य को पूर्ण करें। मौके पर सिविल सर्जन, डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मिगण उपस्थित रहे।

### कोडरमा नगर में भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोडरमा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिवस को लेकर भाजपा कोडरमा नगर द्वारा सेवा पखवाड़ा के निमित्त कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी आश्रम में महंथ सुखदेव दास जी महाराज के सानिध्य मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं देश में मनाये जा रहे आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के रूप मे अमृत सरोवर कोडरमा स्थित अरघौती नदी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में अनुप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नू, राजकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू भैया, पप्पू पांडेय, विजय सिंह, पंकज सिंह, अमर सिंह, गोपाल कुमार गुतुल, नगीना पासवान, सचिन्द्र कुमार शर्मा, नरेश मंडल, मुकेश यादव, अम्बिका प्रसाद, राजू यादव, उदय कुमार, राज कुमार सिंह, संजय सिंह, सुजीत सिन्हा, श्याम किशोर सिंह, संदीप गुप्ता, जाहिद हुसैन, रितेश कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

## मुखिया निधि से लगी स्ट्रीट लाइटें बंद, शोभा की वस्तु बनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के सभी 17 पंचायत में मुखिया निधि से स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। लेकिन अभी सैकड़ों लाइटें बंद पड़ी हैं। सरकार ने स्ट्रीट लाइटें चौक चौराहों में लगाने के लिए ग्राम पंचायत मदो में करोड़ो रुपए खर्च की, लेकिन सब पानी फेर गया। लाइटें बन्द होने से इन्हें लगाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा हैं बल्कि यह शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। लोंगो को अंधेरे में ही आवाजाही करने को विवश होना पड़ रहा हैं। लाइट लगने के बाद से ही खराब होने का सिलसिला चलता रहा, लेकिन इसे मरम्मत करने का बीड़ा पंचायत चुनाव तक कुछ हद तक उठाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक स्ट्रीट लाइट लगाने में तीन हजार चार सौ रुपये की लागत आई थी। इसी में मेंटेनेंस चार्ज भी शामिल था जो अब कई स्थानों पर हाथी का दांत साबित हो रही है। इस प्रकार लाखो रुपये का दुरुपयोग होता नजर आ रहा है। अधिकांश लाइटें मरम्मति के अभाव में पोल पड़ लटकी हुई है। रोशनी मिले या न मिले लेकिन शोभा की वस्तु बनकर अवश्य रह गई है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव में सहमति नहीं बनी तो हजारीबाग के कांग्रेसी भी करेंगे मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला कांग्रेस के दो विधायक सहित 17 कांग्रेसी नेता को प्रदेश प्रतिनिधि बनाया गया। जो 17 अक्तूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनावी मतदान प्रक्रिया में शामिल होंगे। यह मनोनयन जिले के 16 प्रखंड और एक नगर क्षेत्र से किया गया है। हजारीबाग जिला कांग्रेसी नेता को प्रदेश प्रतिनिधि बनाए जाने पर राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य सरकार के मंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता आलमगीर आलम के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिन नेताओं को प्रदेश प्रतिनिधि बनाया गया है उसमें चौपारण प्रखंड से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, केरेडारी प्रखंड से बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, हजारीबाग नगर से राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर पाठक, सदर प्रखंड से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा, बड़कागांव प्रखंड से कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, विष्णुगढ़ प्रखंड से जोनल कोडीनेटर भीम कुमार, इचाक से चिकित्सका प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता, कटकमदाग से जिला कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कुमार सिंह, दारू से शशि मोहन सिंह, चुरचू से युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, कटकमसांडी से महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमारी बाखला,बरकट्ठा से ओबीसी के प्रदेश महासचिव डॉ प्रकाश कुमार, चलकुशा से संतोष कुमार देव, पदमा से जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, डाडी से जिला कांग्रेस महासचिव शारदा रंजन दुबेस, टाटीझरिया से कैलाशपति देव और बरही प्रखंड से केदार पासवान शामिल हैं। इन सभी नेताओं को प्रदेश प्रतिनिधि बनाए जाने पर पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, जावेद इकबाल, धीरेंद्र कुमार दुबे, लाल बिहारी सिंह, गोविंद राम, बिनोद कुमार यादव, प्रकाश यादव, तसलीम अंसारी, केडी सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, सुनील कुमार ओझा, अजीत कुमार सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, बाबर अंसारी, माशूक अंसारी, सरयू यादव, शिवनंदन साहू, दिलीप कुमार रवि आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दुर्गापूजा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूजा समिति सदस्यों व प्रतिनिधियों से कहा कि सार्वजनिक रूप से पर्व के आयोजन हेतु सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। पूजा समितियों का यह दायित्व होगा कि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी प्रकार की भी कोई अफवाह सामने आती है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को दी जाए एवं सोशल मीडिया पर भी किसी प्रकार की अफवाह सामने आने पर इससे जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए। बिना जानकारी की पुष्टि किए किसी भी प्रकार से मैसेज को फॉरवर्ड ना किया जाए। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन अफवाह फैलाने व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर रख रहा है एवं ऐसा करने वाले किसी भी व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी पूजा समितियों को पूजा पंडाल में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रखने एवं नियमित रूप से लोगों को इसके माध्यम से आवश्यक जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक गीत नहीं बजने देने व निर्धारित समय के उपरांत लाउड स्पीकर का उपयोग न करने का निर्देश दिया। पर्व के आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पूजा समितियों को पंडाल में आवश्यक मेडिकल किट उपलब्ध रखने एवं आवश्यकता अनुसार उनका इस्तेमाल करने का निर्देश दिया।

सार्वजनिक स्थलों पर पर्व के आयोजन के दौरान यातायात प्रबंधन की समस्या के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने पूजा समितियों को वॉलिंटियर्स के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभास दत्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सीमा आईन्द, विभिन्न पूजा के समिति सदस्यों एवं प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### डोमचांच में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद चार गिरफ्तार



**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पत्थर खदान से कुछ दूरी पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। पुलिस को मिली सूचना के बाद पुलिस टीम ने रविवार को 4 बोरे में पावर जेल (विस्फोटक) बरामद किया। इस संबंध में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं डोमचांच थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में और लोगों की संलिप्तता की सम्भावना है। इधर कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है।

### विद्युत चोरी मामले में दस ग्रामीणों पर केस दर्ज

**इचाक।** प्रखंड में हो रहे विद्युत ऊर्जा चोरी के रोकथाम को लेकर विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चला। अभियान के दौरान बरवा, अलौंजा कला,ऑसिया और कुरहा गांव के 10 ग्रामीणों को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। जिनके खिलाफ विद्युत ऊर्जा चोरी मामले के सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जिन ग्रामीणों पर बिजली चोरी का आरोप लगा है उनमें जनार्दन यादव, विनय कुमार, मोहम्मद अली, दिलचंद मेहता बरवा, हीरालाल मेहता, शिव कुमार मेहता, रवि मेहता अलौंजा कला, कुलदीप कुमार अशिया और कुरहा गांव के प्रभु प्रसाद मेहता तथा आनंद मेहता शामिल है। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के धरपकड़ को लेकर छापामारी जारी है। इधर विभाग के कनिया अभियंता अमित कुमार शर्मा ने कहा कि विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## पुलिस वैन में फंस गयी बाइक,घसीटता हुआ थाने तक ले गया ड्राइवर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पदमा।** बाइक सवार युवक को पुलिस वैन से टक्कर लग गयी। इसके बाद बाइक पुलिस वैन में फंस गयी। वैन चालक बाइक को पांच किमी तक खिंचते हुए सीधे पदमा थाना पहुंच गया। बजाए घायल को कुछ मदद करने के। यह वाकया पदमा थाना क्षेत्र के एनएच 33 दाऊजी नगर चौक का है। यहा तेज रफ्तार पिकअप वैन ने शुक्रवार को सड़क पार कर रहे बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार श्रवण कुमार दूर सड़क पर जा गिरा। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना के बाद लोग जुट आए। लेकिन वैन चालक मानवता को भूलकर पिकअप में फंसी बाइक को पांच किलोमीटर घसीटता हुआ पदमा थाना जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार हजारीबाग पुलिस लाइन की गाड़ी को एक पुलिस ड्राइवर चला रहा था। इधर घायल युवक तड़पता रहा। पुलिस वाला मानवता को भूल बाइक सवार को रोड पर तड़पता छोड़कर भाग गया। बाइक सवार इचाक के परासी गांव निवासी श्रवण कुमार अपना पैर गवां चुका है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया है। जहां घायल युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। युवक जेएसएलपीएस में कार्यरत है जो एसएसजी का कार्य करने कुटीपीसी गांव से लौट रहा था। इसी दौरान घटना घटी। घटना की जानकारी पाते ही पदमा पुलिस पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घायल बाइक चालक को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा। पदमा पुलिस के अनुसार बाइक और पिकअप वैन को थाने में जब्त कर रखा गया है।

## कर्मियों की उदासीनता के कारण 15वें वित्त आयोग के लाभ से दूर हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कटकमसांडी।** कर्मियों के उदासीनता के कारण कटकमदाग प्रखंड के ग्रामीण 15वें वित्त योजना के लाभ से कोसो दूर हैं। जबकि सरकार गांव के विकास के लिए प्रखंड के 11 पंचायतों में राशि उपलब्ध करा दी है। लेकिन 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक के उदासीनता के कारण पंचायत में आवंटित राशि उसी प्रकार पड़ा हुआ है। 14वें वित्त आयोग की राशि से प्रखंड में सोलर लाइट और टेंकर की खरीदारी की गई थी जो इन दिनों सभी बेकार पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि 14वें वित्त आयोग राशि से जिस प्रकार कमीशन के लिए सामाग्री की खरीदारी की गई थी ठीक उसी प्रकार से 15वें वित्त राशि से सामान खरीदारी करने के लिए योजना शुरू नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि योजना से ज्यादा सामान खरीदारी करने में फायदा है। ग्रामीण 15वें वित्त आयोग के राशि का सही उपयोग करने के लिए जिला प्रशासन से योजनाओ की जियो टैगिंग कराने की मांग की है तांकि राशि का दुरुपयोग नहीं हो सके। कांग्रेस नेता सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर मिश्रा ने 15वें वित्त आयोग से प्रखंड में की सामाग्री खरीदारी की उच्च स्तरीय जांच कराने और वर्तमान राशि से अविलंब विकास योजना जियो टैगिंग कराते शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक राहुल रंजन ने कहा कि जिला से आवंटित राशि सभी पंचायतों के खाते में भेज दी गई है। इस राशि से जो भी काम करना है वह पंचायत निर्धारित करेगा। इसमें मेरा कोई दखल नहीं। उन्होंने कहा कि किस पंचायतों को कितनी राशि मिली है वह पंचायत ही बता सकेगा।

## शारदीय नवरात्र 2022 में बन रहे हैं कई दुर्लभ संयोग, माता की कृपा से श्रद्धालुओं की पूरी होंगी मनोकामनाएं : मिथलेश तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** इस वर्ष शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 26 सितंबर से होगा। इस बार की नवरात्रि पूरे 09 दिनों की है। इस बार के नवरात्र पूजा में कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं, जिस कारण सच्चे मन से माता की अराधना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। यह बात 24 सितंबर को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संचालक आचार्य मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 26 सितंबर से आरंभ हो रहा है। बताया कि इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। माता के इस प्रकार आगमन से श्रद्धालुओं की खुशहाली और समृद्धि बढ़ेगी। इस बार की नवरात्रि कई शुभ संयोग बन रहे हैं। नवरात्रि का प्रारंभ ही सर्वार्थ सिद्धि योग में होने वाला है। यह योग मनोकामनाओं और कार्यों की सिद्धि करने वाला माना जाता है। इस योग में



किए गए कार्य सफल सिद्ध होते हैं।

**माता रानी के आगमन और प्रस्थान की सवारी :** श्री तिवारी ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि सोमवार को प्रारंभ हो रहा है। इसलिए मां दुर्गा हाथी की सवारी पर पृथ्वी लोक में आएंगी। बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार जब मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होता है तो सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। मां दुर्गा का गमन बुधवार को हो रहा है, इसलिए इस दिन वे चरणायुध युद्ध में विदा होंगी।

**कई शुभ संयोगो में नवरात्रि :** बताया कि इस वर्ष नवरात्रि के पूरे 09 दिनों में कई शुभ संयोग बने हुए हैं। 26 सितंबर को नवरात्रि का प्रारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग में हो रहा है। नवरात्रि के 5वें दिन 30 सितंबर को और 7वें दिन 02 अक्टूबर को भी सर्वार्थ सिद्धि योग बना हुआ है।

वहीं नवरात्रि के चौथे दिन, छठे दिन और आठवें दिन रवि योग बना हुआ है। रवि योग संकटों को दूर करके शुभता और सफलता प्रदान करने वाला माना जाता है। सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग में मां दुर्गा की पूजा करना विशेष फलदायी होता है।

**नवरात्रि में दुर्गा पूजा का महत्व :** मिथलेश तिवारी ने बताया कि लंका पर विजय के लिए भगवान श्रीराम ने 9 दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की थी। मां दुर्गा के आशीर्वाद से 10वें दिन प्रभु राम ने रावण का वध कर दिया और लंका पर विजय प्राप्त की। इस वजह से मान्यता है कि जो भी शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन विधिपूर्वक करता है, उसे अपने कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।

**शारदीय नवरात्रि 2022 के नौ दिन :** नवरात्रि पहला दिनः 26 सितंबर 2022 मां शैलपुत्री पूजा, दूसरा दिनः 27 सितंबर 2022 मां ब्रह्मचारिणी की पूजा, तीसरा दिनः 28 सितंबर 2022 मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथा दिनः 29 सितंबर 2022 मां कुष्मांडा की पूजा, पांचवा दिनः 30 सितंबर 2022 मां स्कंदमाता की पूजा, छठा दिनः 01 अक्टूबर 2022 मां कात्यायनी की पूजा, सातवां दिनः 02 अक्टूबर 2022, मां कालरात्रि की पूजा, आठवां दिनः 03 अक्टूबर 2022 मां महागौरी की पूजा, नौवां दिनः 04 अक्टूबर 2022 मां सिद्धिदात्री की पूजा, व्रत का पारण, हवन विजयादमीः 05 अक्टूबर 2022 को।

### पुलिस और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए वर्कशॉप आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए वर्कशॉप आयोजित किया गया। बाल यौन हिंसा, बाल विवाह व साईबर अपराधों से बचाव के उपाय बच्चों को बताये गए। पुलिस पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने गुड टच -बैड टच की पहचान करने, सोशल मिडिया के उपयोग में सावधानी बरतने के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे पुलिस को अपना मित्र समझें और जब भी जरूरत लगे बेझिझक स्थानीय पुलिस थाने में सम्पर्क करें। उन्होंने मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन का नम्बर भी बच्चों से साझा किया। कार्यशाला में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम प्रबंधक गोविन्द खनाल ने बच्चों को बाल दुव्यार्पार (ट्रैफिकिंग) के खतरों के बारे में बताते हुए उससे सावधान रहने के लिए बच्चों को हिदायत दिया। कार्यक्रम में विभिन्न बाल मित्र गांवों से 150 से ज्यादा बचे शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन बी एम जी परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार ने किया।

## न्यूज गैलरी

### स्वच्छता जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



**लोहरदगा।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद, एवं युवा कार्य विभाग झारखंड और जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज स्वच्छता जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस रथ के जरिये सभी सात प्रखंडों में पॉलीथिन नहीं इस्तेमाल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। यह जागरूकता रथ पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रवाना किया गया जो पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद, एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की ओर से आयोजित किया गया है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी अमित बेसरा, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार समेत कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय की एनसीसी की छात्राएं आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने पक्कीकरण पथ गुणवत्ता पूर्ण बनाने की मांग




**बानो।** प्रखंड के जमतई पंचायत में बन रहे पक्कीकरण पथ में स्वेदक द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य नही करने पर ग्रामीण का एक दल सड़क का निरीक्षण कर गलत पाया। जिसमें तीन दिन पूर्व पक्कीकरण सड़क का निर्माण किया गया था। जिसका अलकतरा हाथ से उखाड़ कर देखा गया और कार्य के प्रति नाराजगी जाहिर की। मालूम हो कि गेनमेर से घाट बाजार से 13 किलोमीटर पक्कीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को देने के बाद शाम को गांव जाकर जिले के सम्बन्धित बिभाग के अधिकारियों ने कार्य में सुधार लाने का आश्वासन दिया है निरीक्षण दल में राजू महतो पंचायत समिति सदस्य गेनमेर, मनीष साहू, प्रदीप साहू, राजेश बड़ाइक, सुरेश साहू, जबार खान आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### भंडरा में ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा के प्रसिद्ध अखिलेश्वर मंदिर के समीप शुक्रवार को सरना सहयोग समिति कसपुर के तत्वावधान में ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के पहान पूजार द्वारा विधि पूर्वक पूजा किया गया इसके उपरांत पारम्परिक वेस- भूसा एवं गाजे बाजे के साथ विभिन्न खोड़हा द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर आदिवासी सहयोग कमेटि लोहरदगा फौजी - पुलिस के उपाध्यक्ष राकेश भगत ने कहा की हमारे यह संस्था का उद्देश्य समाज को सहयोग करना शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाव देना। संस्था के माध्यम से गरीब विद्यार्थियों को पढ़ना और आगे बढ़ना। इस मौके पर कैरो जीप सदस्य सुखदेव उराँव, सेन्हा जीप सदस्य राधा तिर्की एवं भंडरा जीप सदस्य राजमणि उरांव, पंचायत समिति प्रतिमा उरांव आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान सभी नृत्य खोड़हा को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विनोद उरांव, सामिल उरांव, सतीश भगत, शंकर भगत, सालिकराम भगत, लालदेव भगत, रोपना उरांव, महाबीर उरांव, पंकज उरांव, धर्मदेव उरांव, आंजन उरांव, मंगरा उरांव, पिंटू उरांव आदि उपस्थित थे।

### सलूजा गोल्ड छड़ कंपनी ने राज मिस्त्री ठेकेदार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में सलूजा गोल्ड छड़ कंपनी के द्वारा राज मिस्त्री, ठेकेदार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें कंपनी के टेक्निकल हेड विनय कुमार के द्वारा निर्माण कार्य में छड़ के इस्तेमाल के बारे बताया गया। घरों, पुल-पुलिया या किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण आई एस आई मार्का इल्ड स्ट्रेंथ 600 का छड़ का ही इस्तेमाल करने को कहा गया। सलूजा गोल्ड इन सभी मानकों को पूरा करता है। इसके अलावा छड़ लैपिंग, जोएण्ट,सरिया को छत में बांधने का तरीका को बताया गया। इसके अलावा कॉलम, बीम, छत ढलाई में सीमेंट, चिप्स, बालू की मात्रा मिलाने के बारे भी बतलाया गया। इसके अलावा ये भी बताया गया कि निर्माण कार्यों में छड़ का किस एम एम का कितना मात्रा और किस तरीके से प्रयोग किया जाए ताकि भूकंप रोधी हो सके। इस मौके पर उपस्थित लोगों से कई सवाल भी पूछे गए। उसका जबाव उपस्थित लोगों ने अपने अनुसार दिया। सभी को कंपनी की ओर से उपहार भी दिया गया। इस मौके एरिया मैनेजर विनय कुमार रजक, स्थानीय डीलर रवि प्रजापति, रामप्रसाद पाल, राजेश सोनी, रुषतम अंसारी, जयराम उरांव, सिकंदर अंसारी, सुदामा महतो, राजकुमार राम, तामूल अंसारी, विकास रविदास, विक्रम महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### केजीबीजी कुडू की छात्राओं ने किया शिक्षा के अधिकार पर नाटक मंचन



**कुडू-लोहरदगा।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 विषय पर शनिवार को कुडू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय कुडू में छात्राओं द्वारा नाटक मंचन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कुडू बीड़ीओ मनोरंज कुमार उपस्थित हुए। मौके पर कई कहानियां प्रदर्शित कर छात्राओं ने शिक्षा का अधिकार कानून की जानकारी दी और यह बताने का प्रयास किया कि शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। इसके अलावा अनेकानेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसका सभी ने खूब लुत्फ उठाया। मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार ने छात्राओं द्वारा किये गए मंचन की भूरी भूरी प्रशंसा की और बताया कि शिक्षा के प्रति सजग सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून लागू किया जो वर्ष 2009 से ही प्रभावी माना गया है। इसके तहत किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। मौके पर विद्यालय की वार्डन, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थी।

---

पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कोलेबिरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# अपने अगल-बगल कचरा जमा न होने दें स्वच्छता का पूरी तरह से रखें ध्यान : बीडीओ

नवीन मेल संवादद

**कोलेबिरा।** पर्यटन निदेशालय झारखंड तत्वाधान में पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय में थाना मोड़ से होते हुए रण बहादुर सिंह चौक तक प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी थाना प्रभारी कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख कोलेबिरा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान थाना मोड़ से रण बहादुर सिंह चौक तक पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के द्वारा सड़क के किनारे पड़े कूड़ा करकट को झाड़ू कर सफाई किया गया। इस सफाई अभियान में सभी ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर मुख्य पथ के दोनों और पढ़े पुणे को साफ करते हुए लोगों को यह संदेश दिया की अपने आस-पड़ोस में सफाई रखना कितना महत्वपूर्ण है सफाई रखने से समाज और परिवार बीमारी से सुरक्षित रहते हैं आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर दिखता है। इस सफाई अभियान में प्रखंड के सभी पदाधिकारी के अलावे कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकड़ा उप मुखिया संजीत कुमार के अलावे कोलेबिरा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा ने उन लोगों से आह्वान किया कि इस स्वच्छता पखवाड़ा को हम वर्ष में ना करके अगर वाह में एक बार करें तो शायद हमारे अगल-बगल कचरा जमा होगा ही नहीं जिससे हमें स्वच्छ रखने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी आइए हम सभी मिलकर अपने प्रखंड मुख्यालय के साथ साथ प्रखंड के सभी क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर रखें अपने हाथ में स्वच्छता का झाड़ू लेकर अपने अगल-बगल के स्थान को हमेशा स्वस्थ रखें। इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी हरीश कुमार, थाना प्रभारी रामेश्वर भगत, प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, कोलेबिरा पंचायत मुखिया अंजना लकड़ा, उप मुखिया संजीत कुमार, विभागीय सांसद प्रतिनिधि रणधीर कुमार, समाजसेवी विनोद कुमार उर्फ डब्लू, अभिषेक कुमार साहू, अनुपम बेक, वार्ड समिति सदस्य के अलावा कसरत क्लब जिम के सदस्य उपस्थित थे।

### मालसाड़ा पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र का किया गया उद्घाटन



**बोलबा।** मालसाड़ा पंचायत सचिवालय में शनिवार को आधार केंद्र का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज अंचल अधिकारी बलराम मांझी मालसाड़ा पंचायत मुखिया विनोद बड़ाईक संयुक्त रुप से फीता काट कर आधार कार्ड केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा है की अब प्रखंड कार्यालय मालसाड़ा वासियों को जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी अब मालसाड़ा पंचायत में ही आधार सुधार आधार अपडेट एवं फिंगर प्रिंट पंचायत में ही हो जाएगी साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रचार प्रसार एवं विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि अब मालसाड़ा वासियों को परेशानी नहीं होगी और प्रज्ञा केंद्र एवं आधार केंद्र का लाभ लें एवं अंचल का भागदौड़ ना करें जमीन सुधार रसीद कटाना हो जमीन संबंधित आवेदन प्रज्ञा केंद्र से ही किया जा सकता है।कार्यक्रम में मुखिया ने संबोधित किया अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित एवं अपना विचार रखा।कार्यक्रम का संचालन श चंद्रदेव सिंह ने किया और प्रज्ञा केंद्र से संबंधित सुविधाओं को विस्तार से जानकारी दी एवं धन्यवाद ज्ञापन मालसाड़ा पंचायत मुखिया विनोद सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल सिंह ,केसरी सिंह, संतू सिंह, दिलीप, विवेक यादव ,जगरनाथ सिंह, राम सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बच्चा चोरी के अफवाह को लेकर डालसा सचिव ने पीएलवी के साथ की बैठक, दिया निर्देश



नवीन मेल संवादद

**लोहरदगा।** जिले में सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से इन दिनों कई तरह के अफवाह एवं भ्रमक खबरें फैलाई जा रही हैं। जिसमें बच्चा चोरी की खबर की अफवाह गंभीर रूप ले चुका है। गांवों में डर का माहौल है। इससे दुसरे गांव के लोग अन्य गांव में जाने से डर रहे हैं। क्योंकि उन्हें डर होता है की बच्चा चोर समझकर उनपर ग्रामीण हमला न कर दें। उक्त तथ्यों के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देश पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने 24 सितंबर को पीएलवी के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रखंड और थाना में प्रतिनियुक्त पीएलवी को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को समझाए कि सोशल मीडिया में डर और घृणा फैलाने वाले वीडियो व मैसेज को न फैलाएं। ऐसा करना भारतीय दण्ड संहिता एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने कहा कि फेसबुक और व्हाट्सएप पर बहुत से असत्यापित संदेश आते रहते हैं। उसे न तो खोले और न ही उसका जवाब दें। कई बार लालच में आकर लोग अपना बैंक अकाउंट डिटेल, पिन नंबर और ओटीपी तक दे देते है। जिस कारण उनकी वर्षों की कमाई को हैकर मिनटों में उड़ा ले जाते हैं। उन्होंने सभी पीएलवी को अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को इन विषयों पर जागरूक करने का निर्देश दिया। साप्ताहिक बाजार, हाट एवं पंचायतों में जाकर लोगों को जागरूक करें। मौके पर पीएलवी नेमहंती मिंज, आशीष वर्मा, गौतम लेनिन, दिलीप साहू, रोहित कुमार, हफीजूल अंसारी, छाया देवी, सीमा कुमारी, रवि लोहारा, जितेंद्र राम, पुन्नी देवी, दुखंती मिंज, अजहर अहमद, सुनेश्वर उरांव, दीपक साहू, प्रियांशु यादव, देवमणि, सोमा उरांव उपस्थित थे।

---

होलीफेथ पब्लिक स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### कक्षा दो की काव्या मिश्रा व खुशी सहित कई बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू के टीको स्थित होली फेथ पब्लिक स्कूल में शनिवार 23 सितंबर को नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के छात्र - छात्राओं में बीच गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी कक्षा से 90 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमे कक्षा नवीं की खुशी और दो की काव्या मिश्रा का शानदार प्रदर्शन रहा इसके अलावा सीनियर विंग के कक्षा दसवीं के महरोज और गुड्डी कक्षा नौ के आयुष रैना एवं खुशी, कक्षा आठ से राज, दीपांशु, मेघा, कक्षा सात प्रियांशु आनंद कक्षा 6 से इशरत, श्वेता अर्थ एवं अंकिता, कक्षा पांच के मारिया सुहैल, प्रेम पासवान, फरहा अफरीन कक्षा चार की राधिका, जालिश, रामदयाल, कक्षा तीन से जूही, अल्तमस, साक्षी, कक्षा दो से काव्या मिश्रा कमर फैसल, रेहान, कक्षा एक से फहद, फरहान, हनी, यूकेजी से रौशनी, लाइवा, शैलेश एलकेजी से सिद्धार्थ, सत्यार्थ, एवं फरहान और नर्सरी से आरोही, मंटू एवं अक्षय क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे कसफल छात्र - छात्राओं को स्कूल के निदेशक अशोक कुमार मिश्रा और सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत डाकघर सिमडेगा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला में स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है ऐसे में सभी लोग अलग-अलग तरीके से इसे मना रहे हैं इसी के तहत शनिवार को सिमडेगा मुख्य डाकघर में डाक विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया रक्तदान शिविर वीरू स्थित शांति भवन मेडिकल सेंटर के माध्यम से आयोजित की गई जहां पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध सिंह, डॉक्टर विक्रम कुमार, पीआरओ प्रवीण तिवारी, ग्लैडमीन दास खरीस्टोफर लकड़ा, खुबैब शाहिद उपस्थित रहे मौके पर डॉ विक्रम कुमार तिर्की ने बताया कि रक्तदान महादान की गिनती में आता है रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है एवं उस वक्त से दूसरे की जान बचाने में काम आती है लगातार ब्लड की कमी से कई बार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इसी प्रकार जन सरोकार की भावना से लोग आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे तो समाज में रक्त की कमी नहीं होगी। इस मौके पर कुल 8 यूनिट रक्तदान किया गया रक्तदान करने वालों में डाक निरीक्षक सिमडेगा, सुदामा प्रसाद, अजय कुमार पांडे, रामवत प्रेम कुमार, मनोज कुमार प्रसाद, हलधर सिंह, शिवम कुमार, चंदन प्रसाद शामिल रहे। मौके पर पोस्ट मास्टर शिव शंकर ठाकुर ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रक्त की कमी के कारण कोई भी मरीज को परेशानी ना हो और इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डाक अधीक्षक वासुदेव कुमार सहायक डाक कर्मी, अजय वर्मा, मुरारी प्रसाद, प्रवीण यादव, अमित कुमार सिंह, मनोज प्रसाद, रजनी मुर्मू, रिंकू देवी जॉन हैरेंज, संजय साहू आदि उपस्थित रहे।

### नेहरू युवा केंद्र ने बानो में हिंदी राजभाषा रैली का किया आयोजन

**बानो।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा अंतर्गत 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए अलग अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बानो प्रखण्ड के आरसीएम स्कूल बांकी से हिंदी राजभाषा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरसीएम स्कूल बांकी के विद्यार्थियों के साथ बानो प्रखंड के युवा मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजभाषा रैली को हाई स्कूल के फादर प्रदीप केरकेट्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्कूल से निकल कर नौमील तक और फिर वहां से वापस स्कूल में आकर समाप्त हुई। इस रैली में युवाओं ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए 'हिन्दी पखवाड़ा में हमने ठाना है, लोगों में हिन्दी का स्वाभिमान जगाना है। हिन्दी हम अपनाएंगे, राष्ट्र की शान बढ़ायेंगे। जैसे नारे लगाकर लोगों को हिन्दी के महत्व के प्रति जागरुक कर उनमें उत्साह भरी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखण्ड के विभिन्न युवा मंडलों के ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

युवा सद्भवना मंच के तहत पुलिस प्रशासन ने किया फुटबॉल मैच आयोजित

### विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** युवा सद्भावना मंच के तत्वाधान में प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार के खेल मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी ऋषिकान्त तथा उप प्रमुख पॉल पन्ना उपस्थित थे। सद्भावना मैच में पंचायत के क्षेत्र के तोड़ार,चौकनी,मुरकी और उच्च विद्यालय तोड़ार की टीमो ने भाग लिया। जिसमें पहला मैच मुरकी और तोड़ार के बीच खेला गया। जिसमे तोड़ार विजयी हुए वही दूसरा मैच चौकनी तथा उच्च विद्यालय तोड़ार के बीच खेला गया जिसमें चौकनी की टीम विजयी हुए। फाइनल मुकाबला चौकनी और तोड़ार के बीच खेला गया। जिसमें ट्राइब्रेकर में 5 - 0 से तोड़ार को पराजित कर चौकनी की टीम फाइनल मैच जीत लिया। वही विजेता एवं उपविजेता टीम को प्रशासन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी गांवों में सद्भवना दूत का गठन करना है। जिसे लोग निर्विवाद रूप से भाईचारगी के साथ आपस मे मिल जुल कर रहेंगे। और किसी तरह का अफवाह पर ध्यान नही देना है। असमीजक तत्वो के द्वारा शान्ति भंग करने पर नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि युवाओं के बीच प्रेम व सद्भवना बनाने के उद्देश्य से प्रशाशन द्वारा विभिन्न तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। युवा किसी तरह का बहकावे में ध्यान न दे और आपस मे सभी लोगो को सम्मान देने का कार्य करें जिसे गांव मे शान्ति व सौहार्द बना रहे और लोग प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुल कर रहें। कहा कि आज के युवा ही कल के भविष्य है। मौके पर उप प्रमुख पॉल पन्ना,पंचायत सचिव महिपाल उरांव, रोजगार सेवक निमाई चांद महतो के अलावे शरद यादव, राजू नायक, रोजउद्दीन अन्सारी, नरेंद्र महतो, मुस्तफा अन्सारी, रोहित भगत सहित सैकड़ों युवा खिलाड़ी और ग्रामीण उपस्थित थे।

लोहरदगा में मछली पकड़ने का दौरान गहरे पानी में डूबा वृद्ध, शव की खोजबीन जारी

### शव को खोजने के लिए मशक्कत करते रहे ग्रामीण व पुलिस, एनडीआरएफ टीम को बुलाने की कवायद

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा / लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के तेतरपोका के माल्या गढ़ा स्थित नन्दनी नदी में शुक्रवार को करीब तीन बजे तेतरपोका निवासी स्व गणेश उराँव के 60 वर्षीय पुत्र सोमे उराँव नदी में मछली पकड़ने का दौरान गहरे पानी में डूब गया। स्थानीय ग्रामीणों ने काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन उसका शव को खोजने में असफल रहे। इस घटना की जानकारी भंडरा पुलिस को दिया गया। जिसके बाद भंडरा थाना के एसआई अनूप खलखो एवं पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग



से शव को खोजने का प्रयास किया। शव को खोजने के लिए आसपास गांव के युवकों ने नदी में घुस कर खोजने का प्रयास किया। शव निकालने के लिए झागर, जाल आदि का इस्तेमाल किया गया परन्तु शव को नही निकाल पाए। ग्रामीणों ने बताया की शुक्रवार को शाम तीन बजे गांव के अन्य पांच छह लोगों के साथ सोमे उराँव मछली पकड़ने के लिए नदी गया था। मछली पकड़ने के लिये अन्य लोगों के साथ जाल लगा रहा था। उसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया और पानी में कही खो गया। ग्रामीणों द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया गया लेकिन खोज नही पाए। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की एक व्यक्ति नदी में डूबने की जानकारी अपने वरीय पदाधिकारियों को दिया गया है। शव खोजने के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाने की बात कही जा रही हैं। इसके लिए आपदा प्रबंधन को सूचित किया गया है।

---

सूचना भवन में ओरिएंटेशन-सह-सेमिनार का हुआ आयोजन

### न्यूज पेपर में खाने की आदत छोड़ें, कैंसर का बनता है कारण : एसडीओ

■ अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) की ओर से शनिवार को सूचना भवन स्थित सभागार में सूचीबद्ध कलाकारों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु ओरिएंटेशन-सह-सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सरकारी योजनाओं को अच्छी तरह बताएं। किसी भी योजना के बारे कोई भ्रम है तो संबंधित विभाग या प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय में संपर्क कर लें। किसी योजना के लाभ के लिए सरकार की ओर से कोई पैसा नहीं मांगा जाता है, इसके संबंध में किसी तरह के अफवाह में विश्वास नहीं करें। इसके अलावा आगामी पर्व त्यौहारों के मद्देनजर अगर किसी तरह की अफवाह फैलती है तो उस पर विश्वास नहीं करे और उसकी पुष्टि कर लें कि वह सही है या नहीं।

अनुमण्डल पदाधिकारी ने बताया कि न्यूज पेपर में खाने का प्रचलन बढ़ रहा है। यह कैंसर की बीमारी का प्रमुख कारण है क्योंकि न्यूज पेपर की छपाई में विभिन्न तरह के कैमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा किडनी व लीवर भी खराब होता है। इसके बारे भी जागरूकता फैलायें। जब भी कुछ बंद डिब्बा/पैकिंग वाला सामान खरीदें तो उसमें उस वस्तु के उत्पादन की तिथि और एक्सपायरी डेट देखने की आदत डालें। सरकार ने 11 तरह के पान-मसालों (रजनीगंधा, राजनिवास, पान पराग, शिखर, दिलरूबा, मुसाफिर, मधु पान मसाला, विमल, बहार, सेहरत और पान पराग प्रीमियम) के बिक्री, भण्डारण आदि पर प्रतिबंध लगाया है। इनके इस्तेमाल से बचें। गुटखा खाने से कैंसर होता है। जब बाजार से सब्जियां लाते है तो उसे धोकर खाइये। सड़क सुरक्षा के तहत अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अगर किसी व्यक्ति द्वारा पहले 1 घंटे के अंदर अगर अस्पताल पहुंचा दिया जाता है तो उसे गुड सैमरिटन के तौर पर पांच हजार रुपए दिया जाता है और जिला के उपायुक्त प्रशस्ति पत्र भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा केसीसी, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एपीआरओ आशीष कुमार, स्वागतक सुभद्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर राजा कुमार, अनुसेवक सोहेल अहमद, विकास वर्मा, जिला जनसम्पर्क कार्यालय लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दल के दलनायक व कलाकार शामिल थे।

### रक्तदान कर मानवता की रक्षा जीवन रक्षा में अपना-अपना बहुमूल्य योगदान करें : गोविंद साहू

सदर अस्पताल में गायत्री परिवार के द्वारा छठा रक्तदान शिविर आज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से पूरे झारखंड के सभी जिलों में 6वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसी निमित्त अपने लोहरदगा गायत्री परिवार के द्वारा आज सदर अस्पताल लोहरदगा के ब्लड बैंक परिसर में 6वां रक्तदान शिविर (ब्लड डोनेशन कैम्प) का आयोजन 10:30 बजे पूर्वाहन से 02:00 बजे अपराह्न तक किया जा रहा है। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टि प्रो। गोविन्द साहु जी ने बताया कि आज के समय में देश में ब्लड की बहुत आवश्यकता है, ब्लड की कमी के कारण अनोकों अपनों का जान चला जाता है। सबसे अधिक ब्लड की आवश्यकता देश की रक्षा कर रहे सैनिकों को युद्ध और अन्य समय पर होता है। दूसरा आवशयकता गर्भवती माताओं - बहनों को होता है। तीसरी आवश्यकता बीमार लोगो को होता है और चौथी आवश्यकता दुर्घटना में घायल लोगों को होती है। चाहे जिसे भी और जिस कारण से भी ब्लड की आवश्यकता हो पर अपने देश में जितने भी ब्लड की आवश्यकता प्रत्येक दिन होती है उसका एक चौथाई भी ब्लड हमारे देश के ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं है। इस लिए हमारे गायत्री परिवार के परिजनों के द्वारा पिछले छः सालों से एक अभियान चला कर यह आयोजन प्रत्येक साल झारखण्ड के हर जिले में आयोजित किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी जागरूक लोगों से आग्रह (अपील) किया है की मानवता के लिए आप भी चाहे जिस भी जाति धर्म सम्प्रदाय के हों इस कैम्प में रक्तदान कर देश को ब्लड कमी न होने देने में अपना योगदान करें। आपका 1 यूनिट रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। रक्तदान के बहुत सारे फायदे भी हैं जैसे :- रक्तदान करने वाल व्यक्ति के शरीर में आटोमेटिक एंटीबाइटीक क्षमता का विकास होता है जिससे दूसरे रोगों से लड़ने की क्षमता स्वतः विकसित हो जाता है।

## न्यूज गैलरी

### मनिका विधायक का पोलपोल में हुआ जोरदार स्वागत

**मेदिनीनगर।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का पोलपोल में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया मौके पर रामचंद्र सिंह ने कहा कि पोलपोल के लोगों के साथ मेरा परिवारिक रिश्ता है। यहां के लोग मेरे दिल में बसते हैं। इसलिए जब कभी भी इस मार्ग जाना आना होता है यहां लोगो से मिलकर ही जाता हूँ। उन्होंने कहा कि झारखंड मे हेमंत सोरेन की सरकार बेहतर काम कर रही है । सरकार के द्वारा कई ऐतिहासिक निर्णय लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों से विपक्ष घबरा गया है । इसलिए सरकार को अपदस्थ करने की नाकाम कोशिश करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना हो या 1932 का खतियान लागू करने की बात ये हेमंत सोरेन सरकार की देन है। मौके पर भरदुल सिंह, महेंद्र सिंह ,अखिलेश सिंह, शंभू प्रसाद, महेश प्रसाद ,बैजनाथ राम, डॉ. शमीम अंसारी, बिपिन बिहारी सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### संत निरंकारी चैरिटेबल आज करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** शहर के संत निरंकारी मंडल ब्रांच का प्रमंडलीय संत समागम सह 18 वां वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन 25 सितंबर दिन रविवार को मेदिनीनगर टीवी टावर रोड नियर इंडेनगैस गोदाम के समीप सुबह 10 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक किया गया है। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के जोनल इंचार्ज एके सूद ने लोगों से आग्रह किया है कि लोग शिविर में पहुंचकर अपने स्वेच्छा से रक्तदान करें । उन्होंने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का काम है। रक्त से किसी भी व्यक्ति का जान बचाया जा सकता है।

### स्कूल के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**मेदिनीनगर।** भारतीय स्वच्छता लीग के चौथे अभियान में मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा रोटरी स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, रोटरी क्लब के सदस्यों और नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने मिलकर बेलवाटीका स्थित गांधी मैदान में सामूहिक रूप से विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर सफाई का कार्य किया । साथ ही लोगों के बीच यह संदेश देने का कार्य किया है की सफाई करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है । इस कार्य को प्रत्येक दिन अपने घर से शुरू करते हुए । अपने आसपास एवं शहर तक किया जाना चाहिए । तब ही हम अपने शहर को स्वच्छ बना सकते हैं। इस अभियान में समिता भगत नगर प्रबंधक, प्रदीप कुमार नगर प्रबंधक, सतीश कुमार नगर प्रबंधक मिशन, दिलीप कुमार नगर प्रबंधक, उपेंद्र कुमार नगर प्रबंधक, अभिषेक कुमार नगर प्रबंधक मिशन, रोटरी स्कूल की प्रिंसिपल, रोटरी क्लब के सेक्रेटरी, एवम सदस्यगण , नेहरू युवा केंद्र के सदस्यगण मौजूद थे।

### सुपन महादलित समाज ने किया पौधारोपण

**मेदिनीनगर।** सुपन महादलित समाज के सदस्यों के एक जगह एकत्रित होने के अवसर पर जिला अध्यक्ष सोनू कुमार मलिक के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । समाज के अध्यक्ष ने बताया कि जब भी हम सभी इस वृक्ष को देखेंगे ,तब ये दिन याद किया जाएगा कि हम सभी कभी एक साथ एक जगह एकत्रित हुए थे। पौधरोपण में जिला मीडिया प्रभारी कपिल राम ,समाज के संयोजक दीपक कुमार ,सह संयोजक विकु कुमार ,गौतम कुमार , विशाल कुमार , सोनू कुमार ,संजय कुमार ,रौशन कुमार , नरेश राम ,चनारिक राम ,समेत दर्जनों युवाओं ने पौधा लगाया।

### भाकपा कार्यकर्ता हजारीबाग राज्य सम्मेलन में हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के झारखंड राज्य सम्मेलन हजारीबाग में राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए। पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा,एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेनदर कुमार, राष्ट्रीय सचिव डॉ भाल चन्द कांगो एवं अन्य सभी गण उपस्थित थे। भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने पुरे राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करने पर बल देने ,नौजवानों एवं छात्रों को संगठन में जोड़ना को कहा साथ ही पलामू जिला में मची भूमी एवं पत्थर खदानों में लुट पर सवाल खड़ा किया। आज झारखंड राज्य के लगभग सभी जिले आकाल के चपेट में है। वहीं इतने बरसों से झारखंड राज्य अलग होने के बाद भी अभी तक पलामू प्रमंडल में एक भी सिंचाई परियोजना नही पुरा किया गया। सबसे अधिक समय तक राज करने वाली भाजपा की सरकार ने रघुवर दास के अन्तिम कार्यालय में सिर्फ हाथी उड़ानें का अजुबा काम किया । वही ऑनलाइन और आंफलाइन में जमीन का काम उलझा दिया। जिससे जिला से लेकर प्रखंड तक घुसखोरी बढ़ गई। देश में सार्वजनिक कंपनियों को बिकने के कारण शिक्षित बेरोजगारो की लंबी फौज खड़ी हो गई।

### शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ राजेश शाह, एसडीपीओ सुरजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुस्लिम समाज के लोग नहीं दिखे। बताया जाता है कि मुस्लिम समाज के लोग चेहलुम जुलूस के दौरान उत्पन्न विवाद से नाराज हैं। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। यह भी जानकारी मिली है कि समाज के लोगों ने बैठक से पूर्व शहर थाना प्रभारी को इस सिलसिले में एक ज्ञापन सौंपा था । उनलोगों ने निराकरण के बाद ही बैठक में शामिल होने की बात कही थी । बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान तमाम पंडालों में लगाकर इसके माध्यम से पंडालों की निगरानी करने, सुरक्षा का खास प्रबंध करने, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर सीसीटीवी कैमरा रखने, इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहने आदि निर्णय लिए गए। मौके पर सदर एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा का आयोजन शांति और सहार्द पूर्ण वातावरण में करना है। पूरी व्यवस्था पर प्रशासन नजर रखेगा। विसर्जन के दौरान पूजा समितियों से अपील है की पानी का स्तर का ख्याल रखते हुए मूर्ति विसर्जित करें। वहीं दुर्गा प्रसाद जोहरी ने पूजा पंडालों में आगजनी की घटना से निपटने के लिए बालू की व्यवस्था कराने का आग्रह किया है । एसडीपीओ सुजीत कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान सुरक्षा पर विशेष फोकस किया जायेगा।

# चिकित्सालय खुद बीमार, कैसे होगा मरीज का इलाज

## आधा दर्जन से अधिक सरकारी विभागों के कार्यालय पूरी तरह जर्जर




संवेदक की ओर से भवन विभाग को हैंड ओवर नहीं किया गया है अभी भी निर्माण कार्य बाकी है काम पूरा होने के बाद ही यह स्पष्ट किया जा सकता है कि स्थिति कैसा है उक्त भवन की मरम्मत भवन प्रमंडल की ओर से कराई जा रही है

–डॉ कमलेश कुमार, प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ।

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के आधा दर्जन से अधिक सरकारी विभागों के कार्यालय जर्जर भवनों में लंबे समय से चल रहे हैं। जिनके मेंटेनेंस के लिए सरकार प्रशासन को भारी भरकम बजट भी उपलब्ध करा रही है। पर मेंटेनेस का काम इस कदर हो रहा है कि डेढ़ साल में ही भवन पुनः गिरने लग रहा है। यही कारण है कि यक्ष्मा विभाग के दो मंजिला भवन, आयुष चिकित्सालय, नियोजनालय, बाल कल्याण समिति, सीडीपीओ कार्यालय सहित आधा दर्जन विभाग क्षतिग्रस्त भवन में संचालित है। इतना हीं नहीं जिला मुख्यालय में करोड़ो रूपए की लागत से बना दो मंजिला सदर अस्पताल के भी कई हिस्से से पानी टपक रहा है। विभागीय अधिकारियों की ओर से उसकी शिकायत करने पर ठीक करने की सिर्फ खाना पूर्ति की गई पर हलात जस का तस रह गया। जिला मुख्यालय के उक्त सभी भवनों में जरा सी बारिश होने पर छत से इतना पानी टपकता है कि स्टाफ का काम करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे कई बार लिखित और मौखिक रूप से आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। कक्षों में रखे जरूरी दस्तावेज से लेकर कंप्यूटर और अन्य मशीनरी को पानी से बचाना मुश्किल हो रहा है। स्टाफ का कहना है कि इस तरह के हालात का सामना करते करते उन्हें दो माह बीत चुके हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने आज तक कोई कदम नहीं उठाया। अस्पताल परिसर स्थित टीबी विभाग में ओपीडी से लेकर विभिन्न तरह के प्रशिक्षण और कार्यशाला का कार्य होता है। उसके बाद भी अस्पताल भवन पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। जिसके कारण स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि दो साल पहले ही लाखों रूपए की लागत से दो मंजिला भवन का मरम्मति कार्य हुआ था। उसके बाद मात्र पिछले साल का ही बरसात गुजरा। उसके बाद से भवन में पानी टपकने के साथ भवन के एक हिस्सा टुट-टुट कर गिरने लगा है। ऐसे में यक्ष्मा ओपीडी में इलाज कराने आए मरीज और चिकित्सक के साथ विभाग में कार्य कर रहे कर्मियों को हमेशा जान जोखिम में डालकर कार्य करना पड़ता है। स्टाफ को सबसे अधिक परेशानी वारिश में होता है। विभाग के कई हिस्से में पानी टपक रहा है।

## नवरात्रि के सामानों से पटा बाजार पंडालों के निर्माण कार्य जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** शारदीय नवरात्र की शुरूआत सोमवार से हो रही है। बाजार भी नवरात्र के सामान से सज गया है। लेकिन माता की चुनरी से लेकर अखंड ज्योत में इस्तेमाल होने वाले तिल के तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। पूजा पाठ के सामान के दाम पिछले साल की अपेक्षा 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अन्य तेलों की तरह तिल के तेल में भी तेजी है।

प्रीमियम क्वालिटी का तेल 30 रुपये और हल्की क्वालिटी का तेल 20 रुपये महंगा हुआ है। हवन आदि में प्रयोग होने वाला कपूर 1500 रुपये किलोग्राम बिक रहा है। जबकि कपूर की 2 रुपये वाली टिक्की 5 रुपये की हो गई है। मां भगवती को चढ़ाई जाने वाली सुपारी 650 रुपये किलोग्राम बिक रही है। कपड़ा महंगा होने से माता के वस्त्र और चुनरी भी महंगी हो गई है।

लगभग दो महीने पहले काजू, बादाम, किशमिश की कीमतें काफी बढ़ चुकी थीं। बादाम तो 1000 रुपये पार हो गया था। जैन ट्रेडर्स के हिमांशु जैन बताते हैं कि वर्तमान में बादाम 680 रुपये प्रति किलोग्राम, किशमिश 250 रुपये और काजू 720 रुपये तक बिक रहे हैं। पूजा सामग्री के दाम बढ़ने से आम लोगों की जेब पर भी मार पड़ने वाली है।

अन्य वस्तुओं की कीमतों की तरह इस साल पूजा पाठ का सामना भी महंगा हुआ है। सबसे ज्यादा तेजी तिल के तेल में है। साथ ही कपूर की कीमतें सबसे ज्यादा बढ़ गई हैं। करीब 15 से 20 फीसदी तक दाम बढ़े हैं।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं शनिवार को सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त से मिल उन्हें समस्याएं सुनाई। उपायुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकताओं की बारी-बारी से समस्याएं सुन, जल्द समाधान का भरोसा दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, आंगवाड़ी सेविका, पकड़िया वृद्धा आश्रम, स्वास्थ्य विभाग, इंदिरा आवास से संबंधित मामले, डीडीवाडी योजना से संबंधित शिकायत, श्रम विभाग, डायन बिशाही, कोविड 19 में कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर के लंबित भुगतान, समेत अन्य मामले शामिल थे। मौके पर उपायुक्त ने ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन के माध्यम से सभी संबंधित पदाधिकारी के



साथ बैठक कर सभी संबन्धित पदाधिकारियों को शीघ्र तत्परता से समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। ऑनलाइन बैठक में जुड़े सभी पदाधिकारियों को कहा की योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को महीने में दो दिन अंचल दिवस एवं थाना दिवस का आयोजन कर आम जनों की समस्या का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## प्रशिक्षित शिक्षक ने जेटेट परीक्षा नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के प्रशिक्षित शिक्षकों ने जेटेट परीक्षा की मांग को लेकर शनिवार को समाहरणालय पहुंचकर राज्य सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। प्रशिक्षित शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि झारखंड में शिक्षकों की बहाली निकलने वाला है। जिसका नोटिफिकेशन आ गया है। हम लोग प्रशिक्षित शिक्षक चाहते हैं कि शिक्षक के बहाली से पूर्व झारखंड में जेटेट का आयोजन किया जाए। जिससे झारखंड के पांच लाख छात्र शिक्षक की परीक्षा में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि विगत सात वर्षों से बीएड, डीएलएड, टीटी करके जेटेट परीक्षा आयोजन करने के इंतजार में हमसभी बेरोजगार बैठे हैं, लेकिन राज्य सरकार के उदासीन




रवैया के कारण लगातार सात वर्षों तक झारखंड में जेटेट का आयोजन नहीं किया गया है। जबकि प्रावधान यह है कि प्रत्येक वर्ष जेटेट का आयोजन करना है। उन्होंने कहा कि हमसभी गरीब एवं बेरोजगार छात्र जेटेट की तैयारी के लिए कर्ज लेकर कर रहे हैं परंतु सारा मेहनत बेकार होने वाला है, क्योंकि जेटेट परीक्षा के पहले शिक्षक का नियुक्ति होने वाला है। जिसमें जेटेट पास होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जेटेट परीक्षा होने से पहले अगर शिक्षक की बहाली होती है तो एक तरह से सरकार हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगी और हमारा और हमारे परिवार का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। उन्होंने कहां कि जेटेट परीक्षा से पहले शिक्षक की नियुक्ति होने पर प्रशिक्षित शिक्षक बेरोजगार संघ इसका विरोध करेंगे। इस दौरान प्रशिक्षित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री होश में आओ, जेटेट परीक्षा लेना होगा, शिक्षक पात्रता परीक्षा से पहले जेटेट की परीक्षा लेना होगा समेत कई नारे लगाएं गए। इस मौके पर विनोद राम, सत्येंद्र कुमार, राजेश यादव, उदय प्रसाद यादव, दिनेश यादव, उपेंद्र सिंह, उमेश सिंह, उमेश कुमार, प्रकाश राम, सत्येंद्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार, संटू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### पलामू में जल्द 155 चौकीदारों की होगी बहाली

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 155 चौकीदारों की बहाली जल्द होने वाली है। जिले में चौकीदारों का कुल स्वीकृत पद 443 है। जिसमें विभिन्न थाना में 288 चौकीदार कार्यरत है। चौकीदारी की बहाली को लेकर उपायुक्त ने हरी झंडी दे दी है। पिछले 14 सितंबर को हुई बैठक में प्रखंडवार रिक्त पड़े पदों के बारे में चर्चा की गयी थी। इसके बाद स्वीकृति दी गयी। रिक्त पड़े पदों के बारे में डाटा तैयार कर लिया गया है। रिक्त पड़े पदों में बहाली के लिए रोस्टर क्लीयरेंस के लिए आयुक्त के पास भेजा जायेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रोस्टर क्लोयरेंस के दौरान थानों में रिक्त पड़े सीटों की संख्या घट-बढ़ सकती है। जिले के मेदिनीनगर सदर में चार पद, चैनपुर में 11 पद, रामगढ़ चार पद, सतबरवा पांच पद, लेस्लीगंज में 13, पांकी 14, तरहसी सात, मनातू छह, पाटन 12, नावाजयपुर दो, पड़वा छह, नावाबाजार छह, विश्रामपुर चार, रेहला चार, पांडू तीन, उंटारी रोड तीन, छत्तरपुर 13, नौडीहा बाजार पांच, हरिहरगंज छह, पिपरा तीन, हुसैनाबाद आठ, हैदरनगर 11 और मोहम्मदगंज में पांच पद रिक्त है।

### यूथ इंटक ने लोकल बॉडी एंप्लाइज एसोसिएशन को दिया समर्थन

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडी एंप्लाइज एसोसिएशन ने शनिवार को झामुमो के जिला कार्यालय का घेराव कर सैकड़ों की संख्या में अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर झारखंड यूथ इंटक के प्रदेश महासचिव एवं जिला अध्यक्ष ने झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज एसोसिएशन के 5 सूत्री मांगों का समर्थन किया। यूथ इंटक के प्रदेश महासचिव अमित कुमार पांडेय एवं पलामू जिला यूथ इंटक के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश प्रचार सचिव शशांक सुमन ने सयुक्त रूप से झामुमो के जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया की नगर निगम के कर्मचारियों की मांग जायज है।

## कांग्रेस ने किया पदयात्रा सह जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में छतरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में कांग्रेसियों द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से जन संपर्क करते हुए पदयात्रा किया गया। पदयात्रा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने किया। इसके उपरांत जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में जो स्थिति है यह किसी से छुपा नहीं है । एक दूसरे को एक दूसरे से जोड़ने का भाईचारा के लिए आज समय आ चुका है । मंहगाई, बेरोजगारी और खाद सामग्री में जो जीएसटी लागू हुआ है। उसके विरोध में आवाज बुलंद करने का,कांग्रेस आज सदन से लेकर सड़क तक बढ़ती महंगाई पर मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल किया । देश में महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध, भाईचारा कायम रखने के लिया भारत जोड़ो यात्रा निकाला गया है । राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में जिस प्रकार लोगों का समर्थन मिल रहा है। यह देखकर भाजपा के नेताओं की नींद उड़ गई है और भाजपा के नेताओं के द्वारा अनर्गल बयानबाजी किया जा रहा है। भारत जोड़ो यात्रा की कड़ी पलामू जिला मे भी सभी प्रखंडों में पंचायतों में वार्डों में बूथ तक भारत जोड़ो यात्रा पहुंचने का काम करेगा। मौके पर प्रमुख रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी छतरपुर विधानसभा प्रभारी अरविंद पासवान ,शमीम अहमद राइन ,सत्यानंद दुबे, मुकेश सिंह ,एससी जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ,विश्वनाथ चौधरी, परवेज आलम राम, आशीष प्रजापति, अजय प्रजापति, परीका यादव ,बबन राम,असगर अंसारी ,मुमताज आलम ,बबन भुइयां, मोहम्मद मोहिन , मोहन यादव मौजूद रहे।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस का एक अक्टूबर से बदल जायेगा समय-सारिणी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जबलपुर से हावड़ा के बीच चलने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस के समय सारणी में परिवर्तन की जा रही है। एक अक्टूबर से यह ट्रेन बदले हुए समय पर चलेगी। इस बाबत पश्चिम मध्य रेलवे ने अधिसूचना जारी की है। पहले यह ट्रेन जबलपुर से रात 23.40 बजे खुलकर तीसरे दिन 4 बजे सुबह हावड़ा पहुंचती थी। अब रात 22.20 बजे खुलकर रात 22.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। शक्तिपुंज एक्सप्रेस वाया डालटनगंज चलती है। यह ट्रेन पहले 12.26 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचती थी। अब ढाई घंटे पहले 9.57 पर पहुंच जायेगी। पलामू जिले में इस ट्रेन का ठहराव डालटनगंज के अलावा गढ़वा रोड जंक्शन पर है। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर की तरफ से डाउन शक्तिपुंज एक्सप्रेस का टाइम-टेबल जारी हुआ है। यह साफ नहीं है कि अप का टाइम-टेबल बदलेगा या नहीं। जबलपुर-शक्तिपुंज एक्सप्रेस का नया टाइम टेबल हावड़ा जाने वाले यात्रियों के लिए अनुकूल नहीं है। पहले यह ट्रेन सुबह चार बजे हावड़ा पहुंचती थी। यात्री स्टेशन से निकलकर गंतव्य पर चले जाते थे। अब रात 22.40 में पहुंच जाएगी। यात्रियों को रातभर स्टेशन पर बैठना होगा।

## जंगलों में प्रतिबंधित पशु का मिला अवशेष

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय के सेमराटांड के बहेरवा जंगल में प्रतिबंधित पशु के अवशेष शनिवार के सुबह देखा गया जिसे ग्रामीणों ने चिनिया थाना को सूचना दी,सूचना मिलते ही चिनिया थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा दल बल के साथ जंगल पहुंचे जहाँ घटनास्थल पर प्रतिबंधित पशु के अवशेष पड़े थे । इधर मामले की जांच की घटना की जानकारी मिलने पर उक्त स्थल पर काफी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। ग्रामीण ने मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। मामले में चिनिया थाना प्रभारी बिरेंद्र हांसदा ने बताया कि प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिला है । यह जाच का विषय है मामले की जांच की जा रही है जांच कर इसमें संलिप्त दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई कर रही है।

## पथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता से खिलवाड़ कर रहा है संवेदक

**धुरकी।** एन जी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के द्वारा नगर उंटारी भया धुरकी अम्बाखोरेया पथ निर्माण में हो रहे सड़क कार्य में कम मटेरियल देकर मिक्स मेटल करने का आरोप अम्बाखोरेया ग्राम के ग्रामीणों व समाजिक कार्यकरताओं ने लगाया है। मौके पर उपस्थित अम्बाखोरेया पंचायत के उपमुखिया गिता देवी ने बताया कि यह सड़क निर्माण में मटेरियल नाम मात्र का दिया जा रहा है जिससे निम्न असतर का मेटल व गिटी दिया जा रहा है। रोड पिडाबलुडी विभाग द्वारा 24.940 किलोमीटर तक 946225638 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि एस्टीमेट के अनुसार रोड में मटेरियल लगाया जाए। वहीं लोगों ने यह भी बताया कि सड़क में लगाया जा रहा मेटेरियल बहुत ही खराब कवालीटी का है, जो मेटल आथ के फोडने से पुरी तरह से धुल हो जाती हैं .रोड का काम सूखा में होता है जबकि ठेकेदार द्वारा झमाझम हो रही बारिश में कार्य किया जा रहा है तो वह रोड कितना दिन टिकेगा। वही प्रतिक्रिया लेने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के कनीय अभियंता को जब दूरभाष से संपर्क करने की कोशिश की गई तो लगातार उनका मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर व सुईच औफ मिला।

# लोक अदालत में 48 मामले का निस्तारण

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में किया गया । इसमें सुलह समझौते के आधार पर 48 मामले का निस्तारण किया गया। वही दो लाख 68 हजार 650 रुपये का मामला सेटल हुआ। प्रथम पीठ में प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा व अधिवक्ता वीणा मिश्रा ,दूसरे पीठ में अभिमन्यु कुमार जिला व सत्र न्यायाधीश पंचम व अधिवक्ता प्रदीप कुमार, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, एडीजे प्रथम द्वितीय, व पंचम के लम्बित मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिविजन के मामले का निपटारा अमित बंसल सिविल जज जूनियर डिविजन व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे। पीठ संख्या छह में किशोर न्याय बोर्ड के मामले का निस्तारण न्यायिक दंडाधिकारी अमित बंसल व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। पीठ संख्या सात में रेलवे से संबंधित मामले का निस्तारण रेलवे जे एम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे । पीठ संख्या आठ में प्रिलिटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्याम लाल सरोज व सदस्य महिमा श्रीवास्तव ने किया। पीठ संख्या नव मे एक्सकुटिभ व रेवन्यू से संबंधित मामले का निपटारा किया। इसमें मामले का निस्तारण कार्यपालक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतेंद्र कुमार सिंह कर रहे थे। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जिसमे अधिवक्ता सतीश कुमार व मुनेश्वर राम को लगाया गया था। वन विभाग को 12 हजार राजस्व प्राप्त हुआ। व उत्पाद विभाग को 49 हजार 350 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

## सेना के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्यता से भी दे चुका हूं इस्तीफा : अमित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि उनके द्वारा सेना के प्राथमिक सदस्यता सहित तमाम पदों से पूर्व में ही इस्तीफा दिया जा चुका हैं। एक प्रोटोकॉल के तहत उन्होंने संगठन की बैठक में सिर्फ शामिल होने का कार्य किया था। उन्हें पद की कोई लोलुपता नहीं हैं। इसलिए संगठन द्वारा पुनः एकबार प्रमंडल का दायित्व दिए जाने को बैठक में ही अपने निजी कारणों का हवाला देकर छोड़ दिया था। इसलिए वे अब किसी पद पर नहीं है ये उनका स्वैच्छिक निर्णय हैं। मेरे जिलाध्यक्ष के कार्यकाल को समाज के द्वारा सराहने और मेरा साथ देकर संगठन के हरकार्य को सफल बनाने वाले सेना के सभी सदस्यों का मैं दिल से धन्यवाद देता हूँ कि उनके साथ और मेरे प्रति उनके विश्वास ने हर मुश्किल को आसान करने का काम किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उसी बुलंदी के साथ इस कारवां को लेकर आगे बढ़े यही शुभकामना है मेरी।

## एक नजर इधर भी

# फिर आया त्योहारी मौसम

आर्थिक प्रोत्साहन की चर्चा होते ही हमारे दिमाग में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि या बैंक दरों में कमी जैसी बातें अमूमन कौंधने लगती हैं। मगर एक और प्रोत्साहन है, जिसकी घोषणा नहीं की जाती, और वह है- धार्मिक त्योहार। अधिकांश त्योहारों में हम चंदा देते हैं, उपहारों की लेन-देन करते हैं और लोगों की नजर में आने लायक खरीद-फरोख्त करते हैं। भारत में सितंबर से नवंबर के दरम्यान लोगों की खपत की प्रवृत्ति पर अर्थशात्रियों की खूब नजर होती है, क्योंकि यह त्योहारी मौसम होता है। यदि यह मजबूत हुआ, तो अर्थशास्त्री आने वाले वर्ष को लेकर अधिक आशावादी हो जाते हैं। यदि ऐसा नहीं होता, तो ब्रिकी और खपत के पूवार्नुमान संशोधित करके नीचे की ओर लुढका दिये जाते हैं। सामान्यतः त्योहारों में खपत बढ़ जाती है। फिर भी, विभिन्न आय-वर्गों पर इसका प्रभाव अलग-अलग पड़ता है। इसमें गरीब अक्सर बचत का बड़ा हिस्सा खर्च कर देते हैं। ऐसा क्यों? नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी व एस्थर डुफ्लो ने 2011 की अपनी किताब पुअर इकोनॉमिक्स में 18 देशों में किये गये एक सर्वेक्षण का जिक्र किया है और बताया है कि जिन गरीब परिवारों के पास रेडियो या टीवी नहीं होता, वे त्योहारों में अपने बजट का बड़ा हिस्सा खर्च करते हैं। इससे वे अपनी नीरसता तोड़ते हैं। नियमित कठिन दिनचर्या से मुक्ति पाकर वे छुट्टी का आनंद उठाना चाहते हैं। त्योहार अलग-अलग जातियों व वर्ग समूहों के अंतर-मिलन की बाधाओं को भी कम करता है, जिससे सामाजिक पूंजी बढ़ती है और किसी सामाजिक मकसद के लिए लोगों की आम राय बनाने में मदद मिलती है। 19वीं सदी के बंगाल में जब सामुदायिक उत्सव के रूप में दुर्गा पूजा की फिर से शुरूआत की गई, तो राष्ट्रवादियों ने यह सुनिश्चित किया कि पूजा पंडालों में सभी जातियों के लोगों को प्रवेश मिले। स्थानीय लोगों में समुदाय की भावना विकसित करने के बाद वे इस त्योहार का इस्तेमाल ब्रिटिश राज के खिलाफ मजबूत राय बनाने में कर सके। हालांकि, अर्थशास्त्री श्रिया अय्यर अपनी पुस्तक द इकोनॉमिक्स ऑफ रिलिजन इन इंडिया में लिखती हैं कि धार्मिक आयोजन अपने समूह के लोगों को अबाध आजादी देते हैं, जबकि गैर-सदस्यों को खुद से बाहर रखते हैं। नतीजतन, वे मजहबी भेद पैदा करते हैं, जिससे सामाजिक पूंजी कमजोर होती है। अर्थशास्त्री एक अन्य कारण से भी धार्मिक त्योहारों को लेकर आंशिक रूप से खफा दिखते हैं, जो है- उपहारों के लेन-देन का चलन। 1993 में अपने प्रयोग में अमेरिकी अर्थशास्त्री जोएल वाल्डफोगेल ने येल यूनिवर्सिटी के छात्रों से क्रिसमस के दौरान मिले गैर-नकदी उपहारों का मौद्रिक मूल्य तय करने को कहा। जब वाल्डफोगेल ने छात्रों के मूल्यांकन को उपहारों के बाजार मूल्य से तौला, तो उन्होंने पाया कि अधिकांश छात्रों ने उपहारों के मूल्य कम करके आंके हैं। वाल्डफोगेल का निष्कर्ष था कि छात्रों ने इसे कमतर महत्व दिया, क्योंकि उन्हें उस उपहार की दरकार नहीं थी। अगर उन्हें नकद दिया जाता, तो वे पसंद की चीज खरीदते। लिहाजा उपहार देने का चलन उपहार देने व पाने वाले, दोनों के लिए नुकसानदेह है। हालांकि, उनके इस निष्कर्ष की आलोचना भी हुई, पर अर्थशास्त्रियों के लिए आज भी उपहार का अर्थशास्त्र एक पहेली ही है। वैसे, कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि इसका मूल्य होता है, क्योंकि उपहार देने वाला उसे चुनने में वक्त जाया करता ही है। बहरहाल, पूर्व-औद्योगिक काल से उपहारों के लेन-देन की परंपरा शुरू हुई है, जब हफ्तों-महीनों में हाथ से उत्पाद बनाये जाते थे। यह धारणा कि यदि उपहार नहीं देना है, तब भी उसे चुनने में कुछ समय बिताना चाहिए, आधुनिक दुनिया की देन है। चूंकि समय का उचित विकल्प पैसा नहीं है, इसलिए समय खर्च करने वाला हमारी नजर में पैसे खर्च करने वाले जैसा सम्मान नहीं पाता। उल्लेखनीय यह भी है कि जिस तरह से विज्ञापन की ताकत ने लोगों को हाथ से तैयार उपहारों के बजाय मशीन-निर्मित उपहारों को स्वीकार करने को प्रेरित किया है, संभव है कि भविष्य में नकद जैसे उपहार (डिजिटल वाउचर) को स्वीकृति मिल जाए।

■ प्रमीत भट्टाचार्य

# सीएम की कुर्सी पायलट को नहीं

गहलोत चाहते हैं कि यदि उनको पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पड़े तो भी मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी उनके पास ही रहे। यदि मुख्यमंत्री बदलने की बात आती है तो उनकी राय को तवज्जो दी जाए। गहलोत किसी भी सूरत में सचिन पायलट को बर्दाश्त नहीं करेंगे। राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने में अभी एक साल से अधिक का समय बाकी है। मगर चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजस्थान में मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होता रहा है, क्योंकि यहां तीसरा मोर्चा नहीं बन पाया है। जिसका लाभ भी कांग्रेस व भाजपा को ही मिलता रहा है। इसी कारण 1993 से यहां एक बार भाजपा व एक बार कांग्रेस की सरकार बनती आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बनाकर 58 सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उन्हें तीन सीट व 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे। इसी तरह भाजपा से बगावत कर घनश्याम तिवाड़ी ने भी भारत वाहिनी पार्टी के नाम से राजस्थान में 63 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। मगर तिवाड़ी सहित सभी की जमानत हो गई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने भी पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ा था। मगर उनका कोई भी प्रत्याशी 1000 वोटों की संख्या पार नहीं कर पाया था। यहां तक कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल जाट भी मात्र 628 वोट ले पाये थे। प्रदेश में आप को 136345 यानि मात्र 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के छह विधायक जीते थे। मगर इसे बसपा का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि हर बार की तरह इस बार भी बसपा के सभी 6 विधायकों ने दल बदल कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जिस कारण जीतकर भी बसपा खाली हाथ रह गई थी। पिछले चुनाव में बसपा को 4.03 प्रतिशत मत मिले थे। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रही है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के चर्चा जोरों से चल रही है। ऐसे में यदि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाते हैं तो सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की सबसे अधिक संभावना जताई जा रही है। चूंकि अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में पायलट को राजस्थान का नेतृत्व नहीं सौंपेंगे। ऐसे में गहलोत की पसंद का ही मुख्यमंत्री बनेगा। अभी राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट का झगड़ा जोरों पर चल रहा है। दोनों के समर्थक एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। हाल ही में गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला की श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुष्कर में पायलट समर्थकों ने गहलोत समर्थक मंत्री अशोक चांदना व शकुंतला रावत के भाषण देने के दौरान नारेबाजी की व जूते चप्पलें उछालीं। इतना ही नहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को बिना भाषण दिये ही वहां से जाना पड़ा। इन दिनों पायलट समर्थक अपने नेता के पक्ष में खुलकर मुखर हो रहे हैं। वह चाहते हैं कि राजस्थान की कमान पायलट को सौंपी जाए। गहलोत समर्थक और राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा भी खुलकर पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग करने लगे हैं। बैरवा का कहना है कि गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहिए तथा राजस्थान का मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाया जाना चाहिए जिससे पार्टी मजबूत होगी। गत दिनों पायलट के जन्मदिन के अवसर पर गहलोत समर्थक सात विधायकों ने भी पायलट के घर जाकर उनको बधाई देकर सबको चौंका दिया था। मुख्यमंत्री गहलोत राजनीति की एक-एक चाल सोच समझ कर चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यों की मीटिंग में मौजूद लोगों से राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाये जाने पर राय जानी तो सबने हाथ खड़े करके समर्थन किया। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के जाने के बाद रखा गया था। ऐसे में यह प्रस्ताव दिल्ली नहीं भेजा जायेगा। लेकिन गहलोत ने राहुल गांधी के प्रति समर्थन जताकर सियासी तौर पर एक संदेश तो दे ही दिया है। गहलोत चाहते हैं कि यदि उनको पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पड़े तो भी मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी उनके पास ही रहे। यदि मुख्यमंत्री बदलने की बात आती है तो उनकी राय को तवज्जो दी जाए। गहलोत किसी भी सूरत में सचिन पायलट को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इन दिनों गहलोत समर्थक नेता पायलट को बाहरी बता कर विरोध करने लगे हैं। भाजपा में नेताओं की लड़ाई समाप्त नहीं हो पाई है। पार्टी नेताओं में एकजुटता करवाने के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बार-बार राजस्थान आकर समझाइश करनी पड़ रही है। यहां वसुंधरा राजे चाहती हैं कि एक बार फिर उनको ही मुख्यमंत्री बनने का मौका मिले। वसुंधरा समर्थकों का मानना है कि राजस्थान में आज भी सबसे बड़ा चेहरा वसुंधरा राजे ही हैं जिनका प्रदेश की जनता पर प्रभाव है। यदि वसुंधरा को आगे रखकर पार्टी चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस को आसानी से हराया जा सकता है। वहीं राजे विरोधी धड़ा किसी भी सूरत में वसुंधरा को आगे नहीं करना चाहता है। इसीलिए पार्टी आलाकमान ने राजस्थान में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। राजस्थान के लोगों का मानना है कि अशोक गहलोत व वसुंधरा राजे में पर्दे के पीछे आपसी तालमेल है। इसी कारण एक बार गहलोत और एक बार वसुंधरा मुख्यमंत्री बन रही हैं। आपसी तालमेल के चलते ही दोनों एक दूसरे के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नहीं करते हैं। प्रदेश की जनता इसे दोनों नेताओं का मिलाजुला खेल मानती है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। मगर इनका जाट बेल्ट में ही अधिक प्रभाव है। पिछली बार उन्होंने तीन विधानसभा सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव में बेनीवाल ने भाजपा से गठबंधन कर नागौर लोकसभा सीट जीती थी। मगर इस बार अकेले चुनाव लड़ा तो मुकाबला कड़ा होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी इस बार राजस्थान में पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ने जा रही है। इसी के चलते अक्टूबर में अरविंद केजरीवाल लगातार दो दिन राजस्थान का दौरा करेंगे। आप नेता देवेंद्र शास्त्री का कहना है कि इस बार हमारी पार्टी पूरी गंभीरता से राजस्थान में चुनाव लड़ेगी और जनता को एक तीसरा विकल्प देगी। कांग्रेस और भाजपा के मिले-जुले खेल से ऊब चुकी प्रदेश की जनता को हम एक नया विकल्प देंगे। जो प्रदेश में समुचित विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष व सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी राजस्थान पर अपनी नजर गड़ाए हुये हैं। हाल ही में उन्होंने राजस्थान का दो दिवसीय दौरा कर जयपुर, सीकर, झुंझुनू और नागौर जिले की कई मुस्लिम बहुल सीटों पर लोगों से संपर्क कर जनसभाएं की थीं। उनकी सभाओं में उमड़ी भीड़ को देख कर बड़े राजनीतिक दलों के कान खड़े हो गये हैं। ओवैसी ने जहां भाजपा पर तो हमला बोला ही उसके साथ ही उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी जमकर कटघरे में खड़ा किया। ओवैसी की पार्टी राजस्थान में अपने पांव जमाने में सफल होती है तो इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा। प्रदेश की आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार कर दो सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इस बार आदिवासी क्षेत्र में भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) का गठन किया गया है। जिसमें बीटीपी के दोनों विधायक भी शामिल हो गये हैं। भारतीय आदिवासी पार्टी प्रदेश की तीन दर्जन सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करने जा रही है जिससे आदिवासी क्षेत्र में सभी बड़ी पार्टियों का खेल बिगड़ेगा। **(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लिए देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

■ रमेश सर्राफ धमोरा

> **अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नये अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है।**

# 'अलविदा राजू' थोड़ी हंसी बचा कर रखना!

हंसाने वाला ही नहीं रहा तो दुनिया हंसेगी कैसे। राजू श्रीवास्तव लोगों को हंसाते-हंसाते रुला कर चले गये। अस्पताल में 42 दिन के लंबे संघर्ष के बाद उन्होंने जिंदगी को अलविदा कह दिया। राजू का जाना पूरी हंसी की दुनिया का खामोश होना है। एक ऐसे दौर में राजू श्रीवास्तव का चले जाना बेहद पीड़ादायक है। जब लोग डिप्रेशन जैसी बीमारी का शिकार हो रहे हैं। दौड़ती-भागती जिंदगी में जीवन में जब हंसी का कोई ठिकाना ही नहीं है। लोगों के चेहरे पर थकान के सिवाय मुस्कान दिखती ही नहीं। जिंदगी इतनी तेज भाग रही है कि लोगों की हंसती-खेलती दुनिया ही गायब है। ऐसे दौर में राजू एक कॉमेडियन होते हुए भी डिप्रेशन के मरीजों के लिए भगवान थे। राजू श्रीवास्तव एक ऐसे परिवार से आते हैं जहां साहित्य और कला को खुली सांस मिली। उनके पिता रमेश श्रीवास्तव एक कवि थे। उन्हें लोग बलई काका के नाम से भी पुकारते थे। राजू श्रीवास्तव उन्हीं बलई काका के बेटे थे। उनका जन्म कानपुर में 1963 में हुआ। 58 साल की उम्र में दुनिया को हंसाने वाला शख्स रुलाता चला गया। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को 10 अगस्त को दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। सोशलमीडिया पर बीच में ही राजू श्रीवास्तव के निधन की खबरें वायरल हुई थीं। लेकिन परिवार के लोगों ने इसका खंडन किया था। आज वह मनहूस खबरें सच साबित हुईं। राजू श्रीवास्तव कॉमेडियन की दुनिया में अपनी अच्छी खासी जगह बना ली। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया। अमिताभ बच्चन के बहुत तगड़े फैन थे। कॉमेडी की दुनिया में उन्हें अमिताभ बच्चन की मिमिक्री से शोहरत मिली। राजू श्रीवास्तव उस दौर में लोगों के दिलों पर राज करते थे जब संचार के इतने तगड़े माध्यम नहीं हुआ करते थे। लोगों के बीच पहुंचने का रेडियो और दूरदर्शन एकमात्र सहारा था। उस दौर में टी-सीरीज के मालिक गुलशन कुमार ने राजू श्रीवास्तव का ऑडियो कैसेट जारी किया था। राजू की कॉमेडी में गजोधर और मनोहर भैया कालजयी पात्र होते थे। राजू की कॉमेडी में एक अजीब तरह का खिंचाव और लगा था। उनकी कॉमेडी लोगों को बेहद पसंद आती थी। राजू श्रीवास्तव हमारे बीच भले नहीं रहे, लेकिन हंसी की दुनिया के कालजयी पात्र गजोधर और मनोहर भईया हमें याद आयेंगे। सत्य प्रकाश श्रीवास्तव यानी राजू ने द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज से काफी सुर्खियां बटोरी। लाफ्टर चैलेंज के जरिये उनकी जिंदगी में नया मोड़ आया। शुरूआती दौर में उन्होंने आर्केस्ट्रा में काम किया। एक कार्यक्रम उन्हें पारिश्रमिक के रूप में? 100 पहली बार मिले तो वे बेहद खुश हुए। साल 1982 में राजू श्रीवास्तव मुंबई की तरफ रुख किया। उन्होंने सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया, बाजीगर, मुंबई टू गोवा, आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में भी काम किया। राजू श्रीवास्तव की प्रसिद्धि जब अपने चरम पर थी तो उस दौरान कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो भी लोगों के दिलों पर राज कर रहा था। कपिल शर्मा ने भी राजू श्रीवास्तव को कई बार बुला कर शो किया। देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भी मिमिक्री करते थे। राजू श्रीवास्तव बीबीसी के अपने एक इंटरव्यू में कबूल किया था कि पढ़ाई के दौरान जब वे कॉपी करते थे तो शिक्षक उन्हें खूब डाटते थे। राजू बेहद सामान्य परिवार से होते हुए भी हंसी की दुनिया में अपना स्थान बनाने में कामयाब हुए। राजू श्रीवास्तव कॉमेडी की दुनिया में आने से पहले फिल्में खूब देखते थे और फिल्म दिखने के बाद नायकों की आवाज निकालते थे। उसी तरह बोलने का प्रयास करते थे। फिल्मों के बेताज बादशाह अमिताभ बच्चन उनके पसंदीदा हीरो थे। दीवार और शोले पिक्चर देखकर ही वह अमिताभ बच्चन की मिमिक्री करने लगे थे। धीरे-धीरे उनकी मिमिक्री को जब लोग पसंद करने लगे तो त्यौहारों पर होने वाले आयोजनों पर राजू श्रीवास्तव को बुलाया जाता था और वे फिल्म अभिनेताओं की मिमिक्री करते थे।

राजू श्रीवास्तव उन्हीं बलई काका के बेटे थे। उनका जन्म कानपुर में 1963 में हुआ। 58 साल की उम्र में दुनिया को हंसाने वाला शख्स रुलाता चला गया। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को 10 अगस्त को दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। सोशलमीडिया पर बीच में ही राजू श्रीवास्तव के निधन की खबरें वायरल हुई थीं। लेकिन परिवार के लोगों ने इसका खंडन किया था। आज वह मनहूस खबरें सच साबित हुईं। राजू श्रीवास्तव कॉमेडियन की दुनिया में अपनी अच्छी खासी जगह बना ली।

■ प्रभुनाथ शुक्ल

## है न विचित्र बात !

# लिव इन रिलेशनशिप

भजनखबरी की उम्र बत्तीस हो चली थी। हरियाणा में जन्मे था। दाढ़ी मूँछ निकलकर सफेद होने लगती बावजूद इसके एक अदद लड़की उनके मत्थे नहीं चढ़ रही थी। काश हरियाणा और केरल बगल-बगल में होते तो दोनों राज्यों का भला हो जाता। जो भाग्य में न हो उसके लिए हाथ-पैर मारकर दुनिया को कोसना सबसे अच्छा होता है। अब भला कोयला वाशिंग मशीन में धुलकर दूधिया कपड़े जैसा थोड़ी न लगेगा। भजनखबरी ने समाचार पत्रों में खुद को हैंडसम-छह अंकों वाले वेतन का धनी, माँ को धार्मिक और पिता रईस लिखवा दिया। रिश्ते तो आते लेकिन विज्ञापन को हाथी के दाँत पाकर लौट जाते। एक दिन भजनखबरी से उसके मित्र ने कहा झ्र मेरी नजर में एक लड़की है। लेकिन वह घड़ी डिटर्जेंट की तरह पहले इस्तेमाल करो फिर विश्वास करो यानी लिव इन रिलेशनशिप के फामूर्ले में गहरी आस्था रखती है। मित्र की यह बात सुन भजनखबरी की बाँछें खिल उठी। उसे लगा कि बिन माँगे मुरराद पूरी हो गई। जिस तरह शॉपिंग मॉल में कपड़े ट्रायल करने के बाद अच्छे न लगने पर वापिस किये जा सकते हैं ठीक उसी तरह लड़का-लड़की पसंद न आने पर मना किया जा सकता है। मित्र ने बात चलाई। कॉफी डे के नाम पर भजन खबरी की 'जेब ढील दे-ढील दे' की पुकार कर रही थी। डेबिट कार्ड शून्य बटा लुल और क्रेडिट कार्ड घाटा बटे घाटा हो चुका था। दोनों का मेलजोल मित्रता, फिर प्रेम और फिर लिव इन रिलेशनशिप में कब बदल गया पता ही नहीं चला। दोनों एक-दूसरे को जानने लगे। मित्रता में कही गई बातें प्रेम में पड़ते ही झूठी मालूम होने लगती है और लिव इन रिलेशन में पड़ते ही प्रेम झूठा लगने लगता है। जब तक दोनों एक-दूसरे को नहीं जानते थे तब तक मामला ठीक-ठाक था। अंदर की बात जानने पर दोनों की अंदरूनी बातें बाहर आने लगीं। लिव इन रिलेशन के लिए प्रेम से ज्यादा बोल्डनेस की जरूरत होती है। हर बात हिसाब-किताब से होती है। एक दिन लड़की ने भजनखबरी से मुमताज की तरह पूछ बैठी कि तुम मेरे लिए क्या कर सकते हो। जवानी और सावन का हरा दोनों एक जैसे होते हैं। वह शाहजहाँ की भांति कुछ कहता लड़की बीच में अपनी मुराद लेकर कूद पड़ी। भजनखबरी ने उसे किसी समय खानदानी जायदाद और सोने-चाँदी के आभूषणों के बारे में बताया था। आज वह वही आभूषण लेकर लड़की के आगे उपस्थित था। लड़की यह सब लेकर लिव आउट के अंतिम पड़ाव पर पहुँच चुकी थी। भजनखबरी जब तक यह समझता तब तक देर हो चुकी थी। उसने अपने मित्र को फोन लगाया। मित्र भी कहाँ फोन उठाने वाला था। विपत्ति के समय तकनीक से ज्यादा बौद्धिक क्षमता ही काम आती है। दुर्भाग्य से भजनखबरी लिव इन में रहते समय इसी बौद्धिक क्षमता की बलि चढ़ाई थी। एक दिन उसने पेपर में पढ़ा कि फलाँ लड़की सबको लिव इन का झाँसा देकर अपने पुरुष मित्र की सहायता से 39वीं बार सफलतापूर्वक फरार हो गई। भजनखबरी आगे कुछ पढ़ पाता वह पछाड़ खाकर धड़ाम से गिर पड़ा। पता चला कि वह पुरुषमित्र कोई और नहीं है, बल्कि उसी का परमपित्र है जिसने लड़की को उसके पल्ले लगाया था।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# भारत में ज्यादा पुरूष तलाक मांगते हैं या औरतें?

भारत में, खासकर हिंदू धर्म परंपरा में तलाक एक निषिद्ध शब्द माना जाता था। हिंदू जीवन में शादी एक दैवी विधान के तौर थी, जिसमें पति और पत्नी के अलग होने पर भी शादी नहीं टूटती थी। लेकिन व्यवहार में ये बातें पुरानी पड़ गई हैं। 1955 के हिंदू मैरिज एक्ट में पहली बार कानूनी तौर पर विवाह में संबंध विच्छेद यानी तलाक का प्रावधान आया, 1976 में इसमें संशोधन हुआ और आपसी सहमति से तलाक का प्रावधान जुड़ गया। देखते-देखते भारत के फैमिली कोर्ट तलाक के मामलों से लद गये। 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत में तलाकशुदा लोगों की संख्या 13.6 लाख है। जनगणना के आंकड़ों से ही यह भी जानकारी मिली कि तलाकशुदा लोगों में महिलाएं ज्यादा हैं। मतलब यह कि जिन विवाहों का अंत तलाक में हुआ, उनमें तलाकशुदा पतियों ने या तो फिर शादी कर ली या ऐसे लोगों के मरने की दर तलाकशुदा महिलाओं से ज्यादा है।

**फैमिली कोर्ट की स्थिति :** यह जानने के लिए कि भारत में तलाक के मुकदमों की प्रकृति क्या है और तलाक के मुकदमे किस पक्ष से ज्यादा आ रहे हैं, मैंने देश के विभिन्न फैमिली कोर्ट से सूचना का अधिकार कानून 2005 के तहत दो जानकारियां मांगीं। एक, आपकी कोर्ट में कुल कितने तलाक के केस पेंडिंग हैं? दो, उनमें से कितने केसों में पिटिशनर पति (पुरुष) हैं यानी केस पति की ओर से फाइल किया गया है? 15 फैमिली कोर्ट ने आरटीआई से मांगी गईं जानकारियां समुचित तरीके से दीं। बाकी कोर्ट ने फॉर्मेट ठीक न होने या अन्य कारणों से जानकारी नहीं दीं। कई कोर्ट ने बताया कि उनके यहां तलाक पिटिशंस के पिटिशनर्स का अलग से आंकड़ा नहीं रखा जाता। बहरहाल, जो आंकड़े मिले उनसे भी कई बातें साफ हुईं: इन 15 कोर्ट में कुल 16,975 तलाक के केस चल रहे हैं। इनमें से 9,247 (54.47 प्रतिशत) केस पुरुषों/पतियों की ओर से फाइल किये गये हैं। महिलाओं/पत्नियों द्वारा केवल 7,728 (45.52 प्रतिशत) केस फाइल किये गये। इसके अलावा 31 कोर्ट से प्राप्त डेटा बताता है कि इनके यहां जुलाई/अगस्त 2021 में तलाक के कुल 34,314 केस पेंडिंग हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि भारतीय फैमिली कोर्ट में तलाक के जो मुकदमे आते हैं, उन्हें ज्यादातर पति फाइल कर रहे हैं। तो क्या पत्नियों की ओर से फाइल केसों की संख्या कम होने का मतलब यह माना जा सकता है कि महिलाएं शादी में ज्यादा खुश होती हैं? ये आंकड़े इस सवाल का जवाब नहीं देते। लेकिन इन आंकड़ों की तुलना अगर यूरोपीय देशों या अमेरिका के आंकड़ों से करें तो भारतीय विवाह और तलाक को समझने के लिए एक नया नजरिया मिल सकता है। पश्चिमी देशों में लंबे समय तक जुटाये गये आंकड़ों के आधार पर यह तथ्य स्थापित हो चुका है कि तलाक के ज्यादातर मामले महिलाएं दर्ज कराती हैं। अमेरिकन सोशियॉलजिकल असोसिएशन के 2015 में किये गये एक अध्ययन के मुताबिक 70 प्रतिशत तलाक के मुकदमे महिलाओं द्वारा दर्ज किये गये थे। यही नहीं कॉलेज शिक्षित पत्नियों के मामले में तो यह आंकड़ा 90 प्रतिशत रहा। महिलाओं में तलाक के बढ़े रुझान के कारणों को समझने के लिए जो अध्ययन हुए हैं, उनमें कुछ बातें प्रमुखता से उभरकर सामने आईं। एक, अमेरिकी परिवारों में आधुनिकता के तमाम दावों के बावजूद पति की तुलना में पत्नियां ज्यादा घरेलू काम करती हैं। ये उन परिवारों में भी सच है, जहां महिलाएं भी कमाती हैं। यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिस्टिक्स की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ 20प्रतिशत पुरुष घर में साफ-सफाई या कपड़े धोने जैसे काम करते हैं जबकि 49 प्रतिशत महिलाएं ये काम करती हैं। दो, रिसर्च में यह भी सामने आया कि पति अपने से ज्यादा कमाने वाली पत्नियां नहीं पसंद करते। घर की कमाई का 40 प्रतिशत तक कमाने वाली पत्नियां ही पसंद करते हैं। यानी घर में मदद के तौर पर कमाई करे, मुख्य कमाईकर्ता के तौर पर नहीं। ऐसे में अगर कोई महिला अपने करियर को लेकर ज्यादा महत्वाकांक्षी है और उस पर घर में भी काम का बोझ ज्यादा है, तो पति से सहयोग न मिलने की स्थिति में सोच सकती है कि शादी में क्यों बनी रहे। तीन, किसी भी विवाह में आपसी संवाद एक जरूरी पहलू होता है, लेकिन यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कई कपल जूझते रहते हैं। आम तौर पर पुरुषों को यह नहीं बताया जाता कि संवाद कैसे करना है, इस वजह से वैवाहिक जीवन में पत्नियां अक्सर अकेलापन महसूस करती हैं। चार, वक्त के साथ महिलाओं की पतियों पर आर्थिक निर्भरता घटी है। इसलिए पहले जो शादियां पति की गाली-गलौच और लापरवाही के बावजूद चल जाती थीं अब वे शादियां नहीं चल पा रही हैं। पांच, वर्तमान समय में पत्नियां, पतियों के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स को आसानी से स्वीकार नहीं करतीं। देखा जाए तो ये कारक भारतीय समाज और यहां की शादियों में भी मौजूद हैं। इसके बावजूद यहां महिलाओं के तलाक मांगने का अनुपात कम है तो इसकी एक बड़ी वजह पारंपरिक और धार्मिक कारणों से शादियों को टिकाये रखने का दबाव है, जो महिलाओं पर ज्यादा होता है। दूसरी बात यह कि पश्चिमी समाज में तलाकशुदा या सिंगल महिला होना किसी तरह की बदनामी या लांछन का कारण नहीं बनता, लेकिन भारत में तलाकशुदा महिलाओं को बहुत कुछ झेलना पड़ता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की दूसरी या तीसरी शादी की संभावना भी कम होती है।

**परिवार और बच्चों की भूमिका :** इसके अलावा भारत में अब भी ज्यादातर शादियां अरेंज्ड हो रही हैं और स्त्रियों की पसंद-नापसंद की ज्यादा भूमिका शादियों में नहीं होती। ये सोच भी अक्सर हावी रहती है कि लड़कियां परिवारों में ब्याही जाती हैं। इसलिए पति-पत्नी के रिश्ते खराब होने पर भी परिवार की भूमिका के कारण शादियां टिकी रह जाती हैं। एक और बात यह कि बच्चे अभी भी मुख्य रूप से मां की जिम्मेदारी माने जाते हैं और वे इनसे भावनात्मक रूप से भी ज्यादा जुड़ी रहती हैं।

1955 के हिंदू मैरिज एक्ट में पहली बार कानूनी तौर पर विवाह में संबंध विच्छेद यानी तलाक का प्रावधान आया, 1976 में इसमें संशोधन हुआ और आपसी सहमति से तलाक का प्रावधान जुड़ गया। देखते-देखते भारत के फैमिली कोर्ट तलाक के मामलों से लद गये। 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत में तलाकशुदा लोगों की संख्या 13.6 लाख है। जनगणना के आंकड़ों से ही यह भी जानकारी मिली कि तलाकशुदा लोगों में महिलाएं ज्यादा हैं। मतलब यह कि जिन विवाहों का अंत तलाक में हुआ, उनमें तलाकशुदा पतियों ने या तो फिर शादी कर ली या ऐसे लोगों के मरने की दर तलाकशुदा महिलाओं से ज्यादा है।

■ गीता यादव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### असामाजिक तत्वों ने बोरिंग में लगाई आग, दो सौ घरों के लोग पानी से प्रभावित

**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के करहरिया पंचायत के वार्ड संख्या तीन में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत कराए गए जल नल योजना की बोरिंग में असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई। बदमाशों ने पुआल में मोबिल डालकर उसमें आग लगाई। जिस कारण बोरिंग में लगा पाइप जलकर राख हो गया। फिलहाल जलापूर्ति ठप्प पड़ गया है। जिससे वार्ड के दो सौ से ज्यादा घरों में पानी का संकट गहरा गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वार्ड प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने बताया कि इस तरह की घटना तीन चार बार हो चुका है। लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। अगर प्रशासन के द्वारा पहले ही ठोस कदम उठाया जाता तो इस तरह का घटना नहीं होती। संबंधित विभाग को लिखित आवेदन दे दिया गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच महेंद्र शर्मा ने भी स्थल जांच की और बताया कि शुक्रवार की देर रात करीबन 10 :00 बजे असामाजिक तत्वों के द्वारा बोरिंग में आग लगा दी गई। जिससे 200 सौ घरों में पानी का संकट गहराया है। वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दे दी गई है।

### मुजफ्फरनगर : मकान गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत, 04 घायल

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के ग्राम मिमलाना में अत्यधिक वर्षा के कारण बीती रात एक मकान ढहने से उसके मलबे में दब कर दो बच्चों की मौत हो गयी और 04 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मिमलाना के निवासी आश मोहम्मद का मकान गिर गया। इसका निरीक्षण उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर द्वारा किया गया। इस घटना में आश मोहम्मद के बेटे शोएब (14 साल) और बेटी शना (11 साल) की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायल हो गये। चारों घायलों को पुलिस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। घायलों में आश मोहम्मद की पत्नी सलमा (40 साल) पुत्र शानू (21 साल), जुनैद (10 साल) एवं बेटी कलसुम (05 साज) शामिल हैं। उप जिलाधिकारी सदर परमानंद झा एवं तहसीलदार सदर अभिषेक शाही ने सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया। इन अधिकारियों ने जिला अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

### सारण में पिकअप वैन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, दो घायल

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र में पिकअप वैन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि सतजोड़ा– लखनपुर मुख्य मार्ग पर बेलोर गांव के समीप शुक्रवार की देर रात अनियंत्रित पिकअप वैन की चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। मृतकों की पहचान बेलौर गांव निवासी तसरूद्दीन मियां और समरूद्दीन मियां की पत्नी नासबुन बीबी के रूप में की गयी है। इस दुर्घटना में मोहम्मद हुसैन और रेशमा खातून घायल हो गये। घायलों का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद आज शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### गार्डेनरिच का कारोबारी आमीर खान गिरफ्तार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के गार्डेनरिच थाना इलाके में छापेमारी के दौरान आमिर खान नाम के जिस कारोबारी के घर से 17 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे उसे आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में कोलकाता पुलिस की साइबर सेल टीम ने उसे धर दबोचा है। उसे रिमांड पर लेकर कोलकाता लाया जा रहा है। गत 10 सितंबर को ईडी ने आमिर खान के घर छापेमारी की थी। वहां से 17 करोड़ से कुछ अधिक रुपये मिले थे। इसके बाद से वह फरार था और उसकी तलाश में सुरक्षा एजेंसियां जुटी हुई थीं। अब आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इडी सूत्रों के अनुसार आमिर मोबाइल गेमिंग एप्लीकेशन के जरिए लोगों से ठगी करता था। इसके अलावा हवाला के जरिए गल्फ कंट्रीज में भी उसने करोड़ों रुपये का लेनदेन किया है। पता चला है कि कम से कम 150 करोड़ रुपये का हेरफेर किया गया है।

### गेल इंडिया के गड्ढे में डूब कर पशु चिकित्सक की मौत, सड़क जाम

**बेगूसराय (एजेंसी)।** गेल इंडिया का गैस पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी के लापरवाही के कारण पानी भरे गड्ढे में डूबकर शुक्रवार की रात एक मवेशी चिकित्सक की मौत हो गई। घटना रिफाइनरी सहायक थाना क्षेत्र के गुप्ता–लखमीनिया बांध के सबौरा के नजदीक की है। मृतक चिकित्सक चकबल्ली निवासी रामनिवास सिंह के पुत्र विकास कुमार हैं। घटना से आक्रोशित लोगों ने शनिवार को सुबह चकबल्ली काली स्थान के समीप बीहट–रिफाइनरी रोड को जाम कर दिया।

# गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय बिहार दौरे से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज

**किशनगंज (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दो दिनों के बिहार दौरे से बिहार की सियासत में गर्माहट बढ़ गई है। शुक्रवार को पूर्णिया में एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जहां भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को लोकसभा और विधान सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर कमर कसने का आह्वान किया वहीं, किशनगंज में आम कार्यकर्ताओं से मिलकर बातचीत की और बिहार के सियासी धरातल की सच्चाई जानी। यहां उन्होंने भाजपा के नेताओं को चुनाव जीतने का मंत्र भी बताया। भाजपा विधायकों-सांसदों के साथ बैठक के बाद अमित शाह ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे ये जानना चाहा कि बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इस पर अमित शाह ने कहा कि फिलहाल भाजपा की नजर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर है। बिहार में भाजपा को कम से कम 32 सीटें जीतने की उम्मीद है और उस मिशन को पूरा करने के लिए भाजपा लग गई है।



अमित शाह ने आगे कहा कि बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा इसकी घोषणा लोकसभा चुनाव के बाद होगी और उन्हीं की अगुवाई में चुनाव लड़ा जाएगा। हमें पूरी उम्मीद है कि बिहार में भाजपा अपने बूते पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इसके लिए हमें कोई जल्दबाजी नहीं है। अभी हमारा पूरा फोकस 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर है। अमित शाह ने लालू यादव और नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार और लालू यादव दोनों बिहार को गुमराह कर रहे हैं। नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री पद के रेस वाले सवाल पर कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री की रेस में कहीं नहीं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लोकसभा का चुनाव भी कहीं से नहीं लड़ेंगे। यदि विपक्ष का कोई उम्मीदवार है तो वो राहुल गांधी ही होंगे। नीतीश कुमार के फिर से भाजपा के साथ आने के सवाल पर अमित शाह ने कहा, अब नीतीश कुमार के लिए भाजपा में लौटने के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। नीतीश कुमार ने तो खुद भाजपा का साथ छोड़ा है। अब वापस आने के लिए कुछ छोड़ा भी है क्या? पिछली बार राजद से जब छोड़ कर आए थे तो समझ में आता है, लेकिन हमें छोड़ कर जाना समझ में नहीं आया, अमित शाह से जब ये सवाल पूछा गया कि क्या बिहार में गठबंधन टूटने से पहले आपने नीतीश कुमार से बात की थी? इस पर अमित शाह ने बताया कि हमने नीतीश जी को फोन किया था। पूछा क्या सुन रहा हूं? तो उन्होंने कहा कुछ नही ललन सिंह ऐसे ही बोलते रहते हैं। फिर भी हमने कहा अगर छोड़ रहे हो तो पहले बताना। राजनीति में भी एक कटसी होती है। लेकिन, उन्होंने ने कहा नहीं-नहीं हम कहीं नहीं जा रहे हैं। अमित शाह ने पत्रकारों से वजह बताई कि अन्य राज्यों की तरह बिहार में भारतीय जनता पार्टी क्यों नहीं मजबूत हो पायी। उन्होंने कहा कि बिहार में पार्टी इसलिए ग्रोथ नहीं कर पायी क्योंकि हम हमेशा गठबंधन के मोह में रहे। अब हमारे लिए जहां चुनौती है वहीं एक बड़ा अवसर भी है कि भाजपा बिहार में अकेले दम पर सत्ता में आए। इसे हम हमारे कार्यकताओं की निष्ठा और प्रतिबद्धता से जरूर प्राप्त कर लेंगे।

## पटना उच्च न्यायालय ने सुल्तान पैलेस ध्वस्त किये जाने पर रोक लगाई

**पटना (एजेंसी)।** पटना उच्च न्यायालय ने पॉच सितारा होटल बनाने के लिए ऐतिहासिक सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के फैसले को लेकर उससे (राज्य सरकार से) जवाब मांगा है। साथ ही, अदालत ने 100 साल पुरानी इस इमारत को ध्वस्त किये जाने पर रोक लगा दी। सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के खिलाफ याचिका दायर करने वाले वकील के मुताबिक, अदालत ने बैरिस्टर सर सुल्तान अहमद द्वारा वर्ष 1922 में निर्मित कराये गए इस इमारत को गिराने पर रोक लगाने का आदेश शुक्रवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने के दौरान दिया। पैलेस को ध्वस्त करने के खिलाफ पटना के एक युवा वकील ने जनहित याचिका दायर की थी और यह मामले की पहली सुनवाई थी। उनकी ओर से वकीलों की एक टीम अदालत के समक्ष उपस्थित हुई। अदालत में पेश हुई वकीलों की टीम में शामिल एक अधिवक्ता ने बताया कि पटना स्थित सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के फैसले के खिलाफ 'अमरजीत बनाम भारतीय संघ' शीर्षक से यह याचिका दायर की गई। सुल्तान पैलेस को परिवहन भवन के तौर पर जाना जाता है। अधिवक्ता ने बताया, मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति एस. कुमार की पीठ ने सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने पर रोक लगा दी है। अदालत ने बिहार सरकार को इस बारे में जवाब देने को कहा है कि उसने 100 साल पुरानी धरोहर इमारत ध्वस्त करने का फैसला क्यों किया है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को 'आठ हफ्ते' में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता और वकील अमरजीत (28) ने कहा कि एक न्यायाधीश ने राजस्थान के उदाहरण का हवाला दिया, जहां धरोहर इमारतों का जीर्णोद्धार अलग-अलग उद्देश्यों के लिए किया गया है या उन्हें होटल में तब्दील कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने मध्य जून में घोषणा की थी कि मंत्रिमंडल ने पटना में तीन 'पॉच सितारा होटल' बनाने की मंजूरी दी है, जिनमें से एक होटल वीर चंद पटेल मार्ग पर उस स्थान बनाया जाएगा, जहां सुल्तान पैलेस स्थित है।

## गो-आधारित खेती के माध्यम से धरती माता की उर्वरता को बढ़ाएं : योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार भारतीय गोवंश रहा है। आधुनिक तकनीकि के आने से पहले खेती किसानी से जुड़े पुरातन अध्ययन को देखेंगे तो गोवंश के माध्यम से उत्पादन हमारा किसान लेता रहा है। यह देश जब गुलामी की ओर गया तो धीरे-धीरे भारत की परम्परागत खेती पर प्रहार हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भारतीय नस्ल के गोवंश को बचाएं और गो-आधारित खेती के माध्यम से धरती माता की उर्वरता को बढ़ाने में अपना योगदान दें। शनिवार को वह इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय गो-आधारित प्राकृतिक खेती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की आस्था और धरती माता की सेवा का जो कार्य आचार्य देवव्रत कर रहे हैं उनका सानिध्य पूरे देश को मिल रहा है। धरती माता को बचाने और गौ माता की रक्षा के लिए इस अभियान में लगे सभी कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को हमारी शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए वास्तव में यह कार्यक्रम भारत की आस्था को बचाने का कार्यक्रम है। यह धरती माता को उसके वास्तविक स्वरूप में रखने का अभियान है। योगी ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश माना जाता रहा है। देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता भले ही प्राप्त कर ली हो लेकिन इसके दुष्परिणाम भी हम देख रहे हैं। आज गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पश्चिम के कुछ जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का काम किया है। सरकार हर मण्डी में प्राकृतिक खेती के उत्पाद की खरीददारी व बिक्री की व्यवस्था होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। साथ ही प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों और वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और कृषि राज्य मंत्री बलदेव ओलख ने भी संबोधित किया।

## 'हर घर हर गली, स्वच्छता की हवा चली' के नारों के साथ निकली स्वच्छता रैली

**बेगूसराय।** स्वच्छता समाज की पहली प्रथमिकता हो, इसके बिना विकास की परिभाषा अधूरी है। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत विशेष रूप से कचरा प्रबंधन के लिए चयनित बखरी प्रखंड के राटन पंचायत में शनिवार को स्वच्छता रैली को रवाना करते हुए राटन पंचायत की मुखिया जीबो देवी ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि हमारा पंचायत कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगा, हर घर का कचरा स्टोरेज कर जीवन उपयोगी रसायन तैयार किया जाएगा। उपमुखिया अजित कुमार ने कहा कि स्वच्छता समाज का दर्पण है, स्वच्छता से ही सामाजिक विकास की पहचान हो जाती है। जहां के लोग स्वच्छता को जितना अधिक महत्व देते हैं, वहां विकास की रफ्तार उतनी ही अधिक होती है, इसके साथ ही लोगों को बेहतर माहौल में रहने का सुख भी मिलता है। कचरा प्रबंधन पर्यवेक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा कि इस रैली के माध्यम



से आम जनता को अपने अगले-बगल साफ-सफाई रखने का संदेश दिया जा रहा है। गंदगी के साथ बीमारी का अहम कारण कूड़ा-कचरा भी है। इसलिए सरकार द्वारा राटन पंचायत में घर-एवं बाहर का कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पहल किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार को गिला एवं सूखा दोनों कचरा के लिए अलग-अलग पात्र दिया जा रहा है। जिसमें सभी लोग अपने घर का सूखा एवं गिला कचरा रखेंगे। प्रत्येक दिन स्वच्छता कर्मी द्वारा वार्ड स्तर पर जमा करके पंचायत स्तर के वाहन से कचरा पंचायत स्तरीय स्टोर में पहुंचाया जाएगा। रैली नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति मुहल्ला के बच्चों द्वारा निकाली गई थी। इस दौरान विद्यालय प्रधान शमशेर सिंह एवं शिक्षक बौएलाल महतो ने कहा कि इस पंचायत में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू किया जाना सराहनीय कदम है। इसपर विद्यालय में भी बच्चों पर विशेष रूप से शिक्षा देते हैं। इस दौरान स्वच्छताकर्मियों द्वारा विभिन्न वार्ड में रैली के पीछे-पीछे सड़क पर झाड़ू लगाया गया। रैली में मुखिया प्रतिनिधि सुरेश राम, सरपंच प्रतिनिधि बाला पासवान, पूर्व सरपंच जयकांत यादव एवं समाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र जीतू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस दुर्घटना में दो ईरानी पर्यटक समेत तीन घायल

**17 सवारियों को लेकर नोएडा से आगरा जा रही थी बस**

**मथुरा (एजेंसी)।** दिल्ली से आगरा की तरफ आ रही ईरानी सैलानियों की मिनी बस शनिवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर आगे चल रहे वाहन से टकरा गयी। दुर्घटना में बस चालक, तीन विदेशी पर्यटक घायल हो गए। इन सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। ईरानी सैलानियों का ये दल आगरा घूमने आ रहा था। यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 81 के समीप कोतवाली सुरीर क्षेत्र में शनिवार सुबह पांच बजे नोएडा से आगरा की तरफ जा रही मिनी बस ने आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस चालक दशरथ को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। हादसे में बस में सवार तीन लोग घायल हो गए। जिनमें चालक दशरथ लाल एवं ईरान की रहने वाली विदेशी 30 वर्षीय महिला इलहान, 35 वर्षीय आपसिन व एलहम जौके हैं। जबकि अन्य सवारियां सुरक्षित



हैं। टोल चौकी प्रभारी रजत दुबे ने बताया कि मिनी बस में कुल 17 विदेशी सवारियां सवार थीं। जिसमें आगे बैठने वाले चालक के अलावा तीन लोग घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए मथुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद एलहम जौके की छुट्टी कर दी गयी, जबकि शेष का इलाज अस्पताल में चल रहा है। अन्य सैलानियों को गंत्वय के लिए रवाना कर दिया गया है।

## नीतीश मंत्रिमंडल में अक्टूबर बाद शामिल हो सकते हैं वामपंथी दल : भाकपा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वामपंथी दल अक्टूबर के बाद मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पांडे ने शनिवार को बताया कि अक्टूबर के बाद सभी वाम दल नीतीश मंत्रिमंडल शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में सभी वाम दलों में शीर्ष स्तर पर चर्चा चल रही है। श्री पांडे ने कहा कि भाकपा नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल होने को तैयार है। पार्टी की बिहार इकाई ने इस संबंध में निर्णय लिया है और केंद्रीय नेतृत्व को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव भी भेजा है। इसपर भाकपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई से बिहार में अन्य वाम दलों के साथ समन्वय करने को कहा है ताकि इस मुद्दे पर सभी का रुख साझा रहे। भाकपा के राज्य सचिव ने कहा कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाकपा पूरी मजबूती के साथ श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार को अभी बाहर से समर्थन दे रहे हैं लेकिन इन दलों में सिर्फ स्तर पर इस बात पर गंभीरता से विचार हो रहा है कि उनके दल के प्रतिनिधि भी नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल हों। श्री पांडे ने कहा कि उनकी पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 14 से 18 अक्टूबर तक विजयवाड़ा में होने वाला है। उन्होंने कहा कि इसी अधिवेशन में नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल होने का अंतिम निर्णय लिए जाने की उम्मीद है। भाजपा नेता ने कहा कि नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल होने के मुद्दे पर अन्य वाम दलों का भी रुख एक समान होगा इसको लेकर वह बेहद आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काफी कड़ी मेहनत कर रही है। श्री पांडे ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य के 20 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा की सराहना करते हुए उनसे इसे पूरा करने की मांग की। उन्होंने इसके साथ ही बिहार में सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे किसानों के लिए सरकार से पर्याप्त सहायता देने की भी मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि बिहार हर साल नेपाल से आने वाली नदियों के कारण बाढ़ की विभीषिका झेलता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को नेपाल सरकार से बातचीत कर इस समस्या का स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

### हाथरस में डॉक्टर के आवास पर सीबीआई का छापा

**हाथरस (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ के मोहल्ला बारह सैनी स्थित चिकित्सक डॉ. पंकज गुप्ता के आवास पर शनिवार सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने छापा मारा। सीबीआई ने इस कार्रवाई के बारे में अभी कोई भी जानकारी मीडिया के साथ शेयर नहीं की है। सीबीआई के अधिकारी सुबह करीब साढ़े 07 बजे दो वाहनों में भरकर डॉ. गुप्ता के आवास पर पहुंचे। मोहल्ले में सीबीआई टीम को देखकर हड़कंप मच गया। सीबीआई के अधिकारी पूछताछ और जांच पड़ताल करने लगे। आवास पर करीब तीन घंटे तक दस्तावेज खंगालने के बाद सीबीआई अधिकारियों ने एक महिला को क्लीनिक पर ले जाकर पूछताछ की। विस्तृत खबर की प्रतीक्षा है।

# जिले में खुलेगा 500 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज : तेजस्वी

गोपालगंज ।उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को थावे दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि थावे के आस पास ही 500 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाएं जाएंगें। उन्होंने कहा कि दो साल के अंदर मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगा। थावे मां का कृपा हमारे परिवार के लोगों पर हमेशा से रहा है। हमारे पिता और मां हमेशा यहां आने काम किया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद जब भी आएंगे अपने साथ अपनी पत्नी राजश्री को लेकर आएंगे। एक सवाल के जबाव में कहा कि वह तो पटना में भी नहीं है। वे दिल्ली में है। मंदिर परिसर से में कहना चाहता हूं कि जिले के विकास के लिए 600 करोड़ रुपये का विकास योजनाओं को शुरू करने जा रहे है। थावे के विकास के लिए 97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसमें इको पार्क,




लाईट, सड़क, दुकानें आदि बनाई जाएंगी। उन्होंने सदर अस्पताल को 33 करोड़ रुपये खर्च का मॉडल अस्पताल बनाया जाएगा। जहां 100 बेड का अस्पताल होगा। यह काम भी दो साल में पूरा कर लिया जाएंगा। तेजस्वी ने कहा कि नेशनल हाईवे 27 पर झाझवां के पास बने अस्पताल को ड्रामा सेंटर में बदला जाएगा। ताकि हाईवे पर दुर्घटना ग्रस्त का इलाज हो सकें। इसी प्रकार पथ निर्माण विभाग के साथ साथ अन्य विभागों को मिलाकर आसपास की सड़कों का कायाकल्प किया जाएंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास का कार्य हो रहा है। उनके नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है।एक प्रश्न के सवाल उन्होंने अमित शाह पर कटाक्ष किया कि वे धर्म की बात कर समाज में दंगा फसाद कराने की बात कहते है। बिहार में विशेष पैकेज की बात क्यों नहीं करते। बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करते। चुनाव में नौकरी देने का वादा किया था, क्या हुआ वादा। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार महज दो महीना भी नहीं हुआ कि फटाफट नौजवानों को नौकरी मिलना शुरू हो गया। केवल स्वास्थ्य विभाग में डेढ लाख, शिक्षा विभाग में 2 लाख, एक लाख सिपाही तथा इसी प्रकार अन्य विभागों में नौकारी देने के लिए काम शुरू किया गया है। जबकि महागठबंधन के सरकार बनना अभी दो माह भी नही हुआ है। पत्रकारों के प्रश्न के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि केन्द्र में 8 साल के भाजपा की सरकार है। सबेया हवाई पट्टी से उड़ान नहीं हो रहा है। इसका जवाब मोदी सरकार से पूछिए। मेरे पिता लालू प्रसाद के नाम से भाजपा डरती है। गोपालगंज का विकास भाजपा इसलिए नहीं करती है कि लालू प्रसाद का गोपालगंज घर है। सबेया एयरपोर्ट से दिल्ली सहित अन्य जगहों के लिए उड़ान रहती तो यहां का विकास होता। उप मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल में बारिश के बीच हेलीकॉप्टर से पहुंचे। जहॉ सड़क मार्ग से होते हुए बारिश में ही दुगार्मंदिर पहुंचे। बारिश होने के कारण कुछ समय तक मंदिर कार्यालय में रुके रहे।उसके बाद दुर्गा मां का पूजा अर्चना किये।जहां वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पुजारियों ने उप मुख्यमंत्री का पूजा कराया। उन्होंने अपने समर्थकों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

## भागलपुर में भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन तस्करों के साथ भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप को पकड़ा है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शुक्रवार को बताया कि झारखंड से बांका के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप के आने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष की अगुवाई में गठित पुलिस की टीम ने डीआरआइ के सहयोग से इस थाना क्षेत्र में देवघर- सुल्तानगंज मार्ग पर शुक्रवार की शाम विशेष वाहन तलाशी अभियान चलाया और सुधा दूध का स्टीकर लगे एक गाड़ी से कार्टन में रखे करीब तीन हजार 950 बोतल विदेशी शराब जब्त किया। प्रभात ने बताया कि मौके पर से तीन शराब




तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी पहचान अमन कुमार, आनन्द मोहन तथा बब्लू सिंह के रूप में हुई है। उक्त शराब तस्कर बेगूसराय जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं और झारखंड के देवघर से अवैध रूप से शराब के इस खेप को बेगूसराय ले जा रहे थे। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए शराब तस्करों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। वहीं, इस सिलसिले में मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज गैलरी

### फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की भारतीय टीम दोस्ताना मैचों के लिए स्पेन रवाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 11 अक्टूबर से होनेवाले अंडर-17 फीफा महिला विश्व कप की भारतीय टीम अगले सप्ताह दोस्ताना अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने स्पेन रवाना हो गयी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने हालांकि यह नहीं बताया कि किन टीमों के खिलाफ भारत को खेलना है। एआईएफएफ ने कहा कि फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिए ये मैच हो रहे हैं जो भारत में 11 अक्टूबर से शुरू होगा। मैचों का ब्यौरा जल्दी ही दिया जायेगा।

**गोलकीपर** : मेलोडी चानू केशाम, मोनालिसा देवी, अंजलि मुंडा।
**डिफेंडर** : अस्टाम ओराओन, ग्लेडीज जेड, काजल, नकीता, पूर्णिमा कुमारी, वर्षिका, सिल्की देवी, निकिता जूड।
**मिडफील्डर** : बबीना देवी, नीतू लिंडा, शैलजा, शुभांगी सिंह।
**फॉरवर्ड** : अनिता कुमारी, लिंडा कोम, नेहा, रजिया देवी, शेलिया देवी, काजोल डिसूजा, लावण्या उपाध्याय, सुधा टिर्की।

### नेट सेशन में मैंने ऐसे शॉट्स की बहुत प्रैक्टिस की है : दिनेश कार्तिक



**नागपुर (एजेंसी)।** भारत ने बीते दिन नागपुर के मैदान पर बारिश प्रभावित दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। आठ ओवरों के मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 90 रन बनाये थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की ओर से दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर में छक्का और चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी। फिनिशर के रूप में उतरे कार्तिक से जब सवाल पूछा गया कि वह अंत में कैसे बड़े शॉट खेल लेते हैं तो इसका जबाव देते हुए कार्तिक बोले कि मैं काफी समय से इसके लिये अभ्यास कर रहा हूं। नेट्स में खास तौर से मैं इसी तरह के शॉट्स का अभ्यास करता हूं। मैं कोच राहुल द्रविड़ को बताता हूं कि मुझे कैसे-कैसे शॉट्स की प्रैक्टिस करनी है। मैं आईपीएल में आरसीबी के लिए फिनिशर का काम करता रहा हूं और यहां इसे भारत के लिए कर रहा हूं। अक्षर से पहले बल्लेबाजी पर आने पर उन्होंने कहा कि यह स्थिति पर निर्भर करता है।

बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर को पहले मैच में इसलिए आगे भेजा गया, क्योंकि बाएं हाथ का बल्लेबाज लेग स्पिन को अच्छे से खेल सकता है और वह बड़े शॉट लगा सकता था। दिनेश ने कप्तान रोहित शर्मा की 20 गेंदों में नाबाद 46 रनों की पारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पिच पर नयी गेंद के खिलाफ ऐसे शॉट खेलना आसान नहीं होता। यह दिखाता है कि रोहित विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी क्यों हैं। उनकी तेज गेंदबाजी खेलने की क्षमता दुनिया में किसी से कम नहीं और यह बात उन्हें बल्लेबाज के रूप में खास बनाती है। निर्धारित 8-8 ओवर के मैच में दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत दोने को खेलने का मौका मिला। इस पर कार्तिक ने कहा कि हमें आठ ओवर के मैच में चार बॉलर्स की जरूरत थी, लेकिन हमारे पास हार्दिक पांड्या के तौर पर पांच विकल्प थे। हार्दिक पांड्या पर दिनेश बोले कि जब हार्दिक प्लेइंग 11 में होते हैं, तो टीम अच्छी तरह से संतुलित हो जाती है और हम एक अतिरिक्त बल्लेबाज या अतिरिक्त गेंदबाज खिला सकते हैं।

# आईपीएल 2023 : अगले सीजन के लिए 16 दिसम्बर से हो सकती है नीलामी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के लिए इस साल मिड-दिसम्बर में नीलामी रखने की

■ हर टीम का बजट होगा 95 करोड़, चेन्नई ने जडेजा के लिए ठुकराया दिल्ली का ऑफर

योजना बना रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी तारीख इस साल 16 दिसम्बर तय की गयी है। हाल ही में हुई एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान जिन फ्रेंचाइजी को जाहिर तौर पर बीसीसीआई या आईपीएल अधिकारियों से संकेत मिले हैं, उनके बीच आईपीएल के संभावित शेड्यूल को लेकर चर्चा की गयी है। इस बार की नीलामी प्रक्रिया छोटी होगी। इसका वेन्यू अब तक तय नहीं किया गया है। वहीं, लीग की तारीख भी अब तक सामने नहीं आयी हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि होम और अवे फॉर्मेट बहाल होने के बाद अगले साल मार्च के आखिरी हफ्ते में लीग का आयोजन किया जा सकता है। इस बार खिलाडियों की नीलामी के लिए हर टीम के पास 95 करोड़ रुपये का बजट होगा, जो कि पिछले साल से पांच करोड़ रुपये ज्यादा है। इसका मतलब है- हर टीम के पास शुरुआत करने के लिए कम से कम पांच करोड़ रुपये की रिजर्व अमाउंट होगी। टीमों के बजट में बदलाव इस बात पर भी टिका है कि टीम अपने खिलाडियों को रिलीज करती है या ट्रेड।





### जडेजा और सीएसके प्रबंधन के बीच मतभेद की खबरें

आईपीएल 2022 के दौरान जब रवींद्र जडेजा और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मैनेजमेंट के बीच मतभेद की खबरें सामने आयी तो यह अटकलें तेज हो गयी थी कि आईपीएल के अगले सीजन में स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को या तो रिलीज कर दिया जायेगा या उन्हें किसी दूसरी टीम के साथ ट्रेड किया जायेगा। हाल ही में ये बातें भी सामने आयी थी कि सीएसके और जीटी के बीच जडेजा और शुभमन गिल को लेकर ट्रेड किया जा रहा है।

### जडेजा पर सीएसके ने साफ किया अपना रूख

**वहीं,** कुछ और टीमों ने भी जडेजा के ट्रेड के लिए रिक्वेस्ट की थी। जिनमें दिल्ली कैपिटल्स भी शामिल है, लेकिन सीएसके मैनेजमेंट का कहना है कि जडेजा को टीम में न रखने का उनका कोई प्लान नहीं है। यकीनन वो दुनिया के बेहतरीन खिलाडियों में से एक हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि जडेजा के अलावा राहुल तेवतिया और आर. साईं किशोर के ट्रेड के लिए गुजरात टाइटन्स को कई रिक्वेस्ट मिली हैं, लेकिन इस विजेता टीम ने सभी ऑफर ठुकरा दिये हैं। ट्रांसफर/ट्रेड विंडो आईपीएल नीलामी के एक हफ्ते पहले तक खुली रहेगी और नीलामी के एक हफ्ते बाद फिर से खुलेगी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल अब अपने पुराने रूप में लौटने जा रही है यानी की होम-अवे फॉर्मेट में। अब 10 टीमें तय वेन्यू पर खेलती नजर आयेंगी। बीसीसीआई के प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने इस संबंध में स्टेट यूनिट को मेल भी किया है। इसमें कहा गया है कि हम जून महीने में मेंस आईपीएल को 10 टीमों के साथ होम-अवे फॉर्मेट में कराने जा रहे हैं। गांगुली ने स्टेट यूनिट्स को भेजे गये संदेश में कहा, आईपीएल को अगले साल से हम घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर खेलने वाले फॉर्मेट में आयोजित करेंगे। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच अपने तय स्थल पर खेलेंगी।

# पांच साल बाद ऑस्ट्रेलिया से घर में जीती टीम इंडिया

### दूसरा टी-20 मैच छह विकेट से जीता, सीरीज 1-1 से बराबर

**नागपुर (एजेंसी)।** भारत ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज भी 1-1 की बराबरी पर आ गयी है। 25 सितम्बर को हैदराबाद में तीन मैचों की टी-20 सीरीज का निर्णायक मुकाबला खेला जायेगा। मैदान गीला होने की वजह से टॉस में दो घंटे 45 मिनट की देरी हुई। साढ़े छह की बजाय रात नौ बजकर 15 मिनट पर टॉस हुआ, जबकि सात बजे की बजाय साढ़े नौ बजे मैच की शुरुआत हुई। यह मैच आठ-आठ ओवर का कर दिया गया था। पावरप्ले दो ओवर का था और एक गेंदबाज को सिर्फ दो ओवर ही फेंकने थे। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने आठ ओवर में पांच विकेट गंवाकर 90 रन बनाये। मैथ्यू वेड ने 20 गेंदों में 43 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, एरॉन फिंच ने 15 गेंदों में 31 रन बनाये। अक्षर पटेल ने दो विकेट झटके। जवाब में भारत ने 7.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 20 गेंदों में 46 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, दिनेश कार्तिक ने आठवें ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर मैच फिनिश किया। रोहित को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।



**भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच साल बाद हराया :** भारत ने पांच साल बाद ऑस्ट्रेलिया को घरेलू जमीन पर टी-20 मैच में हराया है। पिछली बार भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2017 में टी-20 मुकाबले में हराया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 2019 में विशाखापट्टनम और बेंगलुरु में हुए दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीता था। वहीं, मोहाली में पिछले मैच में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत हासिल की थी। एक जनवरी 2018 से लेकर अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने घरेलू जमीन पर चार टी-20 खेले हैं और सिर्फ एक में जीत हासिल की है। तीन में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही। दूसरे ओवर में टीम ने दो विकेट गंवाये। अक्षर पटेल के इस ओवर की पहली गेंद पर विराट कोहली ने कैमरन ग्रीन का कैच छोड़ा था। इसके बाद तीसरी गेंद पर भरपाई करते हुए ग्रीन को रनआउट कराया। ग्रीन चार गेंदों पर पांच रन बनाकर आउट हुए।

### अक्षर पटेल की फिरकी में फंसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

**चौथे** ओवर में अक्षर पटेल फिर गेंदबाजी के लिए आये और पहली ही गेंद पर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। अक्षर ने टिम डेविड को ओवर की पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड किया। डेविड तीन गेंदों में दो रन बना सके। हालांकि, अक्षर हैट्रिक से चूक गये। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर मैक्सवेल और डेविड को आउट किया। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांचवें ओवर में कप्तान एरॉन फिंच को क्लीन बोल्ड किया। फिंच 15 गेंदों में 31 रन बना सके। चार विकेट गिर जाने के बाद मैथ्यू वेड ने स्टीव स्मिथ के साथ पांचवें विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी निभायी। स्मिथ पारी की आखिरी गेंद पर रन आउट हो गये। वेड 20 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में वेड ने चार चौके और तीन छक्के लगाये। वहीं, स्मिथ पांच गेंदों में आठ रन बनाकर आउट हुए।

# यशस्वी जायसवाल ने किया डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड बराबर



**कुन्नूर (एजेंसी)।** भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अपने करियर के शुरुआत में शानदार लय दिखा रहे हैं। दलीप ट्रॉफी के फाइनल में वेस्ट जोन की ओर से खेल रहे जायसवाल ने दूसरी पारी में 265 रन बनाए और इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन का एक यूनीक रिकॉर्ड भी बराबर कर लिया। जायसवाल के अब 7 प्रथम श्रेणी मैचों में 1015 रन हो गए हैं। उन्होंने सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने में ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। ब्रैडमैन ने 11 जुलाई 1923 को इंगलैंड के खिलाफ खेलते हुए यह रिकॉर्ड बनाया था। तब ब्रैडमैन का करियर मात्र 1 साल 223 दिन लंबा ही था। इस लिस्ट में इंगलैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने 244 दिनों में केवल 12 पारियां खेलकर ही यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली थी। इसके बाद विंडीज के ई. वीक्स का नाम आता है। यशस्वी अब ब्रैडमैन के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। हालांकि उपरोक्त रिकॉर्ड टेस्ट मैचों का है जबकि यशस्वी का अभी तक टेस्ट में डैब्यू नहीं हुआ है। लेकिन प्रथम श्रेणी में खेलने के कारण यशस्वी का यह रिकॉर्ड अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। आंकड़े देखने से साफ पता चलता है किस तरह यशस्वी इन 7 मैचों में 5 शतक लगाने में कामयाब रहे जिनमें से 2 बार उन्होंने 200 से ऊपर स्कोर किया। बता दें कि यशस्वी आईपीएल में भी सक्रिय हैं। उन्होंने अब तक 23 मैच खेलकर 23 की औसत से 547 रन बनाए हैं जिनमें 3 अर्धशतक भी शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक मैच में हर्षल और चहल की फॉर्म पर होगी नजरें

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पिछले मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करनेवाला भारत रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब तीसरा और निर्णायक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगा तो उसकी निगाह अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हर्षल पटेल और युजवेंद्र चहल की फॉर्म पर टिकी रहेगी। भारत ने नागपुर में दूसरे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की, लेकिन उसके लिए अपने गेंदबाजों विशेषकर हर्षल और चहल की फॉर्म चिंता का विषय है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप से पहले इन दोनों को फॉर्म में वापसी करते हुए देखना चाहेगी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी अच्छी खबर है, लेकिन वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की खराब फॉर्म चिंता का विषय है। भुवनेश्वर एशिया कप और फिर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में भी नहीं चल पाये थे। उन्हें दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा मैदान गीला होने के कारण आठ ओवर का कर दिये गये इस मैच में केवल चार गेंदबाजों के साथ उतरना चाहते थे। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है, लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे हुए नहीं दिखे। उन्हें लय हासिल करने के लिए एक दो-मैच और खेलने होंगे। अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के लिए मशहूर इस तेज गेंदबाज ने वर्तमान श्रृंखला में छह ओवरों में 81 रन लुटाये हैं और वह सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए हैं। हर्षल को लेंथ हासिल करने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। भारत बीच के ओवरों में स्पिनरों पर निर्भर है तथा जहां अक्षर पटेल का अच्छा प्रदर्शन उसके लिए अच्छी खबर है, वहीं चहल की खराब फॉर्म चिंता का विषय बना है।



### कप्तान आरोन फिंच ने की टिम डेविड की तारीफ, बोले -

# वह बहुमुखी प्रतिभा का है धनी



**नागपुर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि लंबे शॉट खेलने में माहिर टिम डेविड बहुमुखी प्रतिभा का धनी खिलाड़ी है और वह टी-20 विश्व कप के लिए उनकी टीम को बल्लेबाजी विकल्प प्रदान करता है। सिंगापुर में जन्मे डेविड अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। उन्होंने मोहाली में पहले टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पदार्पण किया था। फिंच ने कहा कि डेविड दुनियाभर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखायी गयी अपनी फॉर्म को टीम से जोड़ता है। वह बल्लेबाजी क्रम में विभिन्न स्थानों पर खेलने में सक्षम है। मैं जानता हूं कि उसने पाकिस्तान सुपर लीग में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी जबकि अन्य टूर्नामेंट में उसने 5वें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा कि हम उसे वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा का धनी खिलाड़ी मानते हैं और एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में उसे देखते हैं जो किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। फिंच ने कहा कि उसके लिये हालांकि निचले मध्यक्रम में उतरना ही आदर्श होगा, क्योंकि शीर्ष क्रम के हमारे बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर आप विश्वकप की हमारी टीम पर गौर करो तो उसमें कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं जैसे कि मैक्सवेल, स्टोइनिस, डेविड, मैथ्यू वेड और स्टीव स्मिथ। हमारे पास कई विकल्प हैं जो वास्तव में बहुत अच्छे हैं।

# आखिरी मैच में राफेल नडाल के साथ उतरे रोजर फेडरर, हार के बाद फुट-फुटकर रो पड़े

**पेरिस (एजेंसी)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने अपने करियर का आखिरी मैच खेला। लेवर कप में फेडरर अपने चिर प्रतिद्वंदी राफेल नडाल के साथ जोड़ी बनाकर कोर्ट में उतरे। इस मैच में उन्हें अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो और जैक सॉक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। दोनों दिग्गजों को 4-6, 7-6, 11-9 से हार का सामना करना पड़ा। इसी हार के साथ फेडरर का टेनिस करियर खत्म हुआ। मैच के बाद फेडरर भावुक हो गये और रो पड़े। करियर के आखिरी मैच में हार का मलाल उनके चेहरे पर साफ दिखा। उन्होंने टेनिस कोर्ट से वहां मौजूद दर्शकों का रोते हुए अभिवादन किया। 20 ग्रैंडस्लैम जीतनेवाले फेडरर ने दो दशक के बाद टेनिस को अलविदा कहा है। 24 साल लंबे अपने करियर में फेडरर ने कई उचाइयों को छुआ और ढेरों रिकॉर्ड कायम किये। घुटने की चोट के चलते फेडरर ने 2021 विंबलडन के बाद एक भी मैच नहीं खेला था। रोजर फेडरर ने अपने टेनिस करियर को अलविदा कहते हुए कहा, 'कहीं न कहीं हम सब इस पल से गुजरते हैं। ये शानदार दिन था। मैं खुश हूं, दुखी नहीं हूं। यहां होना गर्व की बात है। मैं आखिरी बार अपने जूतों के फीते बांधकर बेहद खुश हूं, यहां सब मेरे लिये कुछ आखिरी बार था।' उन्होंने कहा, 'मैंने तनाव नहीं लिया। हालांकि मुझे अहसास था कि कुछ तो होने वाला है, लेकिन मैच शानदार था। राफेल के साथ खेलना और सभी शानदार लोगों और लीजेंड्स का यहां होना बड़ी बात है। आप सभी को शुक्रिया। फेडरर ने कहा कि टेनिस की दुनिया में उनके इस सफर में उनकी पत्नी का सपोर्ट बेहद जरूरी था।

### रोजर फेडरर ने जीते हैं 20 ग्रैंड स्लैम खिताब



**रोजर फेडरर** ने 20 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किये हैं। उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब विम्बलडन के रूप में 2003 में जीता था। अपने करियर के दौरान फेडरर ने छह ऑस्ट्रेलियन ओपन, एक फ्रेंच ओपन, आठ विम्बलडन और पांच यूएस ओपन टूर्नामेंट जीते हैं। पुरुष वर्ग में ग्रैंडस्लैम खिताबों की कुल संख्या के मामले में इस वक़्त फेडरर अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वियों राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच के बाद तीसरे स्थान पर हैं।



## न्यूज गैलरी

### इंडिगो करेगा एक अक्टूबर से तिरुवनन्तपुरम-पुणे के बीच उड़ान शुरू

तिरुवनन्तपुरम। विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन्स एक अक्टूबर से तिरुवनन्तपुरम और पुणे के बीच नयी उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। यह उड़ान सोमवार को छोड़कर हफ्ते के बाकि छह दिन सेवा प्रदान करेगी। उड़ान संख्या 6ई 6951 तिरुवनंतपुरम से रात 11:45 बजे उड़ान भरेगी और पुणे देर रात 1:35 बजे पहुंचेगी जबकि, वापसी में उड़ान संख्या 6 ई 6746 पुणे से देर रात 02:05 बजे उड़कर तिरुवनन्तपुरम तड़के 04:15 बजे पहुंचेगी। इंडिगो की यह सीधी उड़ान सेवा से केरल और तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्से के यात्रियों को मदद मिलेगी। नयी उड़ान के लिए बुकिंग शुरू हो गयी है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर जाने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शनिवार को भी यथावत रहे। देश में पिछले चार महीनों से ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 86.15 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 4.86 प्रतिशत के दबाव के साथ 79.43 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में तीन महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना

नयी दिल्ली। सरकार ने ह्यवर्ष 2022-23 में पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता नामक योजना शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य सरकारों को पूंजीगत निवेश परियोजनाओं के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋणों के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के भाग 5 (ऑप्टिकल फाइबर केबल) के तहत 3000 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान की गई है और यह ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) नेटवर्क पर पूंजीगत परियोजनाओं के लिए राज्यों को उपलब्ध होगी। दूरसंचार विभाग की सिफारिश पर व्यय विभाग ने हाल ही में क्रमश: 50 करोड़, 84 करोड़, 65 करोड़ और 156 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ चार राज्यों यथा उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा और कर्नाटक के प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

### निवेशकों के डूबे 490162 करोड़



मुंबई। शेयर बाजार में मचे कोहराम से आज निवेशकों के 490162.55 करोड़ रुपये डूब गए। बेकाबू महंगाई को नियंत्रित करने के लिए दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर बढ़ाने से वैश्विक बाजार के दो साल के निचले स्तर तक लुढ़कने के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज संसेक्स और निफ्टी डेढ़ प्रतिशत से अधिक गिर गए। इससे निवेशकों के 490162.55 करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को बाजार पूंजीकरण 28154729.34 करोड़ रुपये रहा था लेकिन शुक्रवार को बाजार के 1.73 प्रतिशत टूटने से यह 490162.55 करोड़ रुपये कम होकर 27664566.79 करोड़ रुपये रह गया। यह पिछले तीन सप्ताह का निचला स्तर है। इससे पहले 16 सितंबर को बाजार पूंजीकरण में 618536.3 करोड़ रुपये की एकदिनी गिरावट आई थी और यह 28587358.36 करोड़ रुपये से घटकर 27968822.06 करोड़ रुपये रह गया था।

# रूस की चेतावनी, कीमत सीमा वाजिब न हुई तो रोक देंगे तेल की आपूर्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस ने कहा कि जी-7 देशों की तरफ से प्रस्तावित पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत सीमा वाजिब नहीं होने पर वह वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति रोक देगा। भारत में रूस के राजदूत डेनिस आलिपोव ने कहा, ₹अगर हमें लगता है कि जी-7 देशों की तय की हुई कीमत सीमा वाजिब नहीं है और वह हमें स्वीकार्य नहीं होती है तो हम साफ तौर पर वैश्विक बाजारों को तेल की आपूर्ति रोक देंगे। कीमत सीमा तय करने में अमेरिकी पहल का साथ देने वाले अन्य देशों को भी हम तेल की आपूर्ति बंद कर देंगे। यूक्रेन पर हमला करने के बाद से अमेरिका की अगुवाई में तमाम पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़ी आर्थिक पाबंदियां लगाई हुई हैं। इसके विरोध में रूस ने भी यूरोपीय देशों को तेल एवं गैस की आपूर्ति को काफी हद तक कम कर दिया है। रूस पर सख्ती बढ़ाने के लिए अमेरिका और अन्य विकसित देशों ने उसके पेट्रोलियम



उत्पादों का अधिकतम मूल्य तय करने की बात कही है। रूस को ईंधन निर्यात से मिलने वाली विदेशी मुद्रा पर लगाम लगाने के लिए इस कदम के बारे में चर्चा चल रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर रूसी राजदूत ने कहा कि रूस अपने व्यापार हितों को चोट पहुंचाने वाले किसी भी कदम को स्वीकार नहीं करेगा। आलिपोव ने कहा कि मूल्य दायरा तय किए जाने से वैश्विक बाजारों मे तेल की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी जिससे कच्चे तेल के दाम में खासा उछाल आ सकता है। अमेरिका ने रूसी तेल का मूल्य दायरा तय किए जाने की व्यवस्था

> रूस को ईंधन निर्यात से मिलने वाली विदेशी मुद्रा पर लगाम लगाने के लिए इस कदम के बारे में चर्चा चल रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर रूसी राजदूत ने कहा कि व्यापार हितों को चोट पहुंचाने वाले किसी भी कदम को स्वीकार नहीं करेगा।

का हिस्सा बनने का अनुरोध भारत से भी किया हुआ है। हालांकि भारत ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव का 'सावधानीपूर्वक परीक्षण' करने के बाद कोई निर्णय लेगा। इस बारे में रूसी राजदूत ने कहा, भारत ने इस विचार पर अब तक सजग रवैया अपनाया हुआ है। यह विचार भारत के हितों के लिए लाभदायक नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह माना कि भारत इस तरह की व्यवस्था लागू होने पर अपने हितों के अनुरूप ही कोई फैसला करेगा।

## खाने-पीने सहित केवल पांच कैटेगरी में नकली सामान बनाने वालों ने सरकार को लगाया 58,521 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक रिपोर्ट के अनुसार केवल पांच उद्योगों के अवैध सामानों (नकली सामानों) के कारण सरकार को वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2019-20 में 58,521 करोड़ रुपये का अनुमानित टैक्स नुकसान हुआ। इन पांच उद्योग में मोबाइल फोन, एफएमसीजी-घरेलू और व्यक्तिगत सामान, एफएमसीजी-पैक खाद्य पदार्थ, तंबाकू उत्पाद और मादक पेय शामिल है। जारी फिक्की कमेटी अगेंस्ट स्मगलिंग एंड नकली एक्टिविटीज डिस्ट्रॉयिंग द इकोनॉमी रिपोर्ट के अनुसार दो उच्च विनियमित और टैक्स वाले उद्योग, तंबाकू उत्पाद और मादक पेय से सरकार को कुल टैक्स नुकसान का 49 फीसदी नुकसान इन दोनों पदार्थों से हुआ। हालांकि इनका अवैध व्यापार एफएमसीजी उद्योग की तुलना में काफी कम था। इन क्षेत्रों में टैक्स घाटा 17,074 करोड़ रुपये



> जारी फिक्की कमेटी अगेंस्ट स्मगलिंग एंड नकली एक्टिविटीज डिस्ट्रॉयिंग द इकोनॉमी रिपोर्ट के अनुसार दो उच्च विनियमित और टैक्स वाले उद्योग से सरकार को कुल टैक्स नुकसान का 49 फीसदी नुकसान इन दोनों पदार्थों से हुआ।

(एफएमसीजी पैकेज्ड फूड), 15,262 करोड़ रुपये (मादक पेय), 13,331 करोड़ रुपये (तंबाकू उत्पाद), 9,995 करोड़ रुपये (एफएमसीजी घरेलू और व्यक्तिगत सामान), और 2,859 करोड़ रुपये (मोबाइल फोन) रहा।

### झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन द्वारा नेशनल कैटरर्स डे का आयोजन आज

## कैटरर्स परिवार के मैट्रिक व इंटर के सफल छात्रों को दिया जाएगा प्रतिभा सम्मान पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नेशनल कैटरर्स दिवस का आयोजन रविवार को मोरहाबादी स्थित सुविधा बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को सुविधा बैंक्विट हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से बताया कि इस बार 26 सितंबर को नवरात्रि का शुभारंभ व कलश स्थापना के कारण नेशनल कैटरर्स दिवस का आयोजन एक दिन पूर्व 25 सितंबर को ही करने का निर्णय लिया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों से कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े एसोसिएशन के सदस्यगण शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव व अन्य गणमान्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया जाएगा। तत्पश्चात गेस्ट स्पीकर के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची के डॉ. भूपेश कुमार द्वारा कैटरिंग व्यवसाय के आधुनिकीकरण की महत्ता पर प्रकाश डाला जाएगा। समारोह में विशिष्ट



अतिथि के रूप में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के एसोसिएट रजिस्ट्रार पंकज चटर्जी कैटरिंग व्यवसाय में सर्विस संचालन विषयक व्याख्यान में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालेंगे। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर राज्य के कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के सदस्यों एवं उनके परिवार के मैट्रिक व इंटर में सफल छात्रों को प्रतिभा सम्मान देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों-व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उसके समाधान की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर भी चर्चा होगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के सौजन्य से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मौके पर विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## पाकिस्तान ने "पेरिस क्लब" से कर्ज भुगतान की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट के बीच भीषण बाढ़ की चपेट में आए पाकिस्तान ने समृद्ध देशों के समूह पेरिस क्लब से दस अरब डॉलर के कर्ज की भुगतान अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान इन दिनों भीषण बाढ़ के बाद 3.3 करोड़ से अधिक लोगों के पुनर्वास की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में उसने कर्ज के मोर्चे पर कुछ राहत की उम्मीद लगाई हुई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने एक ट्वीट में कहा, ह्यह्यपाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन की वजह से आई आपदा की वजह से हम द्विपक्षीय पेरिस क्लब लेनदारों से कर्ज राहत का अनुरोध करते हैं। हालांकि हम वाणिज्यिक बैंकों या यूरो में लेनदेन करने वाले कर्जदाताओं से किसी तरह की राहत नहीं मांग रहे और न ही हमें इसकी जरूरत है।

## रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड खरीदेगी अमेरिका की कैलक्स में 20 हिस्सेदारी, लगाएगी 1.2 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल)की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड (आरएनईएल) ने कैलिफोर्निया की कंपनी कैलक्स कॉर्पोरेशन में 1.2 करोड़ डॉलर लगा कर उसकी 20 हिस्सेदारी हासिल करने की विगत शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस अधिग्रहण का लक्ष्य अगली पीढ़ी की सौर प्रौद्योगिकी का विकास करना है और इससे ह्यएडवांस सोलर सेल टेक्नोलॉजी में कंपनी की ताकत बढेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस गुजरात के जामनगर में एक विश्वस्तरीय, एकीकृत विशाल



फोटोवोल्टिक फैक्ट्री स्थापित कर रही है। इस निवेश के साथ ही रिलायंस, कैलक्स के उत्पादों का लाभ उठा सकेगी और अधिक शक्तिशाली और कम लागत वाले सौर मॉड्यूल्स का उत्पादन कर सकेगी। उम्मीद है कि इस सौदे से कैलक्स को भी प्रौद्योगिकी विकास और अमेरिकी के साथ दुनिया भर के बाजारों में पैर जमाने में मदद मिलेगी। विज्ञप्ति के अनुसार कैलक्स, पेरोव्स्काइट-आधारित सोलर

> इस निवेश के साथ ही रिलायंस, कैलक्स के उत्पादों का लाभ उठा सकेगी और अधिक शक्तिशाली और कम लागत वाले सौर मॉड्यूल्स का उत्पादन कर सकेगी।

टैक्नोलॉजी के लिए जानी जाती है। कंपनी उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल बनाती है जो 20 प्रतिशत अधिक ऊर्जा का उत्पादन कर सकती है। 25 साल तक बिजली पैदा कर सकने वाले, इसके सोलर प्रोजेक्ट की लागत भी काफी कम होती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी ने कहा, कैलक्स में निवेश विश्व स्तरीय हरित ऊर्जा निर्माण ईको सिस्टम बनाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

## टाटा टी गोल्ड का फेस्टिव एडिशन सीरीज पेश

**रांची।** टाटा टी गोल्ड ने दुर्गा पूजो के लिए फेस्टिव एडिशन सीरीज को पेश किया है। स्थानीय स्तर पर डिजाइन किये हुए पैक और टी टेबल बुक जिनमें शोला, डोकरा, टेराकोटा, कालीघाट और कृष्णनगर मिट्टी की गुड़ियां यह पश्चिम बंगाल के 5 मशहूर कला प्रकार दर्शाए गए हैं। अपने फेस्टिव पैक डिजाइन्स के जरिए टाटा टी गोल्ड पश्चिम बंगाल के कारीगरों की उत्कृष्ट कला को सम्मानित कर रहा है। बेरहामपुर, मुर्शिदाबाद से शोला आर्ट, डोकरा आर्टिसन विलेज, पुरभा बर्धमान से डोकरा आर्ट, पंचमुरा, बांकुरा से टेराकोटा आर्ट, नया, पिंगला और पछिम मेदिनीपुर से कालीघाट आर्ट और पुतुलपट्टी, घुरनि और कृष्णनगर की कृष्णनगर मिट्टी की गुड़ियां शामिल है। पश्चिम बंगाल के 5 नामचीन मास्टर कारीगरों के साथ विशेष साझेदारी में फेस्टिव पैक्स की इस अनूठी श्रेणी को डिजाइन किया गया है। षष्ठी से दशमी तक पूजो के 5 विशेष दिनों की खुशियों और पर्व के महत्त्व को इनमें दशार्या गया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रेसिडेंट - पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया) पुनीत दास ने कहा कि दुर्गा पूजो के लिए हमारे नए कैम्पेन को बंगाल के कला प्रकारों को सम्मानित करने के बनाया गया है, यह कला प्रकार पूजो के साथ भी बहुत ही करीब से जुड़े हुए हैं।

## आईएफएम से राहत पैकेज पाने के लिए कर्जदाताओं का सहयोगी जरूरी है: श्रीलंका

**नई दिल्ली / कोलंबो।** गहरे वित्तीय संकट का सामना कर रहे श्रीलंका की सरकार ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से बेहद जरूरी राहत पैकेज पाने के लिए श्रीलंका को कर्ज देने वाली संस्थाओं एवं देशों का सहयोग काफी अहम होगा। आईएमएफ ने गत एक सितंबर को श्रीलंका को 2.9 अरब डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। चार साल की अवधि वाला यह कर्ज श्रीलंका को अभूतपूर्व आर्थिक संकट से उबरने में मदद करने के लिए देने का ऐलान आईएमएफ ने किया था। आईएमएफ से राहत पैकेज मिलने से श्रीलंका की क्रेडिट रेटिंग में सुधार आने की उम्मीद है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय कर्जदाताओं एवं निवेशकों का भरोसा भी बढ़ने की संभावना है।

## कर्मचारी-उद्यमियों के इस दौर में असफल हो सकता है कैप्टिव मॉडल : चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि यह कर्मचारी- उद्यमियों का युग है और कंपनियों को अब यह समझना चाहिए कि युवा भारतीय तकनीकी कार्यबल के मस्तिष्क और दृष्टिकोण में संरचनात्मक बदलाव आया है। श्री चंद्रशेखर ने यहां पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के 9वें वार्षिक फोरम में मूनलाइटिंग के मुद्दे पर कहा कि वे दिन लद गए जब कर्मचारियों ने बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ करार किया और नौकरी में ही अपना जीवन बिता दिया। मूनलाइटिंग का मतलब एक समय में एक से ज्यादा नियोक्ताओं के साथ काम करने से है। उन्होंने कहा, आज के युवाओं में आत्मविश्वास की भावना है और अपने कौशल के मुद्रीकरण, ज्यादा मूल्य तैयार करने की इच्छा है। इस प्रकार अपने कर्मचारियों पर बंदिशें



लगाने की कंपनियों की कोशिशें जिससे वह अपने स्टार्टअप पर काम न कर सकें, उनका असफल होना तय है। मूनलाइटिंग से किसी भी संविदात्मक दायित्वों का उल्लंघन नहीं होने की बात पर सहमति जताते हुए उन्होंने कहा, कोई भी कैप्टिव मॉडल यानी बंदिशें लगाने वाला मॉडल फीका पड़ जाएगा। नियोक्ता अपनी सेवा के दौरान कर्मचारियों से उद्यमशील होने की उम्मीद करते हैं। इसी बात को उनके ऊपर भी लागू किया किया जा सकता है। एक ऐसा समय आएगा जहां उत्पाद निमार्ताओं का एक वर्ग होगा जो अपना समय कई परियोजनाओं पर लगाएगा। ऐसी ही वकील या सलाहकार करते हैं। काम

> मंत्र कहा कि कोई भी कैप्टिव मॉडल यानी बंदिशें लगाने वाला मॉडल फीका पड़ जाएगा। नियोक्ता अपनी सेवा के दौरान कर्मचारियों से उद्यमशील होने की उम्मीद करते हैं। इसी बात को उनके ऊपर भी लागू किया किया जा सकता है।

का यही भविष्य है। उन्होंने 2015 में सरकार द्वारा घोषित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) पर एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पदभार संभाला था, उस समय भारत का विनिर्माण क्षेत्र लगभग निष्क्रिय स्थिति में था। श्री मोदी ने पिछले 6-7 वर्षों में पीएलआई और अन्य कार्यक्रमों के साथ व्यवस्थित रूप से विनिर्माण क्षेत्र को इतना मजबूत बनाया है कि दुनिया आज वियतनाम और ताइवान के अलावा भारत को भी प्रौद्योगिकी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में देख रही है।

## मनमोहन सिंह का सम्मान लेकिन यूपीए काल में भारत का थम गया था विकास

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार के वक्त, जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, भारत में आर्थिक गतिविधियां "ठहर₹ गईं थीं और निर्णय नहीं लिए जा रहे थे। भारतीय प्रबंधन संस्थान - अहमदाबाद (आईआईएम-ए) में युवा उद्यमियों और छात्रों के साथ बातचीत के दौरान मूर्ति ने भरोसा जताया कि युवा दिमाग भारत को चीन का एक योग्य प्रतिस्पर्धी बना सकता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, "मैं लंदन में (2008 और 2012 के बीच) एचएसबीसी के बोर्ड में था। पहले कुछ वर्षों में, जब बोर्डरूम (बैठकों के दौरान) में चीन का दो से तीन बार उल्लेख किया गया, तो भारत का नाम एक बार आता था।

# भारत पर फोकस बढ़ाएगी नेस्ले, साल 2025 तक 5 हजार करोड़ रुपए निवेश की योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेस्ले आने वाले समय में भारत पर अपना फोकस बढ़ाने जा रही है और कंपनी ने कहा है कि वो साल 2025 तक भारत में 5000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी नेस्ले के ग्लोबल सीईओ मार्क श्नाइडर ने यह बात कही। वहीं उन्होने कहा कि दुनिया भर में महंगाई को लेकर चिंताएं हैं और इसका कुछ हद तक मांग पर असर पड़ा है लेकिन भारतीय बाजार इस मोर्चे पर काफी बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, ₹हम आर्थिक वृद्धि का जो मजबूत आधार देख रहे हैं, उसके कारण भारत कई दूसरे बड़े बाजारों की तुलना में महंगाई से कम प्रभावित हुआ है। वहीं कोरोना से रिकवरी के मामले में सीईओ ने कहा कि इस मोर्चे पर भारत ने चमत्कारिक प्रदर्शन किया




है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत इस मायने में बेहद फायदेमंद स्थिति में है, हालांकि निश्चित रूप से मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं हैं लेकिन तेजी से बढ़ते मध्य वर्ग और उच्च आय स्तर तक पहुंचने वाले लोगों की तरफ से मांग काफी मजबूत है। श्नाइडर ने कहा कि इस वजह से महंगाई को लेकर पैदा होने वाली चिंताएं काबू में आ जाती हैं। नेस्ले सीईओ ने विगत शुक्रवार को भारत में 2025 तक 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में रिकवरी काफी प्रभावशाली है और ऐसा देश में टीकाकरण की महत्वपूर्ण प्रगति के बिना संभव नहीं था। श्नाइडर ने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने इस मोर्चे पर चमत्कार किया है। उन्होंने कहा कि महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते मुद्रास्फीति और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर चुनौतियां हैं, खासकर खाद्य और

> नेस्ले सीईओ ने विगत शुक्रवार को भारत में 2025 तक 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना की घोषणा की।

पेय क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में अब स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है और सौभाग्य से भारत में नेस्ले जो बेचती है, उसका 99 प्रतिशत स्थानीय रूप से निर्मित होता है। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, हम विटामिन, खनिज और पूरक आहार खंड में विस्तार कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय बाजार के स्वास्थ्य खंड में नेस्ले की यात्रा अभी शुरू हुई है और यह एक बहुत बड़ा अवसर है।

## पेज एक के शेष

### भारत में नहीं...

कार्य भी करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा, राष्ट्रवाद की अन्य अवधारणाओं से अलग है, जो या तो धर्म पर आधारित हैं या एक भाषा या लोगों के सामान्य स्वार्थ पर आधारित हैं। सरसंघचालक ने कहा कि विविधता प्राचीन काल से ही भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा का हिस्सा रही है और हमारे लिये अलग-अलग भाषाएं और भगवान की पूजा करने के विभिन्न तरीके स्वाभाविक हैं। यह भूमि न केवल भोजन और पानी देती है बल्कि मूल्य भी देती है। इसलिए हम इसे भारत माता कहते हैं। हम इस भूमि के मालिक नहीं हैं, हम इसके पुत्र हैं। ये हमारी पुण्यभूमि है, कर्मभूमि है, ऐसे में हम सभी एक हैं। कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि 36 साल से संकल्प संस्था होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रही है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संकल्प द्वारा संकलित पुस्तक भारतीय परिप्रेक्ष्य के अंग्रेजी संस्करण इंडियन पर्सपेक्टिव का भी लोकार्पण किया। पुस्तक को प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है।

### एनडीए में अब...

होगा। साथ ही सभी सांसदों और विधायकों को सूबे की सभी 243 विधानसभा सीटों को टारगेट करना होगा। गृह मंत्री ने बीजेपी नेताओं को सलाह दी कि वे नियमित रूप से बैठकें आयोजित करें और हर दो महीने में एक बड़ी बैठक करें। बारीकी से जाति और सामाजिक समीकरणों को लक्षित करें और हर विधायक-सांसद को कम से कम एक अतिरिक्त विधानसभा सीट पर काम करे।

### 2022 के अंत...

है। रूबिनी को आशंका है कि कई जोंबी संस्थान, बैंक, कॉरपोरेट, शैडो बैंकों (हेज फंड आदि) का वजूद खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया मंदी की चपेट में है तो सरकारों से राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारें पहले से ही अधिक कर्ज में चल रही हैं। रूबिनी इस संकट को 1970 के दशक के हालात की तरह देखते हैं। उनका मानना है कि बड़े पैमाने पर ऋण संकट देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक छोटी मंदी नहीं होनेवाली है। यह गंभीर और लंबे समय तक चलने वाली मंदी होगी।

### व्हाट्स एप्प, स्काइप, जूम...

हैं, जिन्हें इंटरसेप्ट किया जा सकता है। ड्राफ्ट पर सार्वजनिक टिप्पणी की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है। ड्राफ्ट के अनुसार, टेलीकॉम सर्विसेज और टेलीकॉम नेटवर्क के प्रावधान के लिए, एक इकाई को लाइसेंस प्राप्त करना होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण खंड में, बुधवार देर रात जारी किये गये ड्राफ्ट बिल में टेलीकॉम और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स की फीस और जुर्माना माफ करने का भी प्रस्ताव है। इस ड्राफ्ट बिल को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर डाला है। ड्राफ्ट बिल में कहा गया है कि यदि कोई इंटरनेट या टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर लाइसेंस सरेंडर करने की पेशकश करता है, तो ड्राफ्ट में फीस रिफंड का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, केंद्र टेलीकॉम नियम के अंतर्गत किसी भी लाइसेंस होल्डर या रजिस्टर्ड संस्था के लिए एंट्री फीस, लाइसेंस फीस, रजिस्ट्रेशन फीस या कोई अन्य फीस या चार्ज, ब्याज, अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना सहित किसी भी शुल्क को आंशिक या पूर्ण रूप से माफ कर सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### तीन दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे पर जायेंगे अमित शाह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 सितम्बर से जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर आयेंगे। इस दौरान उनका दो रैलियों को संबोधित करने और विकास गतिविधियों की समीक्षा करने का कार्यक्रम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के महासचिव एवं पूर्व मंत्री सुनील शर्मा ने हालांकि कहा कि इस दौरे को विधानसभा चुनाव से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि ह्यचुनाव ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) का विशेषाधिकार है जो एक स्वायत्त संस्था है और चुनाव के समय और तिथियों के बारे में उसे (ईसीआई) फैसला करना है।

### केंद्र के अनेक फैसले गांधीवादी दर्शन पर आधारित : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास का दर्शन एक गांधीवादी विचार है जो हर तरह की राजनीति से परे है। उन्होंने केंद्र सरकार के कई फैसलों का उल्लेख किया जो गांधीवादी दर्शन पर आधारित हैं। उपराष्ट्रपति ने समाज के एक वर्ग के बीच इस धारणा को बहुत खतरनाक रुझान के रूप में वर्णित किया, जिसके तहत लोग मानते हैं कि केवल वही दर्शन सही है जिसमें वे विश्वास करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि गांधी जी सबकी बात को सुनते थे।

### शिक्षा के नाम पर ढोल पीट रही है केजरीवाल सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार पर शिक्षा के नाम पर सिर्फ ढोल पीटने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि यह सरकार जिसे शिक्षा का मॉडल कह कर की प्रचारित कर रही है वह सिर्फ लीपापोती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में पहले की तुलना में न नये स्कूलों की संख्या बढ़ी है, न छात्रों की संख्या बढ़ी है और ना ही अध्यापकों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि 1998-99 में दिल्ली सरकार के 12वीं के रिजल्ट में 64 प्रतिशत बच्चे पास होते थे, लेकिन 2013-14 में यह बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया यानी 25 प्रतिशत परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई, लेकिन तब किसी मॉडल की बात नहीं हुई। उसके बाद जब रिजल्ट सात प्रतिशत बढ़ा तो इसे मॉडल कह कर प्रचारित किया जाने लगा।

# पीएफआई के नेटवर्क को जड़ से खत्म करना चाहती हैं एजेंसियां

## संगठन के खिलाफ कार्रवाई को एनआईए ने 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' का दिया है नाम



### ईडी का खुलासा : पीएफआई ने रची थी पटना में पीएम मोदी पर हमले की साजिश

**प्रवर्तन** निदेशालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर एक सनसनीखेज खुलासा किया। ईडी ने दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को टारगेट करने की योजना बनायी थी। इसके लिये पीएम मोदी के पटना दौरे पर हमला करने के लिए ट्रेनिंग कैंप भी लगाया गया था। जानकारी के अनुसार, 12 जुलाई को पटना में रैली में विस्फोट की तैयारी की थी। इसके लिये पीएफआई का टेरर मॉड्यूल खतरनाक हथियारों और विस्फोटकों जुटाने में लगा हुआ था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी ने गुरुवार को केरल से गिरफ्तार पीएफआई सदस्य शफीक पायेथ के खिलाफ अपने रिमांड नोट में सनसनीखेज दावा करते हुए कहा है कि इस साल 12 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पटना यात्रा के दौरान, संगठन ने उन पर हमला करने के लिए साजिश रची थी और इसके लिये एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। गौरतलब है कि अक्टूबर 2013 में पटना के गांधी मैदान में पीएम मोदी की रैली में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। वहीं, ईडी और एनआईए ने एक साथ कई राज्यों में पीएफआई के देशभर के विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे जिसमें 100 से भी अधिक लोगों को गिरफ्तार किया।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ इस हफ्ते की शुरुआत में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की तरफ से चलाये गये अबतक के सबसे बड़े अभियान को एजेंसी ने 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' नाम दिया है। न्यूज एजेंसी आईएनएस ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। पीएफआई अपनी हिंसक और संदिग्ध गतिविधियों की वजह से एनआईए की रडार पर थी और अब एजेंसियां इसके पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करना चाहती हैं। एनआईए ने 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' में लगाये गये सभी 300 अधिकारियों को छापेमारी के दौरान चुप रहने के लिए कहा था। इस ऑपरेशन के तहत 100 से अधिक पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और लगभग 200 को हिरासत में लिया गया। ईडी और एनआईए ने जांच के दौरान पाया है कि पीएफआई के सदस्य देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। 15 राज्यों की 90 से ज्यादा जगहों पर पीएफआई के शीर्ष नेताओं और सदस्यों के घरों और दफ्तरों पर यह छापेमारी हुई थी।

कार्रवाई में एनआईए के अलावा ईडी और संबंधित राज्यों की पुलिस भी शामिल थीं। ये छापे पीएफआई के खिलाफ दर्ज पांच मामलों के सिलसिले में की गयी। आरोप है कि संगठन के सदस्य टेरर फंडिंग में शामिल हैं। वह युवाओं को झांसे में लेकर आंतकी ट्रेनिंग देते थे। एनआईए ने दावा किया है कि आरोपी धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंतकी प्रशिक्षण देने के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित कर रहे थे। जांच एजेंसी ने कहा कि पीएफआई की तरफ से अंजाम दी गयीं आपराधिक हिंसक घटनाओं में कॉलेज के प्रोफेसर का हाथ काटना, अन्य धर्मों को माननेवाले संगठनों से जुड़े लोगों की निर्मम हत्याएं, प्रमुख लोगों और स्थानों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटकों का संग्रह करना आदि शामिल है।

# सीरिया में जहाज समुद्र में पलटा, 86 लोगों की मौत



**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया के पास एक जहाज समुद्र में डूब गया। 23 सितम्बर को जहाज की पहचान हुई। इस हादसे में लेबनॉन और सीरिया के कुल 150 प्रवासी यात्री सवार थे। इसमें से 86 लोगों की डूबने के कारण मौत हो गयी। जहाज में सवार सभी लोग अपना देश छोड़ दूसरे देश में शरण लेने के लिए जा रहे थे। सीरिया की हेल्थ मिनिस्ट्री ने इसकी पुष्टि की। अधिकारियों के मुताबिक जहाज 20 सितम्बर को लेबनान के पोर्ट त्रिपोली के पास मिनेह से रवाना हुआ था। यहीं से प्रवासी जहाज में सवार हुए। 22 सितम्बर को जहाज डूबा। इसमें 86 लोगो की मौत की पुष्टि हुई है और कई लापता है। सभी का सर्च रेस्क्यू चल रहा है। सीरिया की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, मरनेवालों

- लेबनान और सीरिया के प्रवासी थे सवार, कई लोग अब भी लापता

के रिश्तेदार अपनों की पहचान करने के लिए सीरिया आ रहे हैं।

सीरिया के पास डूबे जहाज में खोए हुए लोगो का सर्च रेस्क्यू अभी जारी है। रेस्क्यूअर्स सीरिया के टार्टस के कोस्ट पर पीड़ितों और बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। लेबनान से निकली बोट के पलटने का यह दूसरा मामला सामने आया है। इस साल अप्रैल में लेबनान से निकली बोट में कई लोग सवार हो गये थे। इस कारण प्रवासियों से भरी बोट डूब गयी थी। इसमें एक बच्चे की मौत हो गयी थी और 40 लोगों को रेस्क्यू किया गया था।

# फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ने व पांच दशक की सबसे बड़ी मंदी की आहट से लुढ़कता अमेरिकी शेयर बाजार

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी शेयर बाजार में उठे बवंडर की कीमत दुनियाभर के अरबपतियों को चुकानी पड़ रही है। दुनिया के टॉप 70 अरबपतियों की दौलत में बड़ी गिरावट आयी है। सबसे बड़ी कीमत टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को चुकानी पड़ी है, तो वहीं भारत के गौतम अडानी को भी तगड़ा नुकसान हुआ है।

- दुनिया के टॉप 70 अरबपतियों की दौलत में बड़ी गिरावट

### किसकी कितनी घटी दौलत

**ब्लूमबर्ग** बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक एलन मस्क की दौलत 245 बिलियन डॉलर है और उन्हें 9.03 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। दूसरे नंबर पर काबिज भारत के गौतम अडानी की दौलत 3.50 बिलियन डॉलर से घटकर 142 मिलियन डॉलर पर आ गयी है। अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस को 3.72 बिलियन डॉलर का झटका लगा है और उनकी कुल दौलत 137 बिलियन डॉलर है। वह दुनिया के तीसरे सबसे रईस अरबपति बने हुए हैं।

### मुकेश अंबानी की स्थिति

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 1.77 बिलियन डॉलर कम हो गयी है और वह 85.2 बिलियन डॉलर दौलत के साथ नौवें सबसे रईस अरबपति बने हुए हैं।

### गिरावट की वजह

**अरबपतियों** की दौलत में गिरावट की वजह अमेरिकी शेयर बाजार का क्रैश होना है। दरअसल, फेड रिजर्व की ओर से ब्याज दर बढ़ाये जाने और भविष्य को लेकर भी संकेत दिये जाने से निवेशकों में डर का माहौल है। इस वजह से बीते कारोबारी दिन इंडेक्स-डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज, एसएंडपी 500 और नैस्डैक कंपोजिट में दो फीसदी या इससे ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। आपको बता दें कि शुक्रवार को भारतीय बाजार भी पस्त नजर आये थे। इस वजह से भारतीय अरबपतियों की दौलत घट गयी है।

## कई यूजर्स ने लिखा- जिनपिंग को सेनाध्यक्ष पद से हटाया, लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं

# सोशल मीडिया पर दावा : चीनी राष्ट्रपति हाउस अरेस्ट

**बीजिंग/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट करके चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के हाउस अरेस्ट होने की आशंका जतायी है। स्वामी की तरह ही चीन के सोशल मीडिया यूजर्स भी इस तरह के ट्वीट कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने न तो इसकी पुष्टि की है, न इसका खंडन किया है। पूर्व सांसद ने लिखा- चीन को लेकर एक नयी अफवाह है, जिसकी जांच की जायेगी। क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं? माना जा रहा है कि जब जिनपिंग हाल ही में समरकंद में थे, तब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने सेना के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उसके बाद अफवाह है कि उन्हें



हाउस अरेस्ट किया गया।

**ली कियाओमिंग को नया राष्ट्रपति बनाने का दावा :** ट्विटर पर हैशटैग के साथ शी जिनपिंग पर हजारों की संख्या में ट्वीट किये जा रहे हैं। चीन के भी कई यूजर्स देश में तख्ता पटल की आशंका जताते हुए पोस्ट कर रहे हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शी जिनपिंग को राष्ट्रपति के पद से हटा दिया है और सत्ता अपने हाथ में ले ली है। यह भी कहा जा रहा है कि अब ली कियाओमिंग चीन के नये राष्ट्रपति बनाये हैं। चीन पब्लिक सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के पूर्व वाइस मिनिस्टर को मौत की सजा सुनायी गयी है। पूर्व वाइस मिनिस्टर सन लिजुन पर अपने पद का गलत फायदा उठाने का आरोप था। अपने 20 साल के कार्यकाल के दौरान सन ने 646 मिलियन यूनान (700 करोड़ रुपये) की रिश्वत ली और भ्रष्टाचार फैलाया। चीन की न्यूज एजेंसी ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक सन लिजुन से सभी राजनीतिक अधिकार वापस ले लिये गये हैं और प्रॉपर्टी सील कर दी है। दो साल की सजा के बाद सन पर फिर विचार किया जायेगा। मौत की सजा न देकर उम्रकैद की सजा दी जा सकती है।

### 700 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार

**ग्लोबल** टाइम्स के मुताबिक सन ने 91 मिलियन डॉलर (700 करोड़ रुपए ) के भ्रष्टाचार किया है। यह सब उसने 2001 से इससे पहले सन को स्टॉक मार्केट में घपला करने के आरोप में आठ साल की सजा सुनायी थी। इसके साथ ही अवैध रूप से गन पांच साल की सजा और एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। 2001 से 2020 दौरान सन ने अपने पद पर रहते हुए अपने साथियों को फायदा कराया। सन ने 20 साल में लगभग 700 करोड़ का अवैध कैश और प्रॉपर्टी ली है। इस कारण उसे सजा सुनायी गयी है।

# संवाद और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते

## यूएनएसी में पाकिस्तान को भारत का करारा जवाब

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** भारत में अल्पसंख्यकों और कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा की गयी टिप्पणी के खिलाफ भारत ने अपने 'जवाब के अधिकार' का प्रयोग करते हुए पाकिस्तान के झूठ को दुनिया के सामने उजागर कर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनएसी) की बहस के 77वें सत्र में भारतीय राजनयिक मिजिटो विनिटो ने भारत पर झूठे आरोप लगाने से पहले पाकिस्तान को आत्मनिरीक्षण करने की याद दिलायी।




**सीमा पार आतंकवाद रोके पाकिस्तान :** विंटो ने जोर दिया कि जम्मू और कश्मीर पर दावा करने के बजाय, इस्लामाबाद को सीमा पार आतंकवाद को रोकना चाहिए। विनिटो ने यह भी कहा कि जब अल्पसंख्यक समुदाय की हजारों युवतियों का अपहरण एसओपी के रूप में किया जाता है, तो हम इसके पीछे अंतर्निहित मानसिकता के बारे में क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं।

यह खेदजनक है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए इस सम्मानित सभा का मंच चुना है। उन्होंने कहा कि अपने ही देश के कुकर्मों को छिपाने और भारत के खिलाफ कार्रवाई को सही ठहराने के लिए ऐसा किया है जिसे दुनिया अस्वीकार्य मानती है।

**पाकिस्तान में किया जा रहा जबरन धर्मांतरण, लड़कियों का अपहरण :** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों की ओर वैश्विक समुदाय का ध्यान दिलाते हुए भारतीय राजनयिक ने हिंदू, सिख और ईसाई समुदाय की लड़कियों के जबरन अपहरण और फिर उनके शादी की हालिया घटनाओं का उल्लेख किया। पाकिस्तान के भीतर चलाये जा रहे धर्मांतरण का उन्होंने उल्लेख किया। भारतीय राजनयिक ने कहा कि पाकिस्तान में किया जा रहा यह कुकृत्य यह मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में है, अल्पसंख्यक अधिकारों के उल्लंघन के बारे में है और बुनियादी शालीनता के उल्लंघन के बारे में है।

### सीमापार आतंकवाद का प्रायोजक है पाकिस्तान

**उन्होंने** कहा एक राज्य जो यह दावा करता है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है, वह कभी भी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा। न ही यह भयानक मुंबई आतंकवादी हमले के योजनाकारों को आश्रय देगा और केवल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के दबाव में उनके अस्तित्व का खुलासा करेगा। भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि ऐसा देश पड़ोसियों के खिलाफ अनुचित और अस्थिर क्षेत्रीय दावे नहीं करेगा। यह उनकी भूमि का लालच नहीं करेगा और न ही अवैध रूप से उन्हें अपने साथ एकीकृत करने की कोशिश करेगा।

# इनेलो की रैली 2024 लोस चुनाव के लिए हो सकती है विपक्षी एकता की लांचिंग पैड

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** विपक्षी एकता तथा 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रविवार 25 सितम्बर 2022 की सुबह हरियाणा के फतेहाबाद में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा आयोजित रैली में शामिल होंगे। जहां शरद पवार, उद्धव ठाकरे, चंद्रबाबू नायडू, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव व अन्य प्रमुख विपक्षी नेता भी आमंत्रित हैं। इसके बाद 25 सितम्बर 2022 को ही शाम में नीतीश कुमार व राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। मुलाकात का समय शाम छह बजे तय हुआ है। राजद के एक पूर्व सांसद का कहना है कि कांग्रेस प्रमुख से दोनों नेता देशभर के विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की चल रही कोशिश को और प्रभावी बनाने पर बात करेंगे। हाल ही में भाजपा को झटका देकर राजद के साथ सरकार बना लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब दिल्ली आये थे विपक्ष को एक

- नीतीश, तेजस्वी, अखिलेश, पवार, ठाकरे, नायडू, ममता व अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं का होगा जमावड़ा

मंच पर लाने की कोशिश के तहत ही पांच से सात सितम्बर तक थे। उस समय नीतीश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। उस समय सोनिया गांधी विदेश में थीं। सोनिया गांधी से मुलाकात के पहले 25 सितम्बर 2022 को ही नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हरियाणा के फतेहाबाद में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा आयोजित रैली में भाग लेंगे। इस रैली में शामिल होने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे तथा द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) की एमके. कनिमोझी, सपा के अखिलेश यादव, रालोद के जयंत चौधरी सहित अन्य कई विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इनेलो नेता व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और तेलुगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू सहित कई अन्य बड़े क्षेत्रीय नेताओं को जनसभा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है। चर्चा है कि यह जमावड़ा सफल रहा तो 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकता का लांचिंग पैड हो सकता है।